शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 272 | गुवाहाटी | रविवार, 30 अप्रैल, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

भारत ने बना लिया टाइम बम लिक्विड मार्बल, दुनिया हैरान पेज 3
कांग्रेस मुझे गाली देती रहेगी, मैं जनसेवा करता रहूंगा : प्रधानमंत्री पेज 4
आज व्यापारियों को अपराधियों का कोई डर नहीं : योगी पेज 5
बेरोजगारी और कर्ज के मुद्दे पर विपक्ष की जानकारी अधूरी : मनोहर लाल पेज 8

## घोड़ामारी में गौकुंभ का भव्य शुभारंभ, आज वैदिक महायज्ञ का आयोजन

# आत्मनिर्भर गौशालाओं से ही गौ संरक्षण संभव : राज्यपाल



## रतन शर्मा सम्मानित



**गुवाहाटी ( विभास )।** गौ भारतीय संस्कृति की मूलाधार है। आज जानकी नवमी के दिन गौकुंभ का आयोजन इस बात को दर्शाता है कि सीता और गौ के बिना भारतीय धर्म-दर्शन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। आज घोड़ामारी के महर्षि सद्गुरु सदाफलदेव आश्रम में आयोजित गौकुंभ में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने गौ के महत्व को समझाते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब देश की जनसंख्या 1 करोड़ थी और गायों की पचास करोड़। अब देश की जनसंख्या 140 करोड़ है और गायों की जनसंख्या 15 करोड़ रह गई है। राज्यपाल ने कहा कि जब देश में गायों का अनिवार्य रूप से पालन होता था, तब देश विश्वगुरु और सौने की चिड़िया था। उन्होंने कहा कि गाय जीवित और मृत दोनों अवस्था में उपयोगी है, इसीलिए उसे गौमाता कहा गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा। उन्होंने घोड़ामारी महर्षि धर्मचंददेव गौशाला का उल्लेख करते हुए कहा कि इस गौशाला की विशेषता है कि इसकी प्रबंधन समिति ने गौबर और गौमूत्र के उपयोग के जरिए गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के काम पर बल दिया है। उन्होंने अपने भाषण के क्रम में मारवाड़ी समाज की दानशीलता का जिक्र करते हुए कहा कि इस समाज के अनुदान से देश भर में हजारों गौशालाएं चलती है। इससे पूर्व मंच पर आते ही राज्यपाल ने प्रोटोकाल को दरकिनार कर सद्गुरु स्वतंत्रदेवजी महाराज को अपनी कुर्सी पर बैठाया और कहा कि हमारे देश में राजाओं और नेताओं को नहीं, बल्कि संतों को ऊंचे आसन पर बैठाया जाता है। इससे पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल कटारिया का स्वागत विहंगम योग पूर्वांचल के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, हिंदीभाषी डेवेलॉपमेंट काऊंसिल के अध्यक्ष जुगल किशोर पांडे, कैलाश काछवाल, नारायण खाखोलिया और सागर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सद्गुरु सदाफलदेवजी महाराज और सद्गुरु धर्मचंद्रदेवजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के साथ ही गौशाला, गौ कास्ट मशीन और एंबुलैंस का उद्घाटन किया। साथ ही महर्षि सदाफलदेव रोटरी आई अस्पताल, गौ रिसर्च सेंटर और आध्यात्मिक लाइब्रेरी का शिलान्यस भी किया। इस दौरान सद्गुरुदेव एवं संतप्रवर के अलावा गौशाला के दाताओं में से एक समाजसेवी एवं उद्योगपति रतन शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान रतन शर्मा को राज्यपाल ने उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया। वहीं गौशाला के दूसरे दाता कैलाश लोहिया को गुवाहाटी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इससे पूर्व मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान में विहंगम योगा इंस्टीट्यूट -शेष पृष्ठ दो पर

# जे-वी कंपनी असम को हरित ईंधन आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगी : सीएम

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम गैस कंपनी लिमिटेड और ऑयल इंडिया लिमिटेड ने शनिवार को जनता भवन (असम सचिवालय) में आयोजित एक समारोह में एक संयुक्त उद्यम (ज्वाइंट-वेंचर) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की स्थापना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें असम और त्रिपुरा के कुछ शहरों में प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने और संचालित करने का अधिकार शामिल होगा। जे-वी कंपनी, असम सरकार के स्वामित्व वाली एजीसीएल के पास 51 प्रतिशत शेयर इक्विटी है और शेष 49 प्रतिशत ओआईएल के पास है। इसके अलावा, स्थानीय प्राकृतिक गैस ग्रिड के निर्माण और लखीमपुर, धेमाजी, दरंग में घरेलू और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को पाइप्ड प्राकृतिक गैस प्रदान करेगी। उदालगुड़ी, शोणितपुर और विश्वनाथ चाराली और त्रिपुरा के कुछ जिलों में कुछ समय के बाद कई संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी)



स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने विश्वास जताया कि एजीसीएल और ओआईएल के बीच समझौते पर हस्ताक्षर पिछले कुछ वर्षों से राज्य में औद्योगिक विकास की चल रही प्रक्रिया को एक प्रमुख बल -शेष पृष्ठ दो पर

## गैंगस्टर एक्ट : मुख्तार के बाद अफजाल अंसारी भी दोषी करार

**गाजीपुर।** माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर मामले में गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला आ गया। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार देते हुए दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही कोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को भी दोषी करार किया है। कोर्ट ने अफजाल अंसारी को चार साल की सजा सुनाई है साथ ही एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दो साल से ज्यादा की सजा होने के कारण अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता भी खत्म हो गई। बता दें कि शनिवार सुबह से ही गाजीपुर के एसपी कार्यालय के बाहर न्यायालय जाने वाले मार्ग को बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया गया था। पीएसी और पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी।

# साप्ताहिक कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम सरकार की साप्ताहिक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक आज जनता भवन (असम सचिवालय) में हुई। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मंत्री जयंत मल्ल बरुवा ने बैठक के अंत में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। मंत्री बरुवा ने बताया कि आज की कैबिनेट ने जिला अधिकारियों के लिए नीति तैयार की है। मंत्रिमंडल ने शासन के आधार के रूप में जिलों को बढ़ावा देने और सरकार को लोगों के करीब ले जाने के उद्देश्य से कई नीतियों को मंजूरी दी। इसके मद्देनजर पूरे वर्ष जिला टीमों का रख-रखाव, जिला टीम की संरचना को प्रभावित किए बिना लंबी छुट्टी और आईएएस/एसीएस/एएलएएस अधिकारियों को रिलीज करना जो नियमित स्थानांतरण आदेशों के तहत आगे बढ़ना चाहते हैं। प्रत्येक जिले के एडीसी, उप-विभागीय अधिकारियों, सहायक आयुक्तों की संख्या आकार, आवश्यकता और जटिलता के अनुसार निर्धारित की जाएगी। अर्जित छुट्टी आदि में 60 दिनों से अधिक का लंबा अवकाश प्राप्त करने वाले अधिकारियों के लिए संलग्न/नियुक्ति द्वारा लंबी छुट्टी पर अधिकारियों के स्थान पर नियुक्ति की नीति और उपायुक्त को प्रतिस्थापित किए जाने तक नियमित स्थानांतरण के आदेश के तहत अधिकारियों को रिलीज की प्रक्रिया। इस बीच, कैबिनेट की बैठक में विशिष्ट अवलोकन मापदंडों के आधार पर वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट में दर्ज करने के लिए उपायुक्तों के प्रदर्शन मूल्यांकन की शर्तों पर भी निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने आईएफएएल में ठेका श्रमिकों के वेतन में तीन प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी। कौशल भर्ती -शेष पृष्ठ दो पर

## एनएससीएन-आईएम के चंगुल से असम राइफल्स ने नागरिकों को बचाया



**नगालैंड।** आधी रात को एक साहसिक अभियान में, असम राइफल्स ने डीमापुर में एनएससीएन-आईएम द्वारा फिरौती के लिए बंदी बनाए गए छह नागरिकों को बचाया। बंधकों का 13 से 27 अप्रैल के बीच अपहरण कर लिया गया था और फिरौती के लिए उनके परिवार के सदस्यों से संपर्क किया गया था। जिन एनएससीएन-आईएम कैडरों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें एसएस लेफ्टिनेंट खेनितो असुमी, एस/ओ तोलिवी असुमी, चेकिए गांव, चुमुकेदिमा, एसएस सेकेंड लेफ्टिनेंट नीसन, एस/ओ लेट रोंगनीइग्नक, नुंगसाई गांव, -शेष पृष्ठ दो पर

# मन की बात ने कराया भारत का भारत से परिचय : सर्वे में दावा



**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किया गया *मन की बात* का कार्यक्रम रविवार को अपना शतक पूरा करने वाला है, जिसके लिए देशभर में भाजपा कार्यकर्ता इसे ऐतिहासिक रूप देने के लिए रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। इस बीच एक एक सर्वे सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि इस कार्यक्रम ने भारत का भारत से परिचय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 76 फीसदी भारतीय मीडियाकर्मियों ने माना है कि प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम ने भारत का भारत से परिचय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, करीब 75 फीसदी लोगों का कहना है कि *मन की बात* एक ऐसे मंच के रूप में सामने आया है, जहां लोगों का ऐसे व्यक्तियों से परिचय -शेष पृष्ठ दो पर

## देश के 30 हजार युवा पर्यटन क्लब करेंगे प्रसारण

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पर्यटन मंत्रालय मन की बात की 100वीं कड़ी के मौके पर युवा पर्यटन क्लबों के माध्यम से मन की बात की 100 कड़ी - 100 दिनों की कार्रवाई की एक विशेष पहल शुरू करने जा -शेष पृष्ठ दो पर

# डिब्रूगढ़ के संजय ने 26 प्रमाणपत्रों के साथ बनाया विश्व रिकार्ड




**गुवाहाटी।** डिब्रूगढ़ के रहने वाले संजय दास ने हाल ही में 24 घंटे के अंतराल में 26 सर्टिफिकेट हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 24 घंटे में अधिकतम ऑनलाइन प्रबंधन प्रमाणपत्र के लिए विश्व रिकॉर्ड बनाया और अपना नाम दर्ज कराया। संजय दास ने 29 मार्च, 2023 को रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अलावा उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और असम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। डिब्रूगढ़ के रहने वाले 33 वर्षीय वर्तमान में बैंगलोर में एक आईटी फर्म में काम कर रहे हैं और बीटेक और एमबीए स्नातक हैं। एक ट्विटर पोस्ट में इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## कर्नाटक में चला ईसी का चाबुक

# आचार संहिता के दो हजार मामले मिले 50 फीसदी से ज्यादा ठहराए गए दोषी

**कर्नाटक।** कर्नाटक में 10 मई को चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनाव आयोग चौंकन्ना बना हुआ है। एक अधिकारी ने खुलासा किया है कि राज्य में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन से जुड़े मामलों में 50 प्रतिशत से अधिक दोष सिद्ध हुए हैं। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने कहा कि चुनाव आयोग आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर बारीकी से नजर रखे हुए है। उसी की वजह से ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक उन राज्यों में से एक है जहां सबसे ज्यादा सख्ती बरती गई है। पिछली बार, 2,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। इन सभी पर चार्जशीट किया गया था। अधिकारी ने कहा कि हमारा मानना है कि कर्नाटक में 50 प्रतिशत से अधिक आरोपों को सिद्ध किया गया है। बता दें, चुनाव आयोग के एक अधिकारी मीणा के मुताबिक ये आरोप 2013 से 2019 के बीच हुए चुनावों से जुड़े हैं। आगे बताते हुए मीणा ने कहा कि सभी मामलों में फैसला हुआ है, लेकिन 50 फीसदी से ज्यादा मामलों में सजा हमारे पक्ष में रही है। यह एक बड़ी संख्या है। उन्होंने कहा कि मुझे दूसरे राज्यों के बारे में नहीं पता, लेकिन ऐसा बहुत कम होता है कि चुनाव संबंधी मामलों में सजा हो। अधिकारी ने कहा कि कर्नाटक ने अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग मामलों को सावधानीपूर्वक दर्ज करता है और लोगों को उनके संचालन पर प्रशिक्षण दिया जाता है। मीणा ने कहा कि हम सतर्क हैं। अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे। हम अपनी सीमाओं पर कड़ी चेकिंग कर रहे हैं। साथ ही अंदर चल रही हलचल पर भी नजर रखे हुए हैं। हम स्थानीय स्तर पर भी खुफिया जानकारी जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग अपने मोबाइल एप्लिकेशन *सी वीजील* के माध्यम से जनता का समर्थन मांग रहा है। मीणा के कार्यालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 29 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से कुल 292.06 करोड़ रुपए जब्त किए गए, जिसमें 102.9 करोड़ रुपए नकद, 68.69 करोड़ रुपए की शराब और 76 करोड़ रुपए का 149.31 किलोग्राम सोना शामिल है। अभद्र भाषा के बारे में बोलते हुए मीणा ने कहा कि आयोग इस तरह के किसी भी घटनाक्रम को करीब से देख रहा है और उसने ऐसे पांच मामले दर्ज किए हैं।

# ईडी ने अलग-अलग जगहों पर की कार्रवाई 450 करोड़ से अधिक की संपत्तियां अटैच





**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने अलग-अलग कार्रवाई में धन शोधन रोकथाम कानून के तहत कई कंपनियों, व्यक्तियों की करोड़ों रुपए मूल्य की चल-अचल संपत्तियां अटैच की हैं। एजेंसी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह संपत्तियां करीब 450 करोड़ रुपए की हैं। ईडी ने रोज वैली समूह की कंपनियों और उसके प्रवर्तकों की 250 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अटैच किया है। इस समूह की अबतक अटैच की गई संपत्तियां 1171 करोड़ रुपए से अधिक हो गई हैं। इसके अलावा एजेंसी ने गुप्ता बिल्डर्स एंड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रवर्तकों की 157.7 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां अटैच की हैं। इस कंपनी के खिलाफ की गई कार्रवाई के तहत अब तक 305 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं। इसके अलावा निदेशालय ने हरिद्वार के आरती चैरिटेबल एजुकेशन ट्रस्ट की एससी/एसटी घोटाले में 5.06 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं। इस मामले में एजेंसी अब तक 12.13 करोड़ की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। ईडी ने बताया, दीपक कुमार, रमेश कदेल, उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों की 4.09 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें दीपक कुमार की कंपनी नैना ज्वेलर्स के बैंक खाते और उसकी अचल संपत्तियां शामिल हैं। इसके अलावा निदेशालय ने हरिद्वार के आरती चैरिटेबल एजुकेशन ट्रस्ट की एससी/एसटी घोटाले में 5.06 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं। इस मामले में एजेंसी अब तक 12.13 करोड़ की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। ईडी ने बताया, दीपक कुमार, रमेश कदेल, उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों की 4.09 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें दीपक कुमार की कंपनी नैना ज्वेलर्स के बैंक खाते और उसकी अचल संपत्तियां शामिल हैं।

## श्रमिक दिवस पर 24 घंटे के चक्का बंद का आह्वान

**गुवाहाटी।** ऑल असम मोटर वर्कर्स जॉइंट काउंसिल ने 1 मई को 24 घंटे के चक्का बंद का आह्वान किया है। परिषद ने कहा कि बसों और टैक्सियों सहित सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहन सड़कों से नदारद रहेंगे। परिषद ने मजदूर दिवस के मौके पर होने वाले बंद के मद्देनजर कई मांगों को रखा है। मांगों में मोटर कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का तत्काल कार्यान्वयन और श्रमिक भवन की स्थापना शामिल है। उन्होंने आगे एमवी अधिनियम 1988 में संशोधन करने और श्रमिकों के कल्याण के खिलाफ जाने वाले अधिनियमों को छोड़ने की मांग की।

# वेदों से निकली है भारतीय लोकतंत्र की जड़ें : लोस अध्यक्ष



**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की जड़े वेदों से निकली हैं। प्राचीन वेदों का ज्ञान और लोकतांत्रिक जीवन शैली हमारी ताकत है। बिरला ने शनिवार को अखिल भारतीय वैदिक विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि वेदों ने हमारे महान संतों के ज्ञान के अद्भुत संगम के रूप में अनादि काल से दुनिया का मार्गदर्शन किया है। वेदों ने मानवता को सत्य, न्याय और सदाचार पर आधारित उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का मार्ग दिखाया है। विभिन्न युगों में वेदों पर व्यापक शोध किया गया है और हर बार यह साबित हुआ है कि वेदों में जो कहा गया है वह सत्य है। बिरला ने जोर देकर कहा कि वेद हमारी हर जिज्ञासा का समाधान करते हैं और मानवता के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान भी देते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों से प्राप्त दिशा, ज्ञान और चिंतन संपूर्ण सृष्टि के लिए लाभदायक है। वेदों के वैज्ञानिक पहलुओं का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि वेद और विज्ञान एक दूसरे के विरोधी नहीं हैं। वेदों में जो ज्ञान है बहुत ही वैज्ञानिक और मानवता के लिए उपयोगी है। वेद केवल शास्त्र नहीं हैं, वे हमारी संस्कृति और हमारी जीवन शैली के अंग हैं और यह हमारी जिम्मेदारी है कि ज्ञान का यह सागर हर व्यक्ति तक पहुंचे और उसका लाभ उठाया जाए।

# अमर्त्य सेन के वकीलों ने बेदखली नोटिस पर किया अदालत का रुख

**शांतिनिकेतन।** नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के वकीलों ने बंगाल की बीरभूम जिला अदालत में विश्व भारती के एक नए *बेदखली आदेश* को चुनौती दी है। जिसमें प्रसिद्ध अर्थशास्त्री को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित उनकी पैतृक संपत्ति के अंदर *अतिक्रमित भूमि* का एक हिस्सा खाली करने के लिए कहा गया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने आदेश में सेन को छह मई तक या 19 अप्रैल के प्रकाशित आदेश के 15 दिनों के भीतर कथित रूप से अनधिकृत तरीके से कब्जा की गई भूमि को खाली करने के लिए कहा है। इस दावे का विरोध करते हुए सेन के वकीलों ने शुक्रवार को जिला अदालत का रुख किया और विश्व भारती के आदेश को चुनौती देते हुए बेदखली के आदेश को अवैध करार दिया। सेन के वकील गोराचंद चक्रवर्ती ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, हमने विश्व भारती के अधिकारियों द्वारा जारी आदेश के प्रति अदालत का ध्यान आकर्षित किया है। उनका आदेश अवैध है। हमें यह भी पता चला है कि विश्व भारती ने एक *कैविएट* याचिका (अपना पक्ष सुने जाने के लिए एक याचिका) दायर की है। हमने बेदखली आदेश मामले में दी गई छह मई की समय सीमा से पहले सुनवाई की अपील की है। चक्रवर्ती ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अदालत स्थिति पर विचार करेगी और मामले की शीघ्र सुनवाई करेगी। वकील ने कहा कि बीरभूम कार्यकारी दंडाधिकारी का एक आदेश भी है, जिसमें पुलिस को छह जून तक संपत्ति के संदर्भ में यथास्थिति रखने के लिए कहा गया है, जब वह दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 145 (भूमि या जल से जुड़े विवाद की प्रक्रिया से शांति भंग होने की संभावना हो) से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करेंगे। सेन के केयरटेकर गीतिकांत मजूमदार ने भूमि विवाद के चलते शांति भंग होने की आशंका को लेकर यह याचिका दायर की थी। सेन अभी अमेरिका में हैं और उनके जून में भारत लौटने की उम्मीद है। विश्व भारती के प्रवक्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय को इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि अगर सेन को जबरन बेदखल करने की कोई कोशिश की गई तो वह बुलडोजर को रोकने के लिए सेन के शांतिनिकेतन आवास के बाहर धरना देने वाली पहली व्यक्ति होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं देखना चाहती हूं कि कौन अधिक शक्तिशाली है-बुलडोजर या मानवता।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**धुबड़ी (हिंस)।** धुबड़ी जिले के चापर थानांतर्गत फलिमारी इलाके में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के वक्त वह व्यक्ति धीरबिल में एक खेत में धान की फसल काट रहा था। मृतक की पहचान फलिमारी गांव निवासी सबूर अली (54) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है।

# राज्य में किसानों से पूरे दाम पर खरीदा जाएगा मौसम से खराब गेहूं


## यूपी सरकार का बड़ा फैसला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मार्च महीने में हुई बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान से किसानों की फसलें खराब हो गई। जिस वजह से सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की फसल बिक नहीं रही और जो बिक रही है वो बहुत कम कीमत पर बिक रही है। इसलिए अब यूपी सरकार ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, अब गेहूं को सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाएगा। बता दें कि, राज्य में विभिन्न खरीद एजेंसियों के 5674 क्रय केंद्रों पर 2125 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों से गेहूं खरीदा जा रहा है। मार्च में हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से बड़े पैमाने पर गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई थी। इसलिए यूपी सरकार ने केंद्र से खराब गुणवत्ता के गेहूं को बिना किसी कटौती के एमएसपी पर खरीदने का अनुरोध किया था। केंद्र के मानक के अनुसार अधिकतम 6 फीसदी सिकुड़े-टूटे दाने वाला गेहूं की एमएसपी पर खरीदा जा सकता है। केंद्र ने हाल ही में गेहूं



को सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदने की सहमति तो दे दी थी, पर समर्थन मूल्य में कटौती की शर्त के साथ। दाम में इस अंतर की भरपाई राज्य सरकार करेगी। मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने यूपी के अनुरोध पर 13 अप्रैल को कमतर क्वालिटी का गेहूं भी खरीदने की सहमति दे दी थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि सिकुड़न व टूटन अधिकतम 18 प्रतिशत ही स्वीकार की जाएगी। 6 फीसदी की सीमा से ज्यादा सिकुड़न व टूटन होने पर हर दो फीसदी पर 5.31 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कटौती होगी। केंद्रीय मंत्रालय ने कहा कि गेहूं के दानों की चमक 10 प्रतिशत तक कम होने पर कोई कटौती नहीं होगी।

## राजौरी में हुआ दर्दनाक हादसा, दो जवानों की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हादसा केरी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना तब हुई जब बल की एक एम्बुलेंस सड़क से फिसल गई और खाई में गिर गई। अधिकारियों ने कहा कि सेना की एंबुलेंस नियंत्रण रेखा के पास डुंगी गाला के पास उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई जब उसके चालक ने तेज मोड़ पर नियंत्रण खो दिया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एंबुलेंस चालक और एक जवान की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बचावकर्ताओं ने उनके शवों को खाई से निकाल लिया। पिछले साल दिसंबर में, उत्तरी सिक्किम के पास एक खड़ी ढलान पर वाहन के फिसलने से सेना के 16 जवानों की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। यह वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था। जेमा के रास्ते में, वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## बुर्किना फासो में चरमपंथियों के हमले में 33 सैनिकों की मौत

**बुर्किना फासो।** पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के पूर्वी हिस्से में सेना पर इस्लामिक चरमपंथियों के हमले में 33 सैनिकों की मौत हो गई और एक दर्जन अन्य घायल हो गए। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना के एक बयान के मुताबिक, यह हमला गुरुवार को औगारू के गौरमा प्रांत में हुआ। बयान के मुताबिक, लड़ाई के दौरान सैनिकों ने बड़ी संख्या में आए दुश्मनों का डटकर सामना किया और 40 जिहादी मार गिराए। गौरतलब है कि अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े लड़ाकों ने पिछले सात साल से बुर्किना फासो में हिंसक विद्रोह छेड़ रखा है इस हिंसा में हजारों लोग मारे जा चुके हैं और लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में, बंदूकधारियों ने बुर्किना फासो के उत्तरी हिस्से में कम से कम 40 सुरक्षा बलों की हत्या कर दी थी। इस हमले में दर्जनों अन्य घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने उत्तरी हिस्सों में सुरक्षा बलों पर नागरिकों की बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने नागरिकों की हत्या की गहन और स्वतंत्र जांच की मांग की है।

# पृष्ठ एक का शेष

## गौशालाओं को आत्मनिर्भर...

ऑफ काऊ मैनेजमेंट की ओर से रितेश मिसरुफ, जीतू बोरा, प्रेम झंवर और जोगेंदर गुप्ता ने स्वागत किया। वहीं गिरधर सोनी और राजकुमार शर्मा ने सद्गुरुदेव, दीनदयाल असोपा और राजीब जैन ने संतप्रवर, सुनील पाटनी और रमेश गाड़ोदिया ने जेके पांडे, धर्मेंद्र अग्रवाल और नेहा सिंह ने सांसद पल्लव लोचन दास, रामरतन पांडिया और मनोज अग्रवाल ने विधायक पृथ्वीराज राभा, सुनील अग्रवाल और पवन पारीक ने कृष्ण कमल तांती, राजेश जालान और जीतू बोरड ने जिला उपायुक्त देबू मिश्र और भरत टिबरेवाल व रमेश अग्रवाल ने रतन शर्मा का अभिनंदन किया। मौके पर तेजपुर के एसपी सुशांत विश्व शर्मा का अभिनंदन मुकुल बोथरा एवं सुरेंद्र अग्रवाल ने किया, जबकि एंबुलैंस के दाता मुकेश मौर का अभिनंदन निलेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रप्रकाश शर्मा ने किया, जबकि स्वागत भाषण संतप्रवर और राज्यपाल का परिचय दिनेश पारीक ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष सुशील गोलछा ने दिया। मौके पर चेतना लेडीज क्लब और मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा ने भी राज्यपाल का अभिनंदन किया। साथ ही राज्यपाल ने विभिन्न सेवाओं के लिए गौकुलचंद-पुष्पादेवी अग्रवाल, भगवानीदेवी मौर चैरिटेबल ट्रस्ट, कैलाशचंद प्रकाशचंद काबरा, लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी सिटी, शंकुतला सर्राफ, बिपुल सैकिया, प्रेम झंवर, बसंत सुराणा, निलेश अग्रवाल, पारसमल महेंद्र कुमार, जयनारायण भाटी, धर्मेंद्र भाटी, किशनलाल व्यास पारीक, प्रदीप टिबरेवाल, विनोद बगड़िया, रुचि दुग्गड़, जयप्रकाश गोयनका, नथमल टिबरेवाल एवं पूनमचंद मालू का संस्था की ओर से अभिनंदन किया गया। शाम को कलश यात्रा, दिव्य वाणी और सद्गुरु अभिषेक का आयोजन हुआ। करीब तीन हजार श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**लोगों ने राज्यपाल के विनम्रता को सराहा :** घोड़ामारा कुंभ में आज राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने लीक से हटकर भारतीय संस्कृति की महानता और अपनी विनम्रता का प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। मालूम हो कि राज्यपाल कटारिया जैसे ही गौशाला का उद्घाटन कर सद्गुरु स्वतंत्रदेवजी महाराज के साथ मंच पर पहुंचे उन्होंने राज्यपाल के लिए आरक्षित कुर्सी पर सद्गुरु स्वतंत्रदेवजी महाराज को बिठा दिया। राज्यपाल कटारिया की इस विनम्रता को देखकर सभी ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें जनता का राज्यपाल बताया। बाद में अपने संबोधन में राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि भारत में सदैव संतों को राजा और राजनेताओं से ऊंचे आसन पर बैठाया गया है। उन्होंने कहा कि सद्गुरुदेव जैसे महान संतों के कारण ही सनातन धर्म की ध्वजा विश्व विजयी होकर लहरा रही है।

## जे-वी कंपनी असम...

प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 करोड़ रुपए की अधिकृत शेयर पूंजी और 100 करोड़ रुपए की प्रारंभिक चुकता पूंजी वाली संयुक्त उद्यम कंपनी आने वाले दिनों में राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि संयुक्त उद्यम कंपनी भारत सरकार के पूर्वोत्तर हाइड्रोकार्बन विजन 2030 के अनुरूप हरित ईंधन आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में राज्य के प्रयास में सहायता करेगी। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने पिछले कई दशकों से राज्य के आर्थिक विकास में ऑयल इंडिया लिमिटेड की भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने असम और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों में अपनी कमाई के एक हिस्से को फिर से निवेश करने के लिए ओआईएल प्रबंधन की सराहना की, जैसे कि आज समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने भी सौर ऊर्जा उत्पादन जैसे नवीन ऊर्जा क्षेत्रों में प्रवेश के लिए ओआईएल की प्रशंसा की। आज के कार्यक्रम में असम के उद्योग मंत्री बिमल बोरा, लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग मंत्री जयंत मल्ल बरुवा, एजीसीएल के अध्यक्ष बोलिन चेतिया, ओआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ रंजीत रथ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक कैबिनेट की ...

और उद्यमिता विभाग के तहत आने वाले सभी 5 मिनी आईटीआई को अनुबंध कार्य के लिए शुल्क में 3 प्रतिशत की वृद्धि मिली है। इस कदम से 170 संविदा कर्मियों को लाभ होगा। आज की बैठक में, तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को अंतर-मंत्रालयी कार्य के लिए 614.93 करोड़ रुपए प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

## एनएससीएन-आईएम के ...

कांगपोकपी, एसएस लांस कॉर्पोरल मुघाहुतो, एस/ओ लेट शामिल हैं। हेवोटो, तिचिबामी गांव, सुरूहोतो, जुन्हेबोटो, एसएस सार्जेंट चोनपेंथंग मुरी, एस/ओ चेनेथुंग मुरी, वोखा गांव, वोखा, और एसएस सार्जेंट कटोहो येप्थो, एस/ओ लेट खुम्त्सा, थर्ड माइल, डीमापुर। इन गिरफ्तारियों ने एनएससीएन-आईएम की जबरन वसूली की रणनीति को एक बड़ा झटका दिया है। असम राइफल्स ने बमनपुखरी हाउस से व्यक्तियों को बचाया, एक अवैध स्थान जहां एनएससीएन-आईएम इस तरह की नापाक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। बचाए गए लोगों में श्री मुलुतायो केजो, पुत्र पुसाजो, गवर्नमेंट हाई स्कूल, किकरुमा, फेक के हेडमास्टर शामिल हैं, जिनका 25 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया था, श्री अकितो सुमी, पुत्र हिकावी, बर्मा कैंप, डीमापुर, जिनका 27 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया था, राजू गुप्ता, पुत्र रमेश प्रसाद गुप्ता न्यायाधीश बाजार गांव, आरा जिला, बिहार, जिसका 21 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया था, राज कुमार दास, पुत्र माणिक दास, लंका गांव, असम, जिसका 21 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया था, पियार अली, पुत्र अजगर अली, लाहोरिजन गांव, कार्बी आंगलोंग, असम, जिनका 13 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया था, और हुवितो सुमी, पुत्र ओवितो सुमी, हाफ नगार्जन गांव, डीमापुर, जिनका 27 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया था।

## मन की बात ने ...

कराया जाता है, जो जनसामान्य के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के लिए निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने बताया कि संस्थान के आउटरीच विभाग ने इस साल 12 से 25 अप्रैल तक सर्वे किया था। इसमें देशभर के 116 अकादमिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं मीडिया समूहों के कुल 890 पत्रकारों, मीडिया शिक्षकों, मीडिया शोधार्थियों और जनसंचार के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। द्विवेदी ने कहा कि इस सर्वे में करीब 326 महिलाएं एवं 564 पुरुष शामिल थे। सर्वे में शामिल होने वाले 66 फीसदी लोग 18 से 25 वर्ष की उम्र के थे। सर्वे में शामिल लोगों से जब पूछा गया कि ऐसा क्या है इस कार्यक्रम में जिसकी वजह से लोग इसे सुनना पसंद करते हैं तो उन्होंने कहा कि दो प्रमुख कारण हैं एक देश की जानकारी और दूसरा देश के प्रति प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण, जो दर्शकों को इस कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं 63 फीसदी लोगों का कहना था कि वे अन्य माध्यमों की तुलना में यूट्यूब पर मन की बात सुनना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा, 76 फीसदी लोगों का कहना था कि मन की बात में विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनकर उन्हें ऐसा एहसास होता है कि वे भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदार हैं। प्रो. द्विवेदी ने बताया कि सर्वे में यह भी समझने की कोशिश की गई कि प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में चर्चा किए गए किस मुद्दे ने लोगों के जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित किया। इसके जवाब में 40 फीसदी लोगों ने कहा की शिक्षा सबसे प्रभावशाली विषय है, जिसने उन्हें सोचने पर मजबूर किया। वहीं 26 फीसदी लोगों के अनुसार जमीनी स्तर पर काम करने वाले गुमनाम समाज-शिल्पियों से संबंधित जानकारी उनके लिए काफी रोचक रही। अध्ययन में यह भी जानने का प्रयास किया गया कि मन की बात में चर्चा किए गए विषयों के बारे में लोग किनसे ज्यादा बातचीत करते हैं। 32 फीसदी ने बताया कि वे अपने परिवार के सदस्यों से इस बारे में अपने विचार साझा करते हैं। जबकि 29 फीसदी लोगों के अनुसार वे अपने दोस्तों और साथियों से इस विषय पर बातचीत करते हैं। सर्वेक्षण के दौरान एक रोचक तथ्य यह भी सामने आया कि मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए जहां 12 फीसदी रेडियो और 15 फीसदी लोग टेलीविजन का प्रयोग करते हैं, वहीं लगभग 37 फीसदी लोग इंटरनेट बेस्ड प्लेटफॉर्म पर इस कार्यक्रम को सुनना पसंद करते हैं।


## देश के 30 ...

रहा है। इसके साथ युवा पर्यटन क्लबों में रविवार को मन की बात की 100वीं कड़ी का प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समय-समय पर मन की बात में पर्यटन का उल्लेख किया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने अब तक 30,000 युवा पर्यटन क्लबों का गठन किया है। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के सिलसिले में स्कूलों, कॉलेजों, भारतीय होटल प्रबंधन (आईएचएम) संस्थानों में युवा पर्यटन क्लबों की स्थापना शुरू की गई। युवा पर्यटन क्लब का दृष्टिकोण भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र की संभावनाओं से अवगत करना है। क्लब के सदस्य पर्यटन के युवा राजदूत होंगे, जो इस क्षेत्र के विकास में मददगार साबित होंगे। पर्यटन मंत्रालय का युवा पर्यटन क्लबों के माध्यम से कई पहल और गतिविधियां आयोजित करने का प्रस्ताव है। मन की बात की 100वीं कड़ी का जश्न मनाने के लिए युवा पर्यटन क्लबों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के जीवन मिशन के संदेश को प्रसारित करने के लिए लाइव इवेंट शामिल होगा। इसके अलावा इसके तहत युवा पर्यटन क्लबों के 71 लाइट हाउसों का दौरा करेंगे, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री ने मार्च 2021 के अपने मन की बात में किया था।

## डिब्रूगढ़ के संजय ने ...

कहा कि संजय दास ने 29 मार्च 2023 को डिब्रूगढ़ (असम) भारत से 24 घंटे में हासिल किए गए अधिकतम ऑनलाइन प्रबंधन प्रमाणपत्र का विश्व रिकॉर्ड हासिल किया। उन्होंने 24 घंटे में विभिन्न संस्थानों से प्रबंधन से संबंधित 26 प्रमाणपत्र हासिल किए और इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के लिए एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। मैं बहुत लंबे समय से इस रिकॉर्ड पर शोध कर रहा हूं। सर्वे करने पर पता चला कि राज्य स्तर पर 10 दिन में 33 प्रमाण पत्र प्राप्त करने का रिकॉर्ड है। लेकिन केवल इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के पास ही था। फिर मैंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर रिकॉर्ड बनाने की योजना बनानी शुरू की। संजय दास ने कहा कि 29 मार्च को मैंने अपना काम सुबह 3.30 बजे शुरू किया। मुख्य बात यह थी कि एक कोर्स प्राप्त करें और प्रत्येक पाठ्यक्रम में 80 प्रतिशत प्राप्त करें और फिर हम तत्काल प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकें। और 11 बजे तक मुझे कुल 26 सर्टिफिकेट मिल गए। फिर मैंने अगले दिन रिकॉर्ड के लिए आवेदन किया।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **एकादश अध्याय**

**(ब्रह्म-वृक्ष)**

**निःअक्षर अक्षर क्षरा, मन जिव ब्रह्म समाय।**
**है सब में सब से अलग, निःअक्षर सुखदाय॥ 09॥**

**शब्दार्थ :** (समाय) प्रवेश (सुखदाय) सुख देने वाला।

**भाष्य :** अक्षर, क्षर, मन, जीव और ब्रह्म इन सभी तत्वों में निःअक्षर एकरस, परिपूर्ण व्यापक है। ये सभी पदार्थ निःअक्षर के आधार पर ही स्थित हैं। आनंदप्रदायक निःअक्षर परमप्रभु सब में स्थिर हो, सब से अलग है।

**क्षर मन अक्षर में रहे, परम पुरुष है सोय।**
**व्याप्त सकल निर्लेप है, महिमा अगम समोय॥ 10॥**

**शब्दार्थ :** (व्याप्त) व्यापक (निर्लेप) असंग (महिमा) गौरव (अगम) जहां गम नहीं।

**भाष्य :** क्षर, जगत मन और अक्षर में जो व्यापक है, वही परम पुरुष है। वह समस्त जगत में व्यापक हो कर भी असंग है। इसका गौरव प्रकृतिपार अनुभवगम्य है। उस अव्यक्त अनुभव का वर्णन नहीं हो सकता। वहां मन, बुद्धि, वाणी और प्रकृति की गम नहीं अर्थात प्रवेश नहीं हैं।

## स्थानीय लोगों की तत्परता से कछार पेपर मिल से चुराया गया लोहे के सामान बरामद

**हैलाकांदी ( हिंस )।** वर्षों से बंद पड़ी हैलाकांदी जिलांतर्गत कछार पेपर मिल में चोरी का मामला सामने आया है। कछार पेपर मिल से चोरी का सामान पुलिस ने नहीं बल्कि स्थानीय लोगों ने बरामद कर उसे पुलिस को सौंप दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया है कि हैलाकांदी के पांचग्राम पुलिस को इस चोरी की भनक तक नहीं लगी लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से चोरी के समान को बरामद कर लिया गया। घटनाक्रम के अनुसार बीती रात पांचग्राम कछार पेपर मिल में से स्थानीय लोगों ने एक ऑटो (एएस-24एसी-2941) के अंदर पेपर मिल से लोहे के कई सामानों को ले जाते देखा। ऑटो को जाते देख लोगों ने उसे रोक लिया जिसके चलते चोरों के गिरोह और स्थानीय लोगों के बीच झड़प भी हुई। लोगों की भीड़ बढ़ती देख चोर ऑटो को छोड़कर मौके से फरार हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ऑटो समेत मिल से चुराए गए लोहे के सामानों को अपनी कस्टडी में ले लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्षों से बंद पड़ी कछार पेपर मिल में समय-समय पर चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने पुलिस पर मिल की संपत्ति को सुरक्षा देने में नाकाम होने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# भारत ने बना लिया टाइम बम लिक्विड मार्बल, दुनिया हैरान

## पूरी दुनिया ने देखा आइआइटी गुवाहाटी का कमाल





**गुवाहाटी।** भारत ने अब टाइम बम लिक्विड मार्बल बना लिया है जिसको लेकर पूरी दुनिया हैरान है। यह कमाल आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं की एक टीम ने किया है। उन्होंने एक नॉन-स्टिकिंग, नॉन-वेटिंग लिक्विड मार्बल तैयार किया है। पानी में पानी में तैरता है और पूर्व-प्रोग्राम किए गए समय में इसकी सामग्री को जारी करता है। इस शोध को प्रतिष्ठित जर्नल एडवांस्ड फंक्शनल मैटेरियल्स में छापा गया है। इसको लेकर शोधकर्ताओं में से एक का कहना है कि आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने नैनो मिट्टी का उपयोग करके तरल मार्बल विकसित किया है। इसको दवा वितरण और रासायनिक प्रतिक्रियाओं के लिए पूर्व-क्रमादेशित किया जा सकता है। अभी हम पारंपरिक रूप से किसी भी बीमारी के इलाज के लिए, हम टैबलेट, कैप्सूल, सिरप, मलहम आदि के रूप में दवाएं लेते हैं। एक नियंत्रित दवा वितरण प्रणाली वांछित समय पर धीरे-धीरे विशिष्ट साइट पर आवश्यक खुराक देने के लिए एक अधिक कुशल तकनीक है। रिसर्चस के अनुसार दवा को उसके घुलनशील रूप में लोड करना और छोड़ना एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू है- जिसे इस तरल मार्बल से हासिल किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि सामान्य बूंदों के विपरीत, एक लिक्विड मार्बल एक नॉन-स्टिकिंग, नॉन-वेटिंग ड्रॉपलेट है। यह एक छोटी बूंद को महीन हाइड्रोफोबिक कणों यानी पानी को दूर करने वाले कणों के साथ लपेटकर बनाया जाता है। जब पानी के पूल में रखा जाता है, तो तरल मार्बल्स को लुढ़का, निचोड़ा जा सकता है, और यहां तक कि बिना गिराए तैर भी सकता है। प्रकृति में पित्त बनाने वाले एफिड्स शहद के लेप से तरल मार्बल्स बनाते हैं जो वे एक पाउडर मोम में स्रावित करते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि लिक्विड मार्बल्स नरम गोलाकार ठोस होते हैं जिनका उपयोग उनके अंदर के तरल को बदलकर कई अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है। कुछ उदाहरण सेंसर प्लेटफॉर्म, सॉफ्ट रोबोटिक्स, हीलिंग एजेंट, बायोसिस्टम्स आदि के क्षेत्र में हैं। इस खोज के बारे में बताते हुए डॉ. मन्ना ने कहा कि प्रकाश, तापमान, बिजली जैसे उत्तेजना के जवाब में एक तरल संगमरमर से दवाओं की रिहाई की सूचना दी गई है। लेकिन समय-क्रमादेशित रिलीज अभी तक हासिल नहीं हुई थी। हमने जीवनकाल में रासायनिक रूप से संशोधित किया है जो कि पानी के कुंड पर तैरता तरल संगमरमर है।

# भाजयुमो की बरपेटा जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**बरपेटा ( हिंस )।** सरभोग में बरपेटा जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में सांसद एवं मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार पवित्र मार्घेरिटा ने भाग लेते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की विकासपरक योजनाओं पर प्रकाश डाला। सांसद मार्घेरिटा ने ऐतिहासिक रंगघर का पुरातत्व विभाग की ओर से किये जा रहे सौंदर्यीकरण को लेकर राज्य में चल रही चर्चाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। सांसद के अनुसार पुरातत्व विभाग ने देश भर के कुछ सबसे महत्वपूर्ण स्मारकों और पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण करने के लिए कदम उठाए हैं। इससे पहले भी कुतुबमीनार, ताजमहल से लेकर लाल किले तक के स्मारकों का पुरातत्व विभाग सौंदर्यीकरण करा चुका है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के संबंध में भी सांसद ने अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के साथ ही राज्य में डॉ. हिमंत बिस्व सरमा दशकों तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बरपेटा के सांसद अब्दुल खालिक द्वारा कुछ दिन पहले की गई टिप्पणी कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कोलियाबोर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई ही जीतेंगे, के संबंध में सांसद मार्घेरिटा ने कहा कि अब्दुल खालिक के बयान का जवाब देने की जरूरत नहीं है। मार्घेरिटा ने कहा कि रोहिंग्या के माया जाल से निकलकर प्रधानमंत्री मोदी का नाम जपने से खालिक को पुण्य मिलेगा। सरभोग के ब्रजसदन में भाजयुमो जिला कार्यकारिणी बैठक में बीटीआर के कार्यकारी सदस्य गौकम दास और भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष अनूप बर्मन आदि नेताओं ने हिस्सा लिया।

# भूमि विवाद को लेकर हुई झड़प में पिता-पुत्र की मौत



**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिला के लखीपुर थानांतर्गत गौरनगर इलाके में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर मारपीट में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जिला के गौरनगर हातिमुरा गांव में अनवर हुसैन और संतोष अली के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई। संतोष अली के दल द्वारा किए गए हमले में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अनवर हुसैन (40) और राहुल अमीन (18) के रूप में की गई है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर लखीपुर पुलिस और जलेश्वर पुलिस पहुंचकर दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच काफी लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा था। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## गौ मांस के साथ दो लोग गिरफ्तार

**गोलाघाट ( हिंस )।** सरकार द्वारा गौ हत्या तथा गौ मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद राज्य में धड़ल्ले से यह कारोबार चल रहा है। लेकिन, इसको लेकर इतनी गोपनीयता बरती जाती है कि पुलिस को कानो-कान खबर तक नहीं होती। इसी प्रकार राज्य के गोलाघाट जिले के सरूपथार में गौ मांस की बिक्री गोपनीय तरीके से लंबे समय से चल रही थी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर सरूपथार थानाक्षेत्र के दो नंबर पदुमनी गांव में पुलिस ने इनके ठिकानों पर छापामारी की गई । छापामारी के दौरान गौ मांस का पैकेट बना रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इन स्थानों पर लंबे समय से गौ मांस का कारोबार चलने संबंधी खबरें मिला करती थी, लेकिन मौका ए वारदात पर कोई पकड़ा नहीं जा रहा था। यहां गौ मांस का पैकेट बनाकर अन्यत्र ले जाकर बेचने का कार्य हुआ करता था। पुलिस इस संदर्भ में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही है।

# चारीदुआर लोकरा में पशु चिकित्सा दिवस पर पुरस्कार वितरित




**शोणितपुर ( हिंस )।** शोणितपुर जिला के चारीदुआर लोकरा स्थित असम रायफल्स की 21वीं बटालियन मुख्यालय के सौजन्य से बूढ़ा गांव एमवी विद्यालय प्रांगण में पशु चिकित्सा दिवस पर चारीदुआर के पशु चिकित्सकों की उपस्थिति में पशु संरक्षण के क्षेत्र में योगदान देने वाले स्थानीय गांव प्रधान सहित अन्य लोगों को असम रायफल्स ने पुरसकार प्रदान कर सम्मानित किया। इस तरह के कदम का उद्देश्य पशु पालन करने वाले ग्रामीणों को पहले से और अधिक इस क्षेत्र में कार्य करने को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर असम रायफल्स के अधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि धरती पर हर एक जीव एक समान है बस अंतर इतना ही है कि मनुष्य अपने बुद्धि बल से अपना विकास किया है, जिसके कारण मनुष्य सभी जीवों में सबसे बुद्धिमान, सबसे शक्तिशाली है। लेकिन मनुष्य अपने इस बुद्धि और अपनी शक्ति के उपयोग से जीव-जंतुओं को नुकसान भी पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं में अंतर केवल बुद्धि का ही है। बाकी सभी जीवों में एक समान ही जीव होता है। मनुष्य को दर्द होता है तो उन्हें भी दर्द होता है। मनुष्य अपने दर्द को बता सकता है लेकिन जीव-जंतु अपने दर्द को बता नहीं सकते। प्रकृति में मनुष्य के अतिरिक्त जीव-जंतुओं का काफी महत्व है। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों ने लोकरा स्थित असम राइफल्स के जवानों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि समय-समय पर इसी तरह से ठोस कदम उठाए, ताकि हम लोगों को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

## रुपहीहाट में 29 लाख 21 हजार के नकली नोट समेत एक गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिला के रुपहीहाट पुलिस ने भारी मात्रा में भारतीय नकली नोट समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि रुपहीहाट पुलिस ने छापेमारी कर 29 लाख 21 हजार के नकली नोट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रुपहीहाट निवासी रबिकुल इस्लाम (28) के रूप में हुई है। रुपहीहाट के काली स्थान में छापेमारी कर आरोपित के पास से नकली नोट बरामद किया गया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपित से और जानकारी के लिए पूछताछ कर रही है।

## दो मवेशी तस्कर गिरफ्तार 24 गायें बरामद

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिला की सोनताली पुलिस ने तस्करी के जरिए लाई गई 24 गायों को जब्त किया है। पुलिस ने इस संबंध में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। सोनताली पुलिस ने आज बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात चलाए गए छापेमारी अभियान में 24 गायों सहित दो तस्करों को पकड़ा गया है। सोनताली पुलिस ने बरपेटा जिला से ब्रह्मपुत्र नदी को पार करते समय गायों के साथ दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। लंबे समय से तस्कर बरपेटा जिला के विभिन्न हिस्सों से गायों को ब्रह्मपुत्र नदी के रास्ते सोनतली पारघाट पहुंचाते थे, वहां से उन्हें पड़ोसी राज्य मेघालय ले जाते। जहां से गायों को बांग्लादेश में भेज दिया जाता है। गो तस्करी में शामिल और पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों की पहचान महतोली गांव के शिराजुल हक और शेलेसुती गांव के रमेज अली के रूप में की गई है। कामरूप जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बीती रात सोनताली पुलिस टीम ने यह अभियान चलाया था। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर दोनों पशु तस्करों से पूछताछ कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**तिनसुकिया ( हिंस )।** तिनसुकिया जिला के लिड़ू पुलिस थानांतर्गत तिरप-कोलियारी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 38 पर हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई । पुलिस ने शनिवार को बताया है कि दिलीप दास नामक व्यक्ति को तेज रफ्तार बस ठोकर मारने के बाद फरार हो गई । बस की ठोकर से दिलीप दास (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर स्थानीय लोगों ने दिलीप दास को तुरंत मार्घेरिटा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 14 हजार हिस्सों में 28 हजार बूथों पर आयोजित होगा *मन की बात*

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम *मन की बात* के 100वें एपिसोड 30 अप्रैल को पूरा हो जाएगा। अक्तूबर 2014 से प्रसारित होने वाले *मन की बात* के माध्यम से नरेंद्र मोदी देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, राजनीतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों के मुद्दों को जनता के सामने उजागर करते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने *मन की बात* की 100वीं कड़ी को विशेष रूप से आयोजित करने के लिए देश भर में विभिन्न गतिविधियां शुरू की हैं। पूरे देश के साथ-साथ असम में भी *मन की बात* कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। असम सरकार के मंत्री, विधायक, सांसद अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहेंगे और कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इस संबंध में प्रदेश भाजपा के महासचिवों में से एक और 100वें *मन की बात* कार्यक्रम की आयोजन समिति पूर्वोत्तर के संयोजक पुलक गोहाईं ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आम लोगों से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से *मन की बात* कार्यक्रम शुरू किया था। प्रधानमंत्री समाज के विभिन्न स्तरों पर चुपचाप काम कर रही महान हस्तियों, समाज के दायरे में आने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को उपलब्धियों और भावनाओं के रूप में *मन की बात* कार्यक्रम के माध्यम से व्यक्त करते रहे हैं। गोहाईं ने कहा कि भाजपा असम प्रदेश के 28 हजार बूथों को कवर करते हुए राज्य में 14 हजार स्थानों पर 100वां *मन की बात* कार्यक्रम आयोजित करेगी। 50 लाख से अधिक कार्यकर्ता सीधे कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश महामंत्री ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। पुलक गोहाईं ने एक बयान में कहा कि भाजपा का बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक हर कार्यकर्ता राज्य के हर हिस्से में सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तैयार है।

# जैन राजनीतिक मंच ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**गुवाहाटी ( विभास )।** जैन राजनीतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय महामंत्री ललित जैन के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से भेंटकर स्व: निर्मल सेठी की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित *जैन धरोहर दिवस* कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होने के लिए आभार प्रकट करते हुए उनसे स्व: निर्मल जी सेठी के नाम पर गुवाहाटी के एक मार्ग का नाम करने का आग्रह किया। जिससे नई पीढ़ी को उनके द्वारा समाज के लिए किए कार्यों के बारे में जानकारी एवं प्रेरणा मिल सके। शिष्टमंडल ने भगवान महावीर के 2550 वे निर्माण उत्सव के अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में राज्यपाल को शामिल होने का आग्रह भी किया गया। प्रतिनिधिमंडल में जैन राजनीतिक मंच के राष्ट्रीय महामंत्री के साथ उपाध्यक्ष राज पहाड़िया, अशोक चुडीवाल, मनोज काला व रोहित पांड्या शामिल थे।

# मारवाड़ी समाज का बिहू उत्सव का आयोजन आज



**गुवाहाटी ( विभास/होसं )।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में मायुमं गुवाहाटी ग्रेटर शाखा ने लूइत पोरीया बिहू सम्मेलन नाम से मारवाड़ी समाज के सभी घटक संस्था व पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के सहयोग से रविवार को फैंसी बाजार स्थित भगवान महावीर धर्म स्थल में बिहू उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी सादर आमंत्रित हैं तथा सभी के सहयोग एवम उपस्तिथि से ही कार्यक्रम सफल एवम सार्थक होगा। यह बातें पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान ने शुक्रवार को बिहू आयोजन हेतु बुलाई गई संपूर्ण समाज की सभा में कही। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी बिहू उत्सव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और अपने परिजनों, मित्रों, सहयोगी सभी को साथ ले कर आए। होटल ऋतुराज में आयोजित सभा में मंच पर गुवाहाटी ग्रेटर शाखा के अध्यक्ष राम भट्टर, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कैलाश काबरा, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के महामंत्री सुभाष सुराना, गुवाहाटी शाखा के बिहू कमेटी के प्रमुख सलाहकार तथा मायुमं गुवाहाटी शाखा के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष सिकरिया तथा अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मोहित नाहटा उपस्थित थे। सभी मंचासिन पदाधिकारी एवम अन्य सभी संस्थाओं के प्रमुखों ने सभी से कार्यक्रम में अंशग्रहन करने का आग्रह एवम निमंत्रण दिया। कार्यक्रम का विवरण देते हुवे प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान ने बताया की प्रात: 8.30 बजे एकत्रीकरण है, 9.00 बजे पताका उत्तोलन, तत्पश्चात हुसोरी, शहीद तर्पण, संवर्धना अनुष्ठान, बिहू नृत्य,गीत एवम चित्रांकन प्रतियोगिता, संध्या 5 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, उन्होंने आगे बताया की कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. अमरज्योति चौधरी, अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी थानेश्वर मालाकार, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य एवम आर एस एस के संघचालक गुरु प्रसाद मेधी, प्रतिदिन टाइम्स मुख्य संपादक नीतू मोनी सैकिया, सांसद क्वीन ओझा, सांसद दिलीप सैकिया, मेयर मृगेन शरणिया, असम सरकार के संयुक्त सचिव रातुल पाठक को विभिन्न कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने आगे बताया की कार्यक्रम में संबर्धना अनुष्ठान में विशेष रूप से असमिया साहित्य एवम कला जगत में अपना अनुदान देने वाले व्यक्ति को समानीत किया जाएगा इस वर्ष की सूची में डॉ. श्याम सुन्दर हरलाल्का, सांवरमल सांगनेरिया, प्रेम प्रकाश शाह, दुर्गा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, सुरेश गोदुका का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। सांस्कृतिक संध्या में डांस इंडिया डांस लिटिल चैंप उपविजेता आध्यश्री उपाध्याय अपने बिहू नृत्य प्रदर्शन करेगी। वहीं सुविख्यात गायक निलोत्पल बोरा अपनी आवाज की जादू से सभी को मंत्र मुग्ध करेंगे। बैठक का संचालन महामंत्री सुभाष सुराना ने किया, स्वागत भाषण राम भट्टर एवम कैलाश काबरा द्वार, रूप रेखा पंकज जालान द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन शाखा सचिव हितेश चोपड़ा द्वारा दिया गया। सभा में महेश्वरी सभा के अध्यक्ष सीताराम बिहानी, मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) रमेश चांडक, मालूम के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रितेश खटेड, लेखक गोपाल जालान व किशोर काला, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रचार प्रसार समिति के सलाहकार संपत मिश्र, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्या पिंकी बैंगनी, पवन पसारी, राजेश मोर कंचन केजरीवाल, साहित्यकार विनोद रिंगानिया, मायुमं गुवाहाटी सिरोज शाखा की अध्यक्ष ज्योति डागा, दिगंबर जैन महासभा के उपाध्यक्ष अशोक छाबड़ा, पूर्वांचल जाट समाज के कोषाध्यक्ष श्रीचंद ढाका ने अपने संबोधन में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर लुईत पोरिया बिहू सम्मेलन के आकर्षक पोस्टर का भी विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

**NOTICE INVITING BIDS**

No. PDM.2/2023/52 : Due to insufficient numbers of tender bids received against NIT No. PDM.2/2023/6 dtd. 11/04/2023, a fresh NIT is issued inviting intending eligible firms/suppliers in a sealed bid affixing non-refundable court fee stamp of Rs 8.25 (Rupees Eight and twenty-five paisa) only are invited again by the office of the Sub-Divisional Officer (Civil), Parbatjhora, Kazigaon from eligible local Suppliers/Firms for Supply of Gratuitous Relief (Storm/Flood) items by entering into a Rate Contract for the year 2023-24.

Detailed list of the items and relevant terms & conditions of the contract for supply of GR items are listed in the bid document. Intending bidders are requested to carefully go through the detailed bid document, which is available for download online at the official website http: // kokrajhar.assam.gov.in. Alternatively the bid document may be collected from the office of the Sub-Divisional Officer (Civil), Parbatjhora, Kazigaon.

The last date for submission of bid at the office of the Sub-Divisional Officer (Civil), Parbatjhora, Kazigaon is **16/05/2023 up to 1.00 pm.** The bids will be opened on the **same day at 1.15 pm** in the presence of the bidders or their authorized representatives and other interested parties, if any.

**Addl. Deputy Commissioner, I/c, Parbatjhora.**

*-- Janasanyog /C/1691/23*

# कांग्रेस मुझे गाली देती रहेगी, मैं जनसेवा करता रहूंगा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक में अपने चुनाव अभियान की शुरूआत करते हुए कांग्रेस पार्टी पर उनपर किए गए व्यक्तिगत हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गालियां देने में समय नष्ट करती रहेगी और वे जनसेवा में लगे रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने हुमनाबाद कर्नाटक में आज पार्टी की चुनाव रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में अपनी प्रतिद्वंदी पार्टियों कांग्रेस और जेडीएस दोनों पर राज्य के विकास को अनदेखा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामान्य जन के लिए काम करने वालों से नफरत करती है। इसी नफरत के चलते कांग्रेस पार्टी ने उन्हें 91 बार अलग-अलग गालियां दी है। उन्होंने कहा, ह्लकांग्रेस ने देश के दिग्गजों को भी नहीं बख्शा, सबको गाली दी। कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर जी, सावरकर जी का अपमान किया। अब मेरे साथ भी वही कर रहे हैं। मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि कांग्रेस मुझे इन महापुरुषों के समान ह्यउसी पायदानह्व पर मान रही है। वे मुझे गाली देते रहेंगे, मैं देश की सेवा में खुद को समर्पित करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव कर्नाटक को विकसित भारत के अपने सपनों को साकार करने की भूमिका तय करेगा। यह चुनाव केवल 5



साल सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि राज्य को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए है। यह केवल डबल इंजन की सरकार के माध्यम से ही संभव है। कर्नाटक में हाईवे, एक्सप्रेस वे, मेट्रो, वंदे भारत, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हुआ है। पिछले 5 वर्षों में आम लोगों ने विकास की रफ्तार देखी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और जद (एस) किसानों से नफरत करते हैं, और वे किसानों के कल्याण के लिए कभी कुछ नहीं कर सकते। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान के किसानों से किए वादे पूरे नहीं किए हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक के गन्ना किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया था। वहीं भाजपा उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर दूर कर रही हैं।

## दिल्ली के उप राज्यपाल ने मुख्यमंत्री आवास नवीनीकरण मामले पर मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

**अजय कुमार**


**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास के नवीनीकरण पर 45 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाने से जुड़ी खबरों का संज्ञान लिया है। उन्होंने इससे जुड़े दस्तावेज सुरक्षित रखने और मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर पेश करने का आदेश दिया है। उप राज्यपाल ने दिल्ली के मुख्य सचिव से कहा है कि मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान देते हुए और समय की संवेदनशीलता को देखते हुए मामले में सभी प्रासंगिक रिकॉर्ड तत्काल सुरक्षित



किए जाएं। इसके बाद सभी विषयों की जांच कर मामले में एक तथ्यात्मक रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर पेश की जाए। उल्लेखनीय है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के नवीनीकरण पर 45 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। इसको लेकर विपक्षी पार्टी भाजपा मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार और सरकारी धन के बेजा इस्तेमाल का आरोप लगा रही है।

## भारत की कला, संस्कृति और विरासत ने जी-20 के प्रतिनिधियों पर अमिट छाप छोड़ी : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। विचार-विमर्श सफलतापूर्वक चल रहे हैं। भारत की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत ने दुनिया भर के प्रतिनिधियों पर अमिट छाप छोड़ी है। वह लेह में आयोजित दो दिवसीय वाई-20 प्री-समिट के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। ठाकुर ने कहा कि लेह में वाई-20 प्री समिट में भाग लेने वाले लगभग 103 प्रतिनिधि लेह के मठों, संगम और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों से मंत्रमुग्ध हैं और वे फिर से लद्दाख लौटना चाहते हैं। कई लोगों के आयोजन संबंधी भ्रम पैदा किए जाने के बावजूद वाई 20 प्री समिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि लेह प्री समिट के परिणामस्वरूप भाग लेने वाले देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बीच वाई 20 समिट के पांच विषयों पर सहमति बनी है। कौशल से दुबारा लैस करने (रीस्किलिंग) और कौशल को उन्नत करने (अपस्किलिंग) सहित भविष्य की चुनौतियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं। उन्होंने




कहा कि वाई-20 शिखर सम्मेलन युवाओं और विश्व को समान रूप से अपने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संवाद को आकार देने का एक असाधारण अवसर प्रदान कर रहा है। यह कई मायनों में हमारे संबंधित क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान खोजने में लगातार प्रयासरत है। केंद्रीय मंत्री ने युवाओं से नए विचारों की तलाश करने, नवीन संबंधों को विकसित करने और परिवर्तन को लाने के लिए भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वाई-20 की थीम को युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सावधानी से चुना गया है, ताकि वे जी20 के विकास एजेंडे और समग्र रूप से वैश्विक समुदाय का निर्माण कर सकें, इसमें सहयोग दे सकें और इसके लिए योगदान कर सकें। केंद्रीयमंत्री ठाकुर ने समापन समारोह में आजादी की अमृत कहानियां पर दो लघु वीडियो लॉन्च किए। इस अवसर पर मोदी @ 20 पुस्तक का विमोचन भी किया गया। लॉन्च कार्यक्रम में लेह-लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर ब्रिगेडियर (डॉ.) बी.डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में ताशी ग्यालसन, मुख्य कार्यकारी पार्षद और जामयांग सेरिंग नामग्याल, सांसद, लद्दाख भी उपस्थित रहे। यह प्री-समिट 26 से 28 अप्रैल के दौरान आयोजित की गई।

## जंतर मंतर पर सियासी जुटान आखिर इस आदमी को क्यों बचा रही है सरकार : प्रियंका गांधी

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर बीते आठ दिनों से चल रहा महिला पहलवानों का धरना प्रदर्शन राजनीतिक रंग लेने लगा है। एक तरफ एफआईआर दर्ज होने के बाद महिला पहलवान फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें जोश भरने के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी खुद जंतर मंतर पहुंची है। उनके साथ ही हरियाणा कांग्रेस के नेता और सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी जंतर मंतर पहुंचे हैं। पंजाब कांग्रेस के नेता और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू पहले ही जंतर मंतर पहुंचने का ऐलान कर चुके हैं। प्रियंका गांधी ने महिला पहलवानों से मुलाकात के बाद कहा कि किसी को अब तक एफआईआर की कॉपी नहीं मिली है। अभी तक यह भी नहीं पता कि इस एफआईआर में लिखा क्या है। उन्होंने कहा आज जब ये महिला पहलवान सड़क पर बैठे है तो कोई सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एफआईआर दर्ज हो गई तो अब तक पीड़ित पक्ष को इसकी कॉपी क्यों नहीं दी? उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह के



लिए कहा कि जब तक ये पद पर रहेंगे, प्रेशर बनाते रहेंगे। इसलिए पहले उनका पावर ले, इस्तीफा ले। प्रियंका गांधी सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर जंतर मंतर पहुंची और करीब 25 मिनट तक पहलवानों के बीच रहीं। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री से तो तो कोई उम्मीद नहीं है। जब ये खिलाड़ी मेडल ले कर आए तो उन्हें चाय पर बुलाया, लेकिन अब बात तक नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर इस आदमी को क्यों बचाया जा रहा है। वहीं पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और मुंबई से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी पहलवानों का समर्थन किया है। बता दें कि आधा दर्जन से अधिक महिला पहलवान भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाते बीते आठ दिनों से धरने पर हैं। इन पहलवानों ने इससे पहले जनवरी महीने में भी कई दिनों तक धरना प्रदर्शन किया था। इन आरोपों को देखते हुए बृजभूषण शरण सिंह को पहले ही कुश्ती संघ के कामकाज से अलग कर दिया गया, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में बीते सात दिनों से यह पहलवान उनके खिलाफ एफआईआर की मांग कर रहे थे। अब एफआईआर दर्ज हो गई तो पहलवानों ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। इन पहलवानों द्वारा लगाए गए संगीन आरोपों को देखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों ने इनका समर्थन किया है।

## बिल गेट्स ने 'मन की बात' कार्यक्रम की तारीफ कर प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने 'मन की बात' कार्यक्रम की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। बिल गेट्स ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि मन की बात कार्यक्रम में स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई है। यह कार्यक्रम लोगों को प्रेरित करने वाला है। ऐसे में वह प्रधानमंत्री मोदी को मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी की पूर्व संध्या पर बधाई देते हैं। उल्लेखनीय है कि मार्च महीने में बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी।



इस दौरान बिल गेट्स ने भारत की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि भारत ने कोरोना महामारी के दौरान सस्ते और सुरक्षित टीकों का निर्माण कर दुनिया की मदद की थी। इसमें बहुत से टीके गेट्स फाउंडेशन की मदद से दुनियाभर में बांटे गए थे।

## मनी लांड्रिंग मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ी

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले के मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी है। आज इस मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। आज जब पत्रकारों ने सिसोदिया से जमानत याचिका खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया पूछी तो उन्होंने कहा, "मोदी जी चाहे जितनी साजिशें कर लें लेकिन दिल्ली में केजरीवाल जी का काम रोक नहीं पाएंगे।" कोर्ट ने 17 अप्रैल को इस मामले में




सिसोदिया को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। सीबीआई ने 25 अप्रैल को दाखिल पूरक चार्जशीट में सिसोदिया को आरोपित बनाया है। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने सिसोदिया को 9 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

## सीमा समझौतों की अवहेलना के कारण चीन से बिगड़े रिश्ते: जयशंकर

**सेंटो डोमिंगो, (हि.स.)।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि सीमा समझौतों की अवहेलना के कारण ही चीन से भारत के रिश्ते बिगड़े हैं। उन्होंने सभी देशों के साथ बिना शर्तों के संबंध आगे बढ़ाने की बात कही। डोमिनिक गणराज्य की पहली यात्रा पर पहुंचे जयशंकर ने वहां के उपराष्ट्रपति रकील पेना के साथ भारत के दूतावास का उद्घाटन किया। डोमिनिकन गणराज्य के राजनयिक स्कूल के बच्चों से बातचीत करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने पूरे क्षेत्र में संपर्क और सहयोग में बड़े पैमाने पर विस्तार देखा है। हालांकि, सीमा पार आतंकवाद के मद्देनजर पाकिस्तान इसका अपवाद बना हुआ है। उन्होंने




कहा कि अधिकतर देशों से भारत के संबंध अच्छे हैं।

चाहे वह अमेरिका, यूरोप, रूस या जापान हो हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि ये सभी संबंध बिना किसी शर्त पर आगे बढ़ें। जयशंकर ने कहा कि चीन से वर्तमान में हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि वह लगातार सीमा पर समझौतों का उल्लंघन करता रहता है। उन्होंने कहा कि संबंध एकतरफा नहीं हो सकते और इसे बनाए रखने के लिए परस्पर सम्मान होना चाहिए।

## पहली बार पांच महिलाओं को सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में मिला कमीशन

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पांच महिला अधिकारियों को पहली बार सेना की आर्टिलरी में कमीशन दिया गया है। भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों को आर्टिलरी रेजिमेंट में अनुमति देकर महिलाओं की भूमिका का विस्तार किया है, जो सेना की एक प्रमुख शाखा है। 29 अप्रैल को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) चेन्नई में सफल प्रशिक्षण के बाद पांच महिला अधिकारी आर्टलरी रेजिमेंट में शामिल हो गई हैं। गौरतलब है कि सेना में महिला अफसरों को उनके पुरुष समकक्षों की तरह समान अवसर और चुनौतियां दी जा रही है। इसी क्रम में आर्टिलरी की रेजिमेंट में पहली बार पांच महिला अफसरों को कमीशन



दिया गया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन युवा महिला अधिकारियों को सभी प्रकार की आर्टिलरी इकाइयों में तैनात किया जा रहा है, जहां उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में रॉकेट, मीडियम, फील्ड और सर्विलांस एंड टारगेट एक्विजिशन और उपकरणों को संभालने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और एक्सपोजर मिलेगा। पांच महिला अधिकारियों में से तीन उत्तरी सीमाओं पर तैनात इकाइयों में और अन्य दो पश्चिम में चुनौतीपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं। आर्टलरी रेजिमेंट में कमीशन पाने वाली महिला सैन्य अधिकारियों में लेफ्टिनेंट महक सैनी को एक एसएटीए रेजिमेंट में, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे और लेफ्टिनेंट अदिति यादव को फील्ड रेजिमेंट में, लेफ्टिनेंट पवित्र मुदगिल को एक मीडियम रेजिमेंट में और लेफ्टिनेंट आकांक्षा को एक राकेट रेजिमेंट में कमीशन दिया गया है। इस समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार, कर्नल कमांडेंट और आर्टिलरी के महानिदेशक (नामित) सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और नए कमीशन अधिकारियों के गर्वित परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

## वायु सेना ने 'नाइट ऑपरेशन' में 121 सूडानी नागरिकों की बचाई जान

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** हिंसाग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन कावेरी के बीच वायु सेना ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो इतिहास में दर्ज हो गया । भारतीय वायु सेना ने सी-130जे जैसे भारी-भरकम विमान को सूडान के वाडी सैय्यदना में छोटी सी हवाई पट्टी पर रात के अंधेरे में उतारकर इस 'नाइट ऑपरेशन' को अंजाम दिया। 27/28 अप्रैल की दरम्यानी रात 121 लोगों को बचाया गया, जिनके पास पोर्ट सूडान तक पहुंचने का कोई साधन नहीं था। हिंसाग्रस्त सूडान से भारतीयों को निकालने के लिए शुरू किए अभियान में भारतीय वायु सेना और नौसेना को लगाया गया है। शुक्रवार सुबह तक 'ऑपरेशन कावेरी' के तहत 2,100 भारतीयों को जेद्दा पहुंचाया गया है। पोर्ट सूडान में तैनात नौसेना का जहाज आईएनएस सुमेधा आज सुबह 300 यात्रियों के साथ संकटग्रस्त देश से जेद्दा के लिए रवाना हुआ। यह आईएनएस सुमेधा का 13वां जत्था है। इसी तरह भारतीय वायु सेना के विमान सी-130जे ने 135



यात्रियों के 10वें और 11वें जत्थे को राजधानी में चल रही हिंसा के बीच संघर्ष विराम बढ़ाने पर सहमत होने के बाद पोर्ट सूडान से जेद्दा तक निकाला है। इसी बीच वायु सेना को राजधानी खार्तूम से लगभग 40 कि.मी. उत्तर में वाडी सैय्यदना में 121 सूडानी नागरिकों के फंसे होने की जानकारी मिली, जिनके पास पोर्ट सूडान तक पहुंचने का कोई साधन नहीं था। इनमें एक गर्भवती महिला सहित कई बीमार लोग भी शामिल थे। यह लोग जहां फंसे थे, वहां की हवाई पट्टी नीची सतह पर थी और घना अंधेरा होने की वजह से विमान की लैंडिंग करना भी मुश्किल था। रात में एक विमान की लैंडिंग के लिए रोशनी का होना जरूरी होता है, इसके बावजूद 'ऑपरेशन कावेरी' में लगे भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने सूडानी नागरिकों को बचाने का फैसला लिया। इस काफिले का नेतृत्व भारतीय रक्षा अताशे कर रहे थे, जो वाडी सैय्यदना में हवाई पट्टी पर पहुंचने तक भारतीय वायुसेना के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे। हवाई पट्टी की ओर बढ़ते हुए वायु सेना के एयर क्रू ने किसी भी दुश्मन का पता लगाने के लिए अपने इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इन्फ्रारेड सेंसर का उपयोग किया। सुनिश्चित होने के बाद एयर क्रू ने व्यावहारिक रूप से रात में 'नाइट विजन गॉगल्स' पर एक सामरिक दृष्टिकोण अपनाया। आखिरकार छोटी सी हवाई पट्टी पर 27/28 अप्रैल की दरमियानी रात को सी-130जे जैसा भारी-भरकम विमान उतार दिया गया। वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने इस साहसी ऑपरेशन के बारे में बताया कि हवाई पट्टी पर उतरने के बाद विमान के इंजन चलते रहे, जबकि आठ गरुड़ कमांडो ने 121 यात्रियों और उनके सामान को विमान में सुरक्षित करके उनकी जान बचाई। लैंडिंग के साथ 'नाइट विजन गॉगल्स' का उपयोग करके अनलिमिटेड रनवे से टेक ऑफ भी किया गया। वादी सैय्यदना और जेद्दा के बीच 'ऑपरेशन कावेरी' से अलग लगभग ढाई घंटे का यह ऑपरेशन भारतीय वायु सेना के इतिहास में अपने दुस्साहस के लिए जाना जाएगा।

## दिल्ली में अब महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी कर सकेंगी काम

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार दिल्ली की महिलाओं के लिए एक खुशखबरी लेकर आई है। अब दिल्ली में महिलाएं पूरी सुरक्षा के साथ नाइट शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी, श्रम मंत्री ने इसके ड्राफ्ट को अपनी मंजूरी दे दी है। दिल्ली सरकार के श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक कर महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति देने व उनकी सुरक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर बने ड्राफ्ट पर श्रम विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। अब श्रम विभाग जनता से इसपर सुझाव और आपत्तियां मांगेगा और उसके बाद ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने श्रम विभाग की बैठक ली थी और इस विषय में आगे कदम उठाने के निर्देश दिए थे। उसी परिपेक्ष में श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने श्रम विभाग के अधिकारियों से ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिस पर शुक्रवार को



विस्तार से चर्चा की गई और श्रम मंत्री ने ड्राफ्ट को मंजूरी देते हुए यह तय किया गया कि अब महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उन्हें भी नाइट शिफ्ट में काम करने का अवसर देना चाहिए। हालांकि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियोक्ताओं को महिलाओं के लिए वर्कप्लेस पर उचित इंतजाम करने होंगे। वहीं, श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिल्ली व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति नियम, 2023 के मानकों पर बने ड्राफ्ट पर चर्चा की। इसमें कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उन्हें नाइट शिफ्ट में काम करने का फैसला लिया गया है। अब महिलाएं रात 7 बजे से सुबह 6 बजे काम कर सकती हैं, हालांकि इसके लिए महिलाओं की सहमति होना बेहद जरूरी है। नाइट शिफ्ट में काम करने वाली महिलाओं के लिए एम्पलॉइअर को उनके लिए घर से ऑफिस तक यातायात की व्यवस्था करनी होगी।

## सरकार ने रजनीश कर्नाटक को बीओआई का एमडी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रजनीश कर्नाटक को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का प्रबंध निदेशक और देवदत्त चंद को बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का प्रमुख नियुक्त किया है। दोनों नियुक्तियों की अधिसूचना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति की मंजूरी के बाद आई है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक रजनीश कर्नाटक को सरकार ने 3 साल के लिए बैंक ऑफ इंडिया का प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। रजनीश कर्नाटक ने अतनु कुमार दास की जगह ली है, जिन्होंने इस साल जनवरी में अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया। डीएफएस ने एक अलग जारी अधिसूचना में कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा के मौजूदा कार्यकारी निदेशक देवदत्त चंद को 3 साल के लिए बैंक का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान प्रबंध निदेशक संजीव चड्ढा के 30 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद एक जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगे।

## एयरपोर्ट लाइन पर ढाई घंटे प्रभावित रहेगी मेट्रो सेवा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के धौला कुआं-एयरोसिटी के बीच रविवार को रखरखाव के कारण सुबह ढाई घंटे तक मेट्रो सेवा प्रभावित रहेगी।

मेट्रो सुबह 4:45 से लेकर 7:25 तक प्रभावित रहेगी। इस दौरान एयरपोर्ट से द्वारका सेक्टर-21 के बीच ट्रेनों की सामान्य आवाजाही रहेगी। सुबह 7:30 बजे के बाद सामान्य ट्रेनों की आवाजाही होगी। दूसरे ट्रैक पर रखरखाव के दौरान धौला कुआं और एयरपोर्ट (टी-3) स्टेशनों के बीच मेट्रो सिंगल लाइन पर चलेगी। इस कारण लाइन पर दोनों तरफ से मेट्रो के समय में कुछ बदलाव किए गए हैं।



# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

**—निकाय चुनाव में भाजपा के महापौर और पार्षद उम्मीदवारों को जिताने की अपील**

**वाराणसी, (हि.स.)।** निकाय चुनाव में भाजपा के महापौर और पार्षद पद के उम्मीदवारों के पक्ष में सियासी माहौल बनाने के बाद शनिवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने काशीपुराधिपति के दरबार में हाजिरी लगाई। दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद उप मुख्यमंत्री ने सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए कामना की। दरबार में दर्शन पूजन के बाद उप मुख्यमंत्री पाठक लंभुआ, जनपद सुल्तानपुर में भाजपा प्रत्याशी विजय प्रताप त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। इसके पहले गुरूवार शाम को शहर में आए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने देर शाम मंडुआडीह स्थित एक बाग में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा के



सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के आशीर्वाद से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। महिलाओं की बदौलत ही हम हर चुनाव को जीतते चले आ रहे हैं। अब निकाय में महिलाएं ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में मददगार होगी। उपमुख्यमंत्री ने देर शाम ही रोडवेज स्थित एक अस्पताल के सभागार में शहर के चिकित्सकों से मुलाकात की। उन्होंने निकाय चुनाव में चिकित्सकों का सहयोग मांगा। साथ ही सुरक्षा व विकास का भरोसा दिलाया। उपमुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से भी इस दौरान भेंट की। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को लोगों का समर्थन मिल रहा है। महापौर समेत वार्डों के चुनाव में भी संगठन का प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। उप मुख्यमंत्री पाठक ने वार्ड 55 में आयोजित भाजपा के "कार्यकर्ता सम्मेलन" को संबोधित किया। वाराणसी में प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उद्यमी आर के चौधरी के आवास पर उद्योगपतियों के साथ बैठक कर नगर निकाय चुनाव में भाजपा के लिए सहयोग व समर्थन मांगा।

# आज व्यापारियों को अपराधियों का कोई डर नहीं : योगी

**-ट्रिपल इंजन की सरकार में देवरिया बनेगा स्मार्ट सिटी : योगी**



**देवरिया, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्ववर्ती सपा, बसपा की सरकारों ने देवरिया के चीनी मिलों को औने-पौने दामों में बेच कर खत्म कर दिया। इसे पुनः चालू करने के लिए हमारा निरंतर प्रयास जारी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हम देवरिया की पहचान चीनी का कटोरा बनाएंगे। इसके साथ ही अपनी सरकार में सुदृढ़ कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए विपक्ष को भी घेरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा पहले गरीब जनता इलाज के नाम पर डर जाती थी। उन्हें आयुष्मान गोल्डन कार्ड देते हुए मेडिकल कॉलेज व गोरखपुर में एम्स का सौगात दिया गया। पूर्ववर्ती सरकारों में माफिया अपने वाहनों में राइफल लेकर चला करते थे। व्यापारियों से वसूली किया करते थे। आज सभी का सर झुका है। गले में तख्ती लटका कर घूम रहे हैं। व्यापारी सीना चौड़ा करके अपना व्यापार फैला रहे हैं। भय व्याप्त रहता था। कर्फ्यू लगा करते थे। आज वही सभी मिलजुल कर भाई चारे के साथ रह रहे हैं। प्रदेश का हर शहर सेफ सिटी हो गया है। 2017 के पहले जाति धर्म देखकर कार्य किया जाता था। आज वही भाजपा की सरकार में सबका साथ सबका विकास को प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यहां की जनता भाजपा को छोड़ कर किसी अन्य दल के तरफ जाती है तो विकास का कार्य रुक जाएगा। भाजपा सरकार आएगी तो तभी विकास कार्य तेजी से होंगे। सूबे के मुखिया ने भाजपा उम्मीदवारों को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विजय लक्ष्मी गौतम, परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह, सदर सांसद रमापति राम त्रिपाठी, सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, बरहज विधायक दीपक मिश्रा उर्फ साका, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया व नीरज शाही, जिलाध्यक्ष अन्तयार्मी सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

# माफिया मुख्तार अंसारी को दस, भाई अफजाल को चार साल की सजा

**- कोर्ट ने सजा के साथ अर्थदंड लगाया**

**गाजीपुर, (हि.स.)।** एमपी-एमएलए कोर्ट न्यायाधीश दुर्गेश पाण्डेय ने शनिवार को बसपा सांसद अफजाल अंसारी को और माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर के मामले में दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने कोर्ट ने मुख्तार को 10 वर्ष और अफजाल को चार साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही मुख्तार को पांच और अफजाल पर एक लाख का अर्थदंड लगाया है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2007 के इस मामले में बीते एक अप्रैल को बहस और सुनवाई पूरी कर ली गयी थी। 15 अप्रैल को फैसला होना था। लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण बीते 15 अप्रैल को फैसला नहीं आ सका था। शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में



भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है। वहीं, नन्द किशोर रूंगटा के अपहरण और हत्या का केस भी गैंग चार्ट में शामिल है। 29 नवम्बर 2005 को गाजीपुर के भांवरकोल थाना अंतर्गत सियाड़ी गांव में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों पर एके-47 जैसे अत्याधुनिक असलहों से लगभग 400 राउंड से ज्यादा फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। हालांकि उक्त मामले में कोर्ट द्वारा किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सका था। लेकिन अपराधियों का समूह बनाकर अपराधिक गतिविधियां संचालित करने के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट जज दुर्गेश पाण्डेय द्वारा दोनों लोगों को सजा सुनाई गई।

**शुरू हुई लोकसभा उपचुनाव की चर्चा** - माफिया मुख्तार अंसारी सहित उनके बड़े भाई व गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मामले में सजा सुनाए जाने के साथ ही जनपद में लोकसभा के उपचुनाव की चर्चा भी शुरू हो गई।

## अंसारी भाईयों की सजा पर बोले ब्रजलाल, बसपा-सपा को मांगनी चाहिए माफी

**-पाप कम करने के लिए सपा-बसपा को मांगनी चाहिए माफी : ब्रजलाल**

**लखनऊ, (हि.स.)।** गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट से अंसारी भाईयों को सजा का एलान होने के बाद भाजपा से राज्यसभा सांसद और पूर्व डीजीपी ब्रजलाल ने बसपा और सपा पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अंसारी भाईयों को सजा मिलने के बाद अब बसपा और सपा को माफी मांग लेनी चाहिए, शायद उनके कुछ पाप कम हो जाएं। शनिवार को जारी बयान में कहा कि गाजीपुर की एमपीए-एमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी और उसके भाई को सजा सुनाई गई है। मुख्तार को सुनाई गई यह चौथी सजा है। ये फैसला निर्णायक साबित होगा। इस परिवार ने जो माननीय का कवच ओढ़ रखा तो वो कवच न्यायालय के फैसले से उखाड़कर फेंक दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज मैं याद दिलाना चाहता हूं कि 2022 के चुनाव में मुख्तार का बेटा अब्बास ने कहा था कि भैया से बात कर लिया हूं। छह महीने अधिकारियों के तबादले नहीं होंगे, उनसे हिसाब लिया जाएगा। और आज मुख्तार अंसार सहित बड़े माफियाओं से हिसाब किया जा रहा है। आज गवाह नहीं तोड़ पा रहे हैं। और कई केसेज जो पेंडिग पड़े हैं, उन सब पर न्यायालय सजाएं सुना रही है। अब इनकी हैसियत नहीं है कि ये



गवाहों को तोड़ लें, धमका लें। आज इनको माननीय बनाने में बसपा और सपा का हाथ है। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो बहन जी ने बनारस की एक रैली में इसको गरीबों का मसीहा कहा था। 1960 में सबसे पहले मुख्तार को विधायक बनाने वाली बहन जी थीं। समाजवादी पार्टी ने तो हद कर दी। इसको सांसद बनाया, उसके भाई को सांसद बनाया। मुख्तार के बड़े बेटे को मोहम्मदाबाद से विधायक बनाया। उन्होंने सपा-बसपा पर आरोप लगाया कि कृष्णानंद राय मर्डर केस में कहीं न कहीं तार इन पार्टियों से जुड़े थे। बचाया गया, लाइट मशीन गन मुख्तार लाया गया। मुलायम सिंह ने प्रज्युकेशन सेक्शन नहीं दिया था। दो लोगों को सजा हुई थी मुख्तार को खुलेआम बचाया गया था। सपा इन माफियाओं के खिलाफ हमेशा खड़ी रही। आज सजा के बाद बसपा और सपा को माफी मांग लेना चाहिए था,शायद उनके कुछ पाप कम हो जाएं।

# न्यायपालिका के फैसले का सभी को करना चाहिए सम्मान : डॉ संजय निषाद

**- मत्स्य मंत्री ने कहा, जो जैसा करेगा वैसा भरेगा**

**- मुख्तार और अफजाल अंसारी को सजा सुनाए जाने पर मीडिया के सामने रखी बातें**

**लखनऊ, (हि.स.)।** जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा। हमारे कबीरदास ने कहा और हमारे हर धर्म शास्त्रों में ऐसा लिखा है कि जईसन कर्म वैइसन भरन। जैसा उन्होंने किया वैसा न्यायापालिका ने उनके साथ किया। यह बातें निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने बाहुबली मुख्तार और उसके सांसद भाई अफजाल अंसारी को न्यायालय के सजा सुनाए जाने पर कही। डॉ संजय निषाद ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि भारत संविधान पर चलता है और लोकतांत्रिक देश है। संवैद्धानिक रुप से न्यायपालिका का सम्मान होना चाहिए। न्यायपालिका ने साक्ष्यों और सबूतों के आधार पर सजा सुनाई है, उसका सभी को सम्मान करना चाहिए। इस सजा से लोगों को सोचने के लिए विवश होना पड़ेगा। पहले की सरकारें थी कि न्यायपालिका अलग रहती थी,



कार्यपालिका अलग होती थी। पता चला कि सहयोग नहीं मिलता था, न्यायपालिका को सजा सुनाने के लिए बड़ा लम्बा समय लगता था। प्रशासनिक व्यवस्था को धन्यवाद देता हूं कि कम से कम इस सजा और निर्णय को दिलाने में न्यायपालिका का सहयोग किया गया। लोगों को इसको देखते हुए सुधार करना चाहिए। अपने संविधान के प्रति लोगों को हर्षित होना चाहिए। लोकतांत्रिक ढंग से जिएं और संविधान, सांस्कृतिक को आत्मसात करें और सौहार्द-शांति के साथ देश और प्रदेश में रहें। सपा नेता शिवपाल यादव के अफजाल अंसारी की तारीफ और नजदीकियां बढ़ने के सवाल पर कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका जब तक किसी को दोषी न ठहरा दे, तब तक किसी को भी कुछ नहीं कहा जा सकता है। उससे पहले कोई भी उसका समर्थन कर सकता है, उस पर हम कुछ नहीं कह सकते हैं। शिवपाल यादव अच्छे नेता हैं। पिछड़ों के नेता हैं, बड़े नेता हैं। उन्होंने किन परिस्थितियों में ऐसा कहा यह मैं नहीं जानता। लेकिन आज के दिन जो सजा सुनाया गया है, उस पर सभी को न्यायपालिका का समर्थन करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बाहुबली मुख्तार और उसके सांसद भाई अफजाल अंसारी पर चल रहे कृष्णानंद राय हत्याकांड के मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है। इनमें मुख्तार को दस और अफजाल को चार साल की सजा सुनाई गई है। न्यायालय के सजा सुनाए जाने के बाद बसपा से सांसद अफजाल अंसारी की सांसदीय सदस्यता भी खतरे में पड़ गई है।

# मतदाताओं को वाहन उपलब्ध कराने वाले उम्मीदवारों पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

**फरुर्खाबाद, (हि.स.)।** निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को निरीक्षण करने निकले। अधिकारीगण नगर पंचायत मोहम्मदाबाद के अति संवेदनशील प्लस बूथ रोहिला एवं नगर पंचायत खिमसेपुर के बूथों पर पहुंचे और निरीक्षण कर उम्मीदवारों को चेतावनी के साथ कई सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक नगरीय सामान्य निर्वाचन सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी ने चुनाव में गड़बड़ी व अराजकता फैलाने की कोशिश की तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। मर्यादित होकर चुनाव का प्रचार-प्रसार करें। किसी भी प्रकार का प्रलोभन देकर व दबंगई से वोट मांगने की कतई कोशिश न की जाए। यदि इस तरह की शिकायत संज्ञान में आयी तो त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही की




जायेगी। सभी शस्त्र धारक अपने-अपने शस्त्र जमा करा दें। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि मतदान के दिन कोई भी उम्मीदवार वोटर को बूथ तक लाने और ले जाने हेतु वाहन नहीं लगायेगा। सभी वोटर स्वयं एवं अपने वाहन से आयेंगे। सभी वोटर वोट डालने के बाद सीधे अपने घरों में जाकर शांति से रहेंगे। कोई भी वोटर बाहर नहीं घूमेगा और न ही भीड़ का हिस्सा बनेगा। अन्यथा की दशा में कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है या वोट मांगने के नाम पर भोजन, पैसे या शराब आदि वितरित करता है तो इस दशा में पुलिस कार्यालय सम्पर्क नम्बर 7839856785 पर सूचना दें, ताकि तत्काल कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम और नम्बर गोपनीय रखा जायेगा।

## ईडी कोर्ट ने वीरेंद्र राम सहित चार लोगों के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर लिया संज्ञान

**रांची, (हि.स.)।** ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है। अब मामले में चारों आरोपितों के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। कोर्ट ने इन आरोपितों की उपस्थिति की तिथि 12 मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। यह आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में दायर हुआ है। बीते दिनों ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र की ओर टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है।




उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी को लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में ईडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की दस छात्राओं ने जेईई मेन में क्वालीफाई किया

**खूंटी, (हि.स.)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खूंटी की दस छात्राओं ने जेईई मेन 2022 में क्वालीफाई किया है। यह उपलब्धि उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर शुरू किये गए सपनों की उड़ान कार्यक्रम की सफलता है। 10 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल कर अन्य छात्राओं के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी सफलता से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिवार, वार्डन, शिक्षिका, सभी बच्चियों में खुशी व्याप्त है। शैक्षणिक सत्र 2021-23 के द्वितीय फेज में इंजीनियरिंग कें लिए 18 और मेडिकल कें लिए 39 कुल 57 छात्राएं नामांकित हैं। इनमें इंजीनियरिंग की 10 छात्राओं ने जेईई मेन की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें एलिसा हास्सा, सोहनी बाखला, एजेंल सियोन तोपनो, मेरी कण्डुलना, सरस्वती कुमारी, सुचिता सुरीन, पुष्पा कण्डुलना, संतोषी कुमारी, श्रुति कुमारी और निशा कुमारी



शामिल हैं। जिला प्रशासन की ओर से छात्राओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी में जेईई एडवांस की परीक्षा की तैयारी करायेगा तथा सभी छात्राओं के काउंसिलिंग सहयोग प्रदान कर उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन कराने का प्रयास करेगा।

इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत खूंटी के छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल का परिणाम अब सकारात्मक रूप से प्रदर्शित हो रहा है। सपनों की उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से जिले की छात्राओं के लिए सुदृढ शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास है। इसके लिए खूंटी जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान और गणित विषयों में सुदृढ़ करते हुए आईटीआई और मेडिकल परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के उद्देश्य से ऑनलाइन-ऑफलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है।

# झारखंड में दो सरकारें काम कर रहीं : सरयू राय

**गिरिडीह, (हि.स.)।** राष्ट्रीय कोलियरी कांग्रेस के अध्यक्ष सह विधायक सरयू राय ने आज यहां कहा कि उत्तरप्रदेश के माफिया डॉन अतीक अहमद की तर्ज पर झारखंड में भी योगेंद्र तिवारी और प्रेम प्रकाश जैसे लोग काम कर रहे हैं। वे शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने शराब के अवैध कारोबार के बाबत कहा कि जिसने भी शिकायत की उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। राज्य में स्थिति ऐसी है कि निर्दोष फंस रहे हैं और दोषी बच रहे हैं। राज्य में दो सरकार चल रही हैं। एक



हेमंत सोरेन की सरकार और दूसरी कांग्रेस की सरकार। मुख्यमंत्री का भी सरकार पर नियंत्रण नहीं है। जो पावर मुख्यमंत्री का है वह काम कांग्रेस के मंत्री करते हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सेना की जमीन को भी क्लीन चिट दे दी। डीसी ने दस्तावेज बदलकर सेना की जमीन की भी बिक्री करा दी लेकिन ईडी ने इस फजीर्वाड़े को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में फिलहाल एक कहावत प्रचलित हो रही है कि जो जमीन सरकारी है वह हमारी है। सरकार के संरक्षण में सरकारी जमीन अधिकारी बेचवा रहे हैं। यही हाल कोयले के अवैध खनन का है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मिलकर कोयले का अवैध कारोबार कर रही है।

# नगर निगम ने 55 वाहनों में लगाए जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम



**भागलपुर, (हि.स.)।** नगर निगम के वाहनों के अवैध इस्तेमाल को रोकने के लिए नगर निगम प्रशासन ने वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम इंस्टॉल किए हैं। इससे अब चालकों की मनमर्जी तो रुकेगी ही, साथ ही नगर निगम को भी आर्थिक हानि नहीं होगी। निगम प्रशासन ने यह फैसला वाहनों का अवैध प्रयोग करने और अपने वाहनों पर नजर रखने के उद्देश्य से किया है। नगर निगम की मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल ने बताया कि वाहनों के अवैध प्रयोग को रोकने और कौन सा वाहन इस वक्त कहां पर है इस पर नजर रखने के लिए जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाए गए हैं। अभी वर्तमान में निगम के विभिन्न प्रकार के 55 वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगा दिए गए हैं। धीरे-धीरे निगम के सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने का काम भी किया जाएगा। इस सिस्टम के लगने से वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा सकती है।

# भाजपा नेता की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने कहा, जो दोषी होगा उस पर होगी कार्रवाई

**-मुख्यमंत्री ने दानवीर भामाशाह को उनकी जयंती पर किया नमन**

**बिहार, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को भामाशाह की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह में उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के पश्चात सासाराम में भाजपा नेता की गिरफ्तारी को लेकर पत्रकारों के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी पर कोई आरोप लगता है तो पुलिस उसकी जांच करती है। जांच में जो दोषी पाया जाता है उस पर कार्रवाई होती है। सीएम ने कहा कि आज तक हमने इस सब चीजों में कभी हस्तक्षेप नहीं किया है। बिहार में जहां कहीं भी घटना होती है तो उसकी बारीकी से जांच होती है। जिन दो जगहों पर घटनाएं हुई है, वहां पर कड़ी कार्रवाई की गई है। घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन पूरे तौर पर सतर्क रहता है। घटना में कोई भी अगर दोषी पाया जायेगा तो चाहे वह किसी दल का




हो, उस पर कार्रवाई होगी। किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा के नेता क्या बोलते हैं उस पर मैं ध्यान नहीं देता। उससे हमें कोई मतलब नहीं है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से हुई मुलाकात के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी तबीयत खराब थी। दिल्ली में भी हमने उनसे मुलाकात की थी। अब यहां आये हैं तो हमारी उनसे मुलाकात हुई है। बिहार में विपक्षी एकता को लेकर बैठक करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग सभी नेताओं के साथ मिलकर बातचीत कर रहे हैं। अभी कुछ और लोगों से बातचीत होनी है। इसके बाद तय हो जायेगा कि कहां पर बैठक होगी। नीतीश ने कहा कि बहुत लोगों की राय है कि बैठक पटना में होनी चाहिए। सभी लोगों की राय से यह सब तय होगा। सभी लोग अगर चाहेंगे तो बिहार में जरूर बैठक होगी। अभी एक राज्य में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। कई दल उस चुनाव में लगे हैं। चुनाव के बाद यह सब होगा। बिहार में सभी पार्टियों के साथ मीटिंग होगी तो यह खुशी की बात होगी। जो भी होगा वह सभी लोगों की राय से ही होगा।

# बिहार राज्य जुट डीलर्स एसोसिएशन ने रेल मंत्री से यात्री सुविधा को बढ़ाने की मांग की

**अररिया (हि.स.)।** बिहार राज्य जुट डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बछराज राखेचा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव वैष्णव को पत्र लिखकर जोगबनी कोलकाता एक्सप्रेस का परिचालन प्रतिदिन करने सहित अन्य यात्री सुविधा बढ़ाने की मांग की। पत्र में उन्होंने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतिम स्टेशन जोगबनी से कोलकाता के बीच परिचालित हो रही जोगबनी-कोलकाता एक्सप्रेस को वि-साप्ताहिक से प्रतिदिन परिचालन के साथ ही वर्तमान कोच को एलएचबी कोच में बदलने, वातानुकूलित श्रेणी के कोचों की संख्या 4 से बढ़ाकर 7 किए जाने,



फारबिसगंज और अररिया कोर्ट स्टेशन पर इसका ठहराव समय 2 मिनटों से बढ़ाकर 5 मिनटों का करने, जोगबनी से प्रस्थान समय दिन के तीन बजे से बढ़ाकर चार बजे करने की मांग की है। बिहार राज्य जुट डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अपने पत्र में रेल मंत्री को बताया कि भारत नेपाल सीमावर्ती इस क्षेत्र से हजारों की संख्या में प्रतिदिन नेपाल सहित सीमांचल के व्यवसायी नौकरीपेशा लोग तीर्थयात्री, विद्यार्थी आदि का कोलकाता आना-जाना लगा रहता है। साथ ही यह पूरा क्षेत्र जुट का बहुत बड़ा उत्पादक क्षेत्र है तथा किसानों - व्यापारियों का भी सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन कोलकाता आना-जाना लगा रहता है। मूल कारण सारी जुट मिलों का कोलकाता में होना है।

## संपादकीय

# व्यवस्था परिवर्तन की लागत

इस कोशिश में सुराग बहुत हैं। तेरे दर्पण में आज़ार बहुत हैं'। हिमाचल में व्यवस्था परिवर्तन अब नारे से जुबान पर और इम्तिहान से सत्ता की कमान तक अपने संदर्भों की वकालत कर रहा है। हिमाचल के राजनीतिक इतिहास को बदले बिना व्यवस्था परिवर्तन की लागत अदा नहीं हो सकती। सुक्खू सरकार की दिशा और शासन का निर्देशन इतना आसान नहीं कि ढर्रे पर अब तक चली सरकारों की परिपाटी से अलग होने का दस्तूर यूं ही मंजर हो जाए। मेडिकल कालेजों में व्यवस्था परिवर्तन प्रिंसीपल के दायित्व को जिस तरह पेश कर रहा है, उससे कार्य विभाजन की पूरी परिपाटी बदल सकती है। आइंदा प्रिंसीपल का दायरा मेडिकल की पढ़ाई और चिकित्सा के उत्कृष्ट लक्ष्यों की लिखाई करने के लिए बाध्य होगा, जबकि मेडिकल कालेजों का प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन अब से प्रशासनिक अधिकारियों की जेब में होगा। यह विभाजन कितना उचित-अनुचित है, इससे कहीं आगे विचार यह करना होगा कि स्थायी रूप से मेडिकल कालेज व्यवस्था कैसे चल पाएगी। पिछले बीस सालों से कई नए मेडिकल कालेज अपने निर्माण की प्रकिया से गुजरते हुए, प्राचार्यों की शक्तियों को एक तरह से इतना स्वतंत्र और सर्वाधिकार संपन्न बना चुके हैं कि वे अपनी प्राथमिक भूमिका भूल कर निर्माण कंपनी के सीईओ बने नजर आते हैं। ऐसे कई अन्य विभागों में भी लक्ष्यों के विपरीत आला अधिकारी माथा पच्ची कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन की कुंजी अगर नौकरशाहों के पास ही रहेगी, तो लालफीताशाही का वर्चस्व बढ़ सकता है। इससे पहले भी प्रबंधकीय जरूरतों में कई निगमों ओर बोर्डों की ओहदेदारी में नौकरशाही के दखल से वित्तीय कचूमर निकल गया है। मंदिर प्रबंधन भी एक उदाहरण है जहां प्रशासनिक बागडोर ने व्यवस्था को अस्थायी बनाए रखा। ऐसे में प्रबंधकीय बंटवारे में मेडिकल कालेजों में अगर प्रिंसीपलों की शक्तियां घटानी ही हैं, तो कुशल संचालन के लिए एमबीए उपाधि प्राप्त मैनेजरों को मौका मिलना चाहिए।

> सुक्खू सरकार की दिशा और शासन का निर्देशन इतना आसान नहीं कि ढर्रे पर अब तक चली सरकारों की परिपाटी से अलग होने का दस्तूर यूं ही मंजर हो जाए। मेडिकल कालेजों में व्यवस्था परिवर्तन प्रिंसीपल के दायित्व को जिस तरह पेश कर रहा है, उससे कार्य विभाजन की पूरी परिपाटी बदल सकती है। आइंदा प्रिंसीपल का दायरा मेडिकल की पढ़ाई और चिकित्सा के उत्कृष्ट लक्ष्यों की लिखाई करने के लिए बाध्य होगा, जबकि मेडिकल कालेजों का प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन अब से प्रशासनिक अधिकारियों की जेब में होगा। यह विभाजन कितना उचित-अनुचित है, इससे कहीं आगे विचार यह करना होगा कि स्थायी रूप से मेडिकल कालेज व्यवस्था कैसे चल पाएगी। पिछले बीस सालों से कई नए मेडिकल कालेज अपने निर्माण की प्रकिया से गुजरते हुए, प्राचार्यों की शक्तियों को एक तरह से इतना स्वतंत्र और सर्वाधिकार संपन्न बना चुके हैं कि वे अपनी प्राथमिक भूमिका भूल कर निर्माण कंपनी के सीईओ बने नजर आते हैं।

सुक्खू सरकार का यह फैसला भले ही स्वागत योग्य है, लेकिन पूरी परिकल्पना को मजबूत आधार देने के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों से सीखना होगा। निजी स्कूल, कालेज या अस्पताल की कामयाबी उसके शिक्षकों, लेक्चरारों या डाक्टरों के ऊपर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि कुशल प्रबंधन से क्षमता में निखार आता है। सरकारी स्कूल-कालेजों के अलावा अस्पतालों व मेडिकल कालेजों की प्रबंधकीय व्यवस्था में अगर एमबीए या इस तरह की पढ़ाई से निकले अनुभवी एक्सपर्ट के सुपुर्द की जाए, तो नतीजे चमत्कारिक होंगे। बहरहाल यह तो मानना पड़ेगा कि सुक्खू सरकार सरकारी तंत्र की शिथिल हो चुकी पद्धति में प्रशासनिक नवाचार की दिशा में बढ़ रही है, फिर भी व्यवस्था परिवर्तन की लागत के बिना यह संकल्प पूरा नहीं होगा। इस हिसाब से दिशा परिवर्तन के हर विकल्प को सियासी, आर्थिक, सामाजिक व भौगोलिक चुनौतियों से रू-ब-रू होना पड़ेगा। सुशासन की कठिन राह पर राजनीतिक देनदारियां पहले ही सरकार को परीक्षा में डाल चुकी हैं। प्रदेश में नौकरशाही व अफसरशाही के चलते ढर्रा केंकड़े की तरह रहा है। यह दीगर है कि व्यवस्था परिवर्तन में संभावनाएं हैं, लेकिन इसके विरोध में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भी है। सुक्खू सरकार के गठन में गारंटियों की गांठों को खोलने का अभिनव प्रयोग, अभी तक कई प्रयोगों से गुजर रहा है, तो विपक्ष ने अपनी सक्रियता से वर्तमान सत्ता के सामने राजनीति के प्रश्न बड़े कर दिए हैं। ऐसे में हिमाचल की प्रयोगशाला में कांग्रेस की श्रेष्ठ भूमि उस तप से निर्धारित होगी जिसे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह कठोरता व प्रतिबद्धता से निभाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री को अपने समर्थन में ऐसी राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियां खड़ी करने की चुनौती रहेगी, जिन्हें व्यवस्था परिवर्तन के हिसाब से सफल निष्कर्ष तक पहुंचाना होगा। यह नीतियों के पारदर्शी अंदाज, फैसलों के सफल कार्यान्वयन, सामाजिक सहमति के उद्धार, वित्तीय अनुशासन के नए प्रकार और हर वर्ग से न्याय करते हुए हासिल किया जा सकता है।

## अमृत कलश

# धर्म ही सेवा

मैं नहीं कहता हूं कि सेवा धर्म है। मैं जरूर कहता हूं कि धर्म सेवा है।अगर कोई व्यक्ति धर्म को उपलब्ध हो, तो उसके जीवन में जो भी है, वह सब सेवा बन जाता है, लेकिन तब वह कांशस नहीं होता; तब वह सुबह से निकलता नहीं है खोज करने कि किसकी सेवा करें। तब वह जीवन में जीता है, और उसके जीने से, जितना भी उसका जीना है, उसकी चर्या है, उसकी श्वास भी लेनी है, वह सब अनजाने ही, बिना पता चले, सेवा बन जाती है। जहां य में प्रेम है, वहां व्यक्ति में सेवा है। फिर वह सेवा दिखाई पड़े, अखबारों में उसकी खबर छपे, फोटो निकाला जाए, फोटोग्राफर तैयार रहे जब सेवक सेवा करता हो। क्योंकि आजकल कोई सेवक बिना फोटोग्राफर के सेवा नहीं करता, यह आपको मालूम है। फोटोग्राफर को पहले खबर कर आता है कि आज हम सेवा करने जा रहे हैं। फिर इसी तरह के धोखेबाज सेवकों की जमात नेता हमेशा बन जाती है। हम तो देख रहे हैं, हिंदुस्तान में यह हो गया। जिनको हम उन्नीस सौ सैंतालीस के पहले सेवक की तरह जानते थे, उन्नीस सौ सैंतालीस के बाद एक आधी रात के परिवर्तन में वे सब एकदम मालिक हो गए। और तब उनका असली रूप हमें दिखाई पड़ा कि ये जो सेवक मालूम पड़ते थे, ये सुबह बैठ कर चरखा चलाते थे, हरिजन कालोनी की सफाई करते थे ये आदमी बिल्कुल दूसरे सिद्ध हुए।

## बोध कथा

# लघुता-विराटता का संदेश

हनुमान जी मां जानकी को ढूंढ़ते-ढूंढ़ते श्रीलंका में अशोक वाटिका में वहां पहुंचते हैं, जहां मां सीता रावण की कैद में थी। हनुमान जी ने छोटे वानर का रूप धारण किया। उन्होंने मां जानकी को अपनी पहचान स्वरूप प्रभु श्रीराम की मुद्रिका देते हुए हाथ जोड़कर कहा, 'हे माते! मैं श्रीरामचंद्र जी का दूत हूं। भगवान राम यथाशीघ्र आपको संकट से मुक्त कराने के लिए यहां आएंगे।' श्री राम की अंगूठी देखकर मां सीता की आंखों से आंसू बहने लगे। वे रुंधे स्वर में बोलीं, 'हे वानर श्रेष्ठ हनुमान जी! तुम्हारा कल्याण हो। परंतु मैं सोचती हूं कि श्री राम जी की सेना में शामिल तुम जैसे छोटे-छोटे वानरों की सहायता से वे मेरी किस प्रकार रक्षा कर पाएंगे? यहां तो रावण के अति विशालकाय क्रूर शक्तिशाली राक्षस हैं।' मां सीता का संशय दूर करने के लिये हनुमान जी अति विराट हो गए। सीता माता छोटे से दिखने वाले वानर का यह अति विराट रूप देख कर अत्यंत प्रसन्न हुईं और हनुमान जी से पूछा, 'बेटा जब तुम इतने विराट और शक्तिशाली हो तो मेरे पास यह साधारण-सा लघु रूप धारण कर क्यों आये।' हनुमान जी ने कहा, 'मां! बेटा कितना भी बड़ा हो जाए मां के लिए तो वह छोटा ही होता है। लेकिन जब क्रूर अत्याचारी सामने होगा, तब मैं इसी विराट शक्तिशाली रूप में सामने हूंगा। श्रेष्ठ के आगे लघु और बुराई के आगे विराट ताकि वह आक्रमण की हिम्मत ही न जुटा पाए।'

## जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा

# कश्मीर का विकास जिन लोगों से देखा नहीं जा रहा, वह घाटी की शांति को भंग कर रहे हैं

ललित गर्ग

> कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा।

कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां के बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत झीलें पर्यटकों आकर्षित करती हैं। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा। लेकिन इन शांत एवं खूबसूरत वादियों में पडोसी देश पाकिस्तान एवं तथाकथित उन्मादी तत्व आतंक की घटनाओं को अंजाम देकर अशांति फैलाते रहते हैं। ऐसे ही जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में एक आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। नागरोटा में तैनात सेना की 16वीं कोर ने शहीद हुए सैनिकों की पहचान हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देबाशीश बस्वाल, लांसनायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकृष्ण सिंह और सिपाही सेवक सिंह के रूप में बताई है। शहीद हुए पांच सैनिकों में से चार पंजाब के और एक ओडिशा का रहने वाला था। देबाशीश बस्वाल ओडिशा के अलगुम सामिल खंडायत के निवासी थे, जबकि मंदीप सिंह पंजाब के चानकोईयां काकन गांव के, हरकृष्ण सिंह तलवंडी बारथ गांव के, कुलवंत सिंह चारिक के और सेवक सिंह वाघा के रहने वाले थे। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने वाहन पर गोलियों के निशान देखे हैं और वहां से ग्रेनेड के टुकड़े बरामद हुए हैं, जिससे इसके आतंकी हमला होने की पुष्टि हुई है। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुंछ इलाके में हुए इस आतंकी



हमले की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब भारत इस साल जी-20 समिट की अध्यक्षता कर रहा है। इसके तहत लेह में 26 से 28 अप्रैल को और श्रीनगर में 22 से 24 मई को बैठक होनी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था। मैंने हाल ही अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही हैं, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक एवं आतंक से अमन-चैन तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। मोदी कश्मीर को जी-20 की बैठक के लिये चुनकर दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि नेतृत्व चाहे तो दुनिया से आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर है, पुंछ जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती हैं। जिस जगह पर हमला हुआ वहां पर सीमा सड़क संगठन द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है जिसमें लिखा है कि हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाएं, इस बोर्ड के ऊपर भी गोलियों के निशान बने हुए हैं। जहां पर हमला हुआ वहां पर एक बहुत बड़ा पत्थर है इस पत्थर की आड़ लेकर भी आतंकियों ने सैन्य वाहन पर गोलीबारी की। आतंकियों ने जिस जगह पर सैन्य वाहन पर हमला किया उस जगह पर सड़क के नीचे से एक पुलियां गुजरती है जिसमें एक नहीं कई लोग आराम से छिप कर बैठ सकते हैं। सड़क के किनारे पर अभी भी सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जबकि सड़क के दोनों तरफ काफी घना जंगल है जिसके अंदर आतंकी सुरक्षित शरण लेकर अपने ठिकानों तक पहुंच सकते हैं। 15 अगस्त 47 के दिन से ही पड़ोसी देश पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब केंद्र सरकार को ही देना है, उसने सटीक जवाब देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढेऱ किया है, पड़ोसी देश की गर्दन को मरोड़ा भी है। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए।

# विपक्षी एकता के प्रयासों को झटका

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। भाजपा की लगातार विजय में यह प्रमुख मुद्दा रहा है। अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दल भाजपा के हाथों मात खाते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य भाजपा नेता जिस तरह लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, उससे जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विकास के साथ विपक्षी दलों के दागदार मामले प्रमुख मुद्दा रहेंगे। विपक्षी दलों के सामने यक्ष प्रश्न यही है कि एकजुटता की शुरुआत कैसे हो। यह निश्चित है कि सीटों के बंटवारे के अलावा भ्रष्टाचार और अपराधों सहित अन्य मुद्दों पर जब तक कोई सहमति नहीं बन जाती तब तक विपक्षी एकता कोरा दिखावटी प्रयास ही रहेगी।

बिहार की नीतिश कुमार सरकार के जेल नियमों में संशोधन करने से कुख्यात बाहुबली आनंद मोहन सिंह की रिहाई हो गई। इस गैंगस्टर पर गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या में शामिल होने का आरोप था। सिंह सहित 27 दोषियों को इस संशोधन का फायदा मिला। बाहुबली सिंह 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दलित आईएएस अधिकारी जी. कृष्णैया की भीड़ ने पिटाई की और गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस भीड़ को आनंद मोहन ने उकसाया था। साल 2007 में पटना हाईकोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी। हालांकि 2008 में इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। आनंद मोहन सिंह को बिहार में जाति विशेष का एक बड़ा नेता माना जाता है। जाति विशेष के मतदाताओं को साधने के इरादे से आनंद मोहन को रिहा किया करवाया गया, ताकि नीतिश सरकार के प्रति उनकी जाति के मतदाताओं की सहानुभूति को चुनावों में बटोरा जा सके। नीतिश कुमार भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों की एकता की कवायद में जुटे हुए हैं।

यही वजह है कि भ्रष्टाचार और अपराध जैसे कारणों से भाजपा विपक्षी दलों को निशाने पर लेती रही है। इसका मौका विपक्षी दलों ने ही भाजपा को कई बार थमाया है। विपक्षी एकता में विपक्षी दलों के ऐसे स्वार्थपरक निर्णय ही बाधा बन कर खड़े हैं। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने अपराधियों के साथ गठजोड़ करके भाजपा को एक नया मुद्दा थमा दिया। भाजपा इसका तुलनात्मक प्रचार करके विपक्षी दलों का पर्दाफाश करने में लगी है। एक तरफ बिहार है. जहां बाहुबली से राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कानून बदल दिया गया। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गैंगस्टर्स के सफाए में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रखी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद के गैंगस्टर बेटे और उसके साथी को मुठभेड़ में मार गिराया। संयोग से अतीक और उसका भाई भी एक हमले में मारे गए।

इससे पहले भी उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ में दर्जनों खतरनाक अपराधियों का सफाया कर चुकी है। हालात यह हैं कि उत्तरप्रदेश में अपराधी डर के मारे जेल से जमानत तक लेने से हिचक रहे हैं। गैंगस्टर रहे आनंद मोहन की रिहाई से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गठबंधन की कवायद में लगे विपक्षी दल अपनी सत्ता को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। क्षेत्रीय दलों के लिए अपने हित सर्वोपरि हैं।

संकीर्ण हितों के कारण ही क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को कोसने के बावजूद एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। इस मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने फिर से पहल की है। नीतिश कुमार ने बिहार के राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खडग़े और जेडीयू और आरजेडी नेताओं के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। जिसमें कहा गया कि वे एक साथ खड़े हैं, भारत के लिए एक साथ लड़ेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी 2024 के चुनावों से पहले अन्य दलों के साथ तालमेल बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने पिछले महीने कोलकाता में अपने आवास पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। साथ ही वे लगातार विपक्षी एकता की बात कर रही हैं।

विपक्षी दलों ने इससे पहले भी भाजपा को घेरने के इरादे से प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया देश के आम नागरिक और नेताओं में कोई फर्क नहीं है। नेताओं के लिए अलग से आदेश नहीं दिए जा सकते। इस पर विपक्षी दल याचिका वापस लेने को मजबूर हो गए। सुप्रीम कोर्ट से मिले तगड़े झटके के बाद विपक्षी दलों के एकता के नए सिरे से प्रयास जारी हैं। विपक्षी एकता का धरातल इतना कमजोर है कि क्षेत्रीय दलों की आपस में और कांग्रेस से पटरी नहीं बैठ पा रही है। क्षेत्रीय दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सभी गैर भाजपा दलों को एकजुट करना है। इस बाधा को पार करने के बाद न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करना है।

पहली बाधा ही विपक्षी दलों के लिए हिमालय जैसी है। चुनावी एजेंडा तय करने में विपक्षी दलों को अपराध, भ्रष्टाचार सहित ऐसे कई बड़े मुद्दों से जूझना पड़ेगा, जिसमें ज्यादातर नेता प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। भाजपा की लगातार विजय में यह प्रमुख मुद्दा रहा है।

अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दल भाजपा के हाथों मात खाते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य भाजपा नेता जिस तरह लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, उससे जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विकास के साथ विपक्षी दलों के दागदार मामले प्रमुख मुद्दा रहेंगे। विपक्षी दलों के सामने यक्ष प्रश्न यही है कि एकजुटता की शुरुआत कैसे हो। यह निश्चित है कि सीटों के बंटवारे के अलावा भ्रष्टाचार और अपराधों सहित अन्य मुद्दों पर जब तक कोई सहमति नहीं बन जाती तब तक विपक्षी एकता कोरा दिखावटी प्रयास ही रहेगी। विपक्षी दल भाजपा के दामन में दाग ढूंढने के बजाय जब तक अपने स्वार्थों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हित में निर्णय नहीं करेंगे, तब तक भाजपा एकता के उनके प्रयासों को कटघरे में खड़ा करती रहेगी। विपक्ष की फूट का लाभ भी भाजपा उठा रही है।

## देश दुनीया से

# हमारे स्वास्थ्य में मोटे अनाजों की भूमिका

बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के बीच हम भारतीयों की थाली से लुप्त हुए मोटे अनाज अर्थात मिलेट की उपयोगिता को एक बार फिर से बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र को जो प्रस्ताव भेजा था उसको स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में पेश अपने बजट में मोटे अनाज के महत्त्व और भारत के परंपरागत भोजन को पूरी दुनिया में पहचान बनाने के लिए श्री अन्न योजना शुरू करने की बात कही थी। भारत में कई प्रकार के श्री अन्न की खेती होती है, जिसमें ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टू, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं। 1960 के दशक में हरित क्रांति के नाम पर भारत के परंपरागत भोजन को हटा कर गेहूं, चावल, मक्कई को बढ़ावा दिया गया। मोटा अनाज खाना बंद कर देने से कई तरह के रोगों के साथ ही देश में कुपोषण भी बढ़ा। कोरोना महामारी के बाद मोटे अनाज की महत्ता को देखते हुए पूरी दुनिया का ध्यान मोटे अनाज की पैदावार पर केंद्रित हुआ है। हाल ही में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में मोटे अनाज के महत्त्व, उत्पादन और प्रचार के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों को मोटे अनाज की फसल को उगाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ लोगों को मोटे अनाज के सेवन से फायदों पर व्याख्या सहित समझाया गया। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने धर्मशाला में आयोजित जी-20 में विदेशी एवं विशिष्ट मेहमानों को मोटे अनाज से बने कुकीज एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आहार परोसा एवं इस दिशा में किए जा रहे शोध एवं अध्ययन से अवगत करवाया। भारत जैसे देश जहां की जनसंख्या चीन से भी आगे निकल चुकी है, में मोटे अनाज का महत्त्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि बढ़ती जनसंख्या के साथ प्राकृतिक संसाधनों की कमी होना स्वाभाविक है। ग्लोबल वार्मिंग के फलस्वरूप हजारों लाखों वर्ष पुराने ग्लेशियर पिघल रहे हैं या पिघलने की कगार पर हैं। इन ग्लेशियर के नीचे लाखों वर्षों से दबे पड़े वायरस नदी-नालों के जरिए हम तक पहुंच कर कभी भी किसी महामारी के रूप में हमला कर सकते हैं। इसलिए हमें हमारे स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की जरूरत है। जंक फूड को अलविदा कहकर हमें अपने पारंपरिक भोजन की ओर लौटने की नितांत आवश्यकता है। दूसरी तरफ पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन के कारण पृथ्वी पर पानी का संकट गहराता जा रहा है। नदी-नाले व प्राकृतिक स्त्रोत सूख रहे हैं तो भूमि के भीतर जलस्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में धान एवं गेहूं की खेती करना किसान के लिए किसी जोखिम से कम नहीं। मोटे अनाज को उगाने के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। यह फसल पानी की कमी होने पर खराब भी नहीं होती है और ज्यादा बारिश होने पर भी इसे ज्यादा नुकसान नहीं होता है। मोटे अनाज की फसल खराब होने की स्थिति में भी यह पशुओं के चारे के काम आ जाती है। बाजरा और ज्वार जैसी फसलें बहुत कम मेहनत में तैयार हो जाती हैं। आर्गेनिक खेती के विकल्प के रूप में भी मोटे अनाज की फसल को देखा जा सकता है क्योंकि मोटे अनाज वाली फसलों में रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग करने की जरूरत नहीं होती है। इसी के साथ ही इन फसलों के अवशेष पशुओं के चारे के काम आते हैं। इसलिए इनको धान की पराली की तरह जलाना नहीं पड़ता और पर्यावरण प्रदूषण से भी बचा जा सकता है। कोरोना के बाद मोटे अनाज इम्युनिटी बूस्टर के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। इन्हें सुपरफूड भी कहा जाने लगा है। प्रदेश सरकार को भी मोटे अनाज की फसल को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रकार की योजनाएं बनाने की जरूरत है।

> वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में पेश अपने बजट में मोटे अनाज के महत्त्व और भारत के परंपरागत भोजन को पूरी दुनिया में पहचान बनाने के लिए श्री अन्न योजना शुरू करने की बात कही थी। भारत में कई प्रकार के श्री अन्न की खेती होती है, जिसमें ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टू, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं। 1960 के दशक में हरित क्रांति के नाम पर भारत के परंपरागत भोजन को हटा कर गेहूं, चावल, मक्कई को बढ़ावा दिया गया। मोटा अनाज खाना बंद कर देने से कई तरह के रोगों के साथ ही देश में कुपोषण भी बढ़ा। कोरोना महामारी के बाद मोटे अनाज की महत्ता को देखते हुए पूरी दुनिया का ध्यान मोटे अनाज की पैदावार पर केंद्रित हुआ है। हाल ही में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में मोटे अनाज के महत्त्व, उत्पादन और प्रचार के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## नागरिक बोध

# मन की बात ने दोतरफा संवाद की जो व्यवस्था कायम की उससे लोकतंत्र और मजबूत हुआ

राजनेता तमाम परियोजनाएं और कार्यक्रम शुरू करते हैं लेकिन उन्हें इस बात की फिक्र नहीं होती कि उसमें से कितनी परियोजनाएं पूरी होती हैं या कितने कार्यक्रम बिना किसी बाधा के निरंतर चलते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंदाज सबसे अलग है। वह जो परियोजनाएं शुरू करते हैं उसका शिलान्यास से लेकर उद्घाटन तक वह करते हैं। जो कार्यक्रम वह शुरू करते हैं वह निरंतर चलते भी हैं और रिकॉर्ड भी बनाते हैं। अब 'मन की बात' को ही लीजिये। प्रधानमंत्री बनने के बाद देश से सीधा संवाद कायम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन अक्टूबर 2014 को रेडियो पर 'मन की बात' कार्यक्रम शुरू किया था जिसकी सौवी कड़ी 30 अप्रैल 2023 को प्रसारित हो रही है। मासिक आधार पर प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की सौ कड़ियां पूरी होना एक अनोखा रिकॉर्ड तो है ही साथ ही इससे यह भी प्रदर्शित होता है कि प्रधानमंत्री देश की जनता से सीधे जुड़ने के लिए कितना आतुर रहते हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 'मन की बात' में मुद्दे उठाने के लिए प्रधानमंत्री देशवासियों से उनके सुझाव आमंत्रित करते हैं, जितने भी सुझाव आते हैं उन्हें वह देखते हैं, इससे उन्हें पता चलता है कि देश में क्या-क्या चल रहा है, क्या नई चुनौतियां और समस्याएं हैं या देश की जनता सरकार के बारे में क्या सोचती है। प्राप्त सुझावों में से बेहतरीन सुझावों का वह अपने कार्यक्रम में जिक्र करते हैं जिससे देशवासी भी खुशी से फूले नहीं समाते। आज के इस आधुनिक युग में जहां हर पल घटनाएं तीव्रता से बदलती हैं और हर कोई तमाम मीडिया या सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से हर विषय पर समाचारों से अवगत रहता है उसके बावजूद लोग यदि सामूहिक रूप से बैठ कर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए हर महीने के आखिरी रविवार का इंतजार करते हैं तो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' ही 'जनता के मन की बात' है क्योंकि देश-दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता होने के बावजूद मोदी ने इस कार्यक्रम को राजनीति से दूर ही रखा है। इस कार्यक्रम में वह देश की प्रगति, चुनौतियों और लक्ष्यों की चर्चा तो करते ही हैं साथ ही आम भारतीयों की उपलब्धियों और उनकी प्रेरक कहानियों से भी देश को रूबरू करवाते हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री की बदौलत रेडियो सुनने वालों की संख्या बढ़ी है और इस माध्यम में उनकी रुचि फिर से जगी है। इस रेडियो कार्यक्रम ने सामुदायिक बंधन को प्रगाढ़ करने में भी मदद की है। प्रधानमंत्री के 'मन की बात' को जनता कितना पसंद करती है इसका अंदाजा हाल के कुछ सर्वेक्षण परिणामों से लग जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 23 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को हर महीने के आखिरी रविवार को सुनते हैं, जिसमें 65 प्रतिशत श्रोता हिंदी में उनकी बात सुनना पसंद करते हैं।



# 7 साल बाद सऊदी–ईरान फिर खोलेंगे दूतावास : ईरानी विदेश मंत्री बोले– यह जल्दी होगा, ईद पर बातचीत के बाद लिया फैसला

**रियाद।**
सऊदी अरब और ईरान कुछ ही दिनों के भीतर एक–दूसरे की राजधानी में अपनी ऐंबैसी यानी दूतावास खोलने जा रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लाह ने लेबनान की राजधानी बेरूत में इसकी जानकारी दी। हालांकि, अब्दुल्लाह ने ऐंबैसी खुलने की तारीखों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने बताया कि ईद पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री से उनकी फोन पर बात हुई थी। जिसमें तय हुआ था कि हम कुछ ही दिनों में ऐंबैसी खोल लेंगे। दरअसल, सऊदी अरब और ईरान ने बिगड़ते संबंधों के बीच 2016 में डिप्लोमैटिक रिलेशन खत्म कर लिए थे। इसके बाद पिछले महीने चीन ने दोनों के बीच समझौता कराया था। अब्दुल्लाह ने ये भी बताया कि ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 12 साल बाद सीरिया जाएंगे। ये 2011 में वहां जंग शुरू होने के बाद ईरान के राष्ट्रपति की पहली विजिट होगी। ईरान सालों से सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद की विद्रोहियों से लड़ने और सत्ता में बने रहने के लिए मदद कर रहा है। सऊदी अरब और ईरान के संबंध बेहतर होने से मिडिल ईस्ट में कई तरह के संघर्ष रुकने की संभावनाएं हैं। दरअसल, सऊदी और ईरान में अरब देशों के बीच दबदबे को लेकर होड़ रही है। सऊदी सुन्नी बहुल देश है, जबकि ईरान की ज्यादातर आबादी शियाओं की है। इस वजह से दोनों आपस में एक–दूसरे के खिलाफ रहे हैं। यमन में जहां हूती विद्रोहियों को ईरान का साथ मिला, वहीं वहां की सरकार का सऊदी ने समर्थन किया। ऐसा ही सीरिया में भी देखने को मिला जहां सऊदी ने विद्रोहियों की मदद की तो ईरान ने बशर अल असद की सरकार का साथ दिया। अलजजीरा के मुताबिक अब दोनों देशों में रिश्ते ठीक होने से उम्मीद है कि दूसरे देशों में भी इनकी वजह से हो रहे संघर्ष और लड़ाईयां थमेंगी। सऊदी और ईरान के बीच रिश्तों को सुधारने की कई देश कोशिश कर चुके थे। इंटरसेप्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में सत्ता में आने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दो साल में यमन के गृह युद्ध को बंद करवाने का वादा किया था। वो सऊदी और ईरान की दुश्मनी की वजह से वादा पूरा नहीं कर पाए। जिसे चीन ने पूरा किया है। 11 मार्च को चीन की राजधानी बीजिंग में ईरान और सऊदी अरब के बीच अहम समझौता हुआ। जो चीन ने करवाया।

## न्यूज ब्रीफ

### उनके साथ रिश्ते बाकियों से अलग, इसकी वजह..., जयशंकर ने बताया क्यों बढ़ रहीं भारत-चीन की दूरियां



**सेंटो डोमिंगो ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सभी देशों के साथ उसके संबंध बिना किसी शर्तों के आगे बढ़े। उन्होंने कहा, हाल ही में चीन ने भारत के साथ सीमा समझौतों की अवहेलना की, जिससे द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थायी संबंध एकतरफा नहीं हो सकते है और इसमें परस्पर सम्मान होना चाहिए। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सेंटो डोमिंगो की यात्रा पर पहुंच हुए हैं। डोमिनिकन गणराज्य देश की यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। वहीं, विदेश मंत्री ने आज देश के उपराष्टपति रकील पेना के साथ डोमिनिकन गणराज्य में भारत के दूतावास का उद्घाटन किया है। उद्घाटन समारोह के दौरान वहां डोमिनिकन के उपराष्टपति समेत कई नेता मौजूद रहे थे। डोमिनिकन गणराज्य के राजनयिक स्कूल के बच्चों से बातचीत करते हुए भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी, संपर्क और सहयोग में बड़े पैमाने पर विस्तार देखा है। हालांकि, सीमा पार आतंकवाद के मद्देनजर पाकिस्तान इसका अपवाद बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकतर देशों से भारत का संबंध अच्छे हैं। चाहे वह अमेरिका, यूरोप, रूस या जापान हो हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि ये सभी संबंध बिना किसी शर्त पर आगे बढ़ें। जयशंकर ने कहा कि चीन से वर्तमान में हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि वह लगातार सीमा पर उल्लंघन करता रहता है।

### यूएन हेडक्वॉर्टर में सुनी जाएगी 'मन की बात': भारतीय मिशन ने कहा- 100वां एपिसोड ऐतिहासिक पल, बिल गेट्स ने पीएम मोदी को बधाई दी



**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां एपिसोड 30 अप्रैल को आने वाला है। इसे संयुक्त राष्ट्र के न्यूयॉर्क स्थित हेडक्वार्टर पर भी लाइव ब्रॉडकास्ट किया जाएगा। यूएन में भारत के मिशन ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा– पीएम मोदी के मन की बात का 100वां एपिसोड आने वाले वाला है। इस ऐतिहासिक पल के लिए तैयार हो जाइए। ये यूएन हेडक्वार्टर के ट्रस्टी काउंसिल चैंबर में लाइव होगा। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के को–फाउंडर बिल गेट्स ने भी मन की बात के लिए पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा– मन की बात ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और विकास जैसे कई मुद्दों को अहमियत दी है। इसकी वजह से आज कई समुदाय के लोग आगे आकर इन पर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी के मन की बात का 100वां एपिसोड रविवार को 11 बजे लाइव किया जाएगा। ये न्यूयॉर्क के समय के मुताबिक, रात करीब 1: 30 बजे ब्रॉडकास्ट होगा। भारत के परमानेंट मिशन ने कहा– मन की बात हर महीने की एक राष्टीय परंपरा बन चुका है। ये करोड़ों भारतीयों को विकास की यात्रा में अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित करता है। यूएन के अलावा न्यूयॉर्क में भारत के कॉन्सुलेट जनरल भी इंडियन अमेरिकन और प्रवासी भारतीयों के लिए इसे न्यू जर्सी में लाइव करेंगे। मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर 2014 को आया था।

### घटती जनसंख्या से परेशान चीन का बड़ा फैसला, सिंगल महिलाएं ले सकेंगी आईवीएफ ट्रीटमेंट

**बीजिंग ।** चीन अपनी घटती जनसंख्या से परेशान हो गया है और यही वजह है कि वह लोगों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नए–नए नियम बना रहा है। अब चीन ने एक और नया नियम बनाने जा रहा है, जिसके तहत सिंगल महिलाएं भी कानूनी तौर पर आईवीएफ ट्रीटमेंट ले सकेंगी। बता दें कि चीन के सिचुआन प्रांत में अविवाहित महिलाएं भी बच्चे पैदा कर सकती हैं। अब चीन की सरकार पूरे देश में इसे कानूनी तौर पर मान्यता देने की तैयारी कर रही है। साथ ही चीन की सरकार अविवाहित महिलाओं के गर्भवती होने पर मैटरनिटी लीव देने, बच्चे पैदा करने पर मिलने वाली सब्सिडी देने और साथ ही आईवीएफ ट्रीटमेंट लेने की भी अनुमति देने की तैयारी कर रही है। अगर चीन की सरकार आईवीएफ ट्रीटमेंट को सिंगल महिलाओं के लिए भी लीगल कर देती है तो इससे चीन में आईवीएफ की डिमांड में तेजी आने की उम्मीद है। जो महिलाएं सिंगल हैं और शादी करने की इच्छा नहीं रखती तो वो भी आईवीएफ के जरिए अब आसानी से मां बन सकेंगी। चीन में अभी 539 निजी और सरकारी आईवीएफ क्लीनिक हैं और 2025 तक चीन की सरकार हर 23 लाख लोगों पर एक आईवीएफ क्लीनिक खोलने पर विचार कर रही है।

## किम जोंग की बहन बोली– बाइडेन बूढ़े, कमजोर

# कहा– नॉर्थ कोरिया के खिलाफ उनका बयान बेतुका, वो अमेरिका को नहीं बचा सकते

**प्योंगयांग।**
अमेरिका और साउथ कोरिया के बीच न्यूक्लियर डील के बाद से नॉर्थ कोरिया भड़का हुआ है। तानाशाह किम की बहन किम यो जोंग ने डील को देखते हुए अपनी सैन्य ताकत का और ज्यादा प्रदर्शन करने की बात कही है। साथ ही यो जोंग ने बाइडेन की अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर जिम्मेदारी उठाने की क्षमता पर भी सवाल खड़े किए।

यो जोंग ने कहा– अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बूढ़े और कमजोर हो गए हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया की सत्ता को लेकर जो बयान दिया है वो बहुत ही बेतुका और गैर–जिम्मेदाराना है। बाइडेन अमेरिका की सुरक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी उठाने में सक्षम नहीं हैं। वो एक बूढ़े आदमी हैं जिनका कोई भविष्य नहीं है। उनके लिए अपना कार्यकाल पूरा करना भी बहुत मुश्किल है।



### अमेरिका-साउथ कोरिया के बीच वॉशिंगटन डेक्लेरेशन समझौता

बाइडेन ने साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने न्यूक्लियर हथियारों से जुड़े एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसको वॉशिंगटन डेक्लेरेशन नाम दिया गया था। समझौते के तहत अमेरिका अपनी न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन साउथ कोरिया भेजेगा।

मुलाकात के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बाइडेन ने कहा था– अगर नॉर्थ कोरिया ने परमाणु हमला किया तो ये वहां की सत्ता के अंत का कारण बनेगा। हम नॉर्थ कोरिया से आने वाले हर खतरे के खिलाफ अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जवाब देंगे।

### नॉर्थ कोरिया के प्रति आक्रामक रवैया अपना रहे साउथ कोरिया

तानाशाह की बहन ने कहा– अमेरिका और साउथ कोरिया के बीच डील इस बात का सबूत है कि वो हमारे प्रति आक्रामक रवैया अपनाना चाहते हैं। इसके लिए वो क्षेत्र में शान्ति और सुरक्षा को भी खतरे में डालने के लिए तैयार हैं। बाइडेन और येओल के बीच हुई बैठक ने परमाणु क्षमता बढ़ाने के हमारे फैसले को सही साबित कर दिया है। हमें परमाणु जंग के लिए अपने डिफेंस को और मजबूत करना है।

किम यो जोंग ने कहा– हमारे दुश्मन जितना ज्यादा परमाणु जंग के लिए युद्धाभ्यास करेंगे और कोरियन पेनिन्सुला में हथियार तैनात करेंगे, उतना ज्यादा अपनी रक्षा के लिए नॉर्थ कोरिया की कोशिशें और मिसाइल टेस्टिंग सही साबित होगी। द गार्जियन के मुताबिक, 2022 से अब तक नॉर्थ कोरिया 100 से ज्यादा मिसाइलों का परीक्षण कर चुका है। इनमें लंबी दूरी की क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों सहित भी शामिल हैं।

### परमाणु हथियार छोटे फिर भी अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम

नॉर्थ कोरिया ने लगातार ऐसे टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन बनाने का दावा किया है जो साउथ कोरिया पर हमला करने में सक्षम हैं। साथ ही तानाशाह किम ने ये भी कहा था कि उसने ऐसे लंबी दूरी के हथियार भी बनाए हैं जो जरूरत पड़ने पर अमेरिका तक पहुंच सकें। इसके अलावा हाल ही में किम ने जल्द ही एक स्पाई सैटेलाइट लॉन्च करने की भी बात कही थी। इसका मकसद अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान के मिलिट्री एक्शन पर नजर रखना है।


### लगातार मिलिट्री ड्रिल्स कर रहे अमेरिका-साउथ कोरिया

नॉर्थ कोरिया की तरफ से आ रहे परमाणु धमकियों के बीच अमेरिका और साउथ कोरिया मिलिट्री ड्रिल्स कर रहे हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने 12 दिन की एरियल एक्सरसाइज लॉन्च की थी। इसमें 110 वॉरप्लेन शामिल हुए थे। पिछले एक महीने से जारी मिलिट्री ड्रिल को 5 साल की सबसे बड़ी ड्रिल बताया गया था। इस ड्रिल को फ्रीडम शील्ड नाम दिया गया था। दोनों देशों ने साल 2018 में नॉर्थ कोरिया से शांति वार्ता शुरू करने के दौरान इस तरह की ड्रिल्स को बंद कर दिया था।

### नॉर्थ कोरिया ने सॉलिड फ्यूल वाली इंटर कॉन्टिनेंटल मिसाइल बनाई

नॉर्थ कोरिया ने हाल ही में पहली सॉलिड फ्यूल वाली इंटर कॉन्टिनेंटल मिसाइल के सफल परीक्षण किया था। नॉर्थ कोरिया ने अपनी अब तक की सबसे पावर फुल मिसाइल को हवासोंग–18 नाम दिया है। टेस्टिंग के दौरान इसने 1000 किलोमीटर तक की उड़ान भरी। मिसाइल में लिक्विड यानी तरल ईंधन की बजाय सॉलिड फ्यूल का इस्तेमाल किया गया था। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक सॉलिड फ्यूल पर चलने वाली मिसाइलें ज्यादा सुरक्षित होती हैं। इन्हें तेजी से तैनात किया जा सकता है।

# कारगर हो रही है यूक्रेन पर 'रणनीतिक अस्पष्टता' की चीन की नीति



**ब्रसेल्स ।**
ऐसा लगता है कि चीन ने यूक्रेन के मामले में 'रणनीतिक अस्पष्टता' की नीति अपना ली है। पश्चिमी विश्लेषकों के मुताबिक यह नीति ठीक उसी तरह की है, जैसी अमेरिका ने चीन से मौजूदा टकराव शुरू होने के पहले ताइवान के बारे में लगभग चार दशक तक अपनाए रखी थी।

इन विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि चीन लगातार हर देश की संप्रभुता और प्रादेशिक अखंडता की रक्षा पर जोर डालता है। लेकिन उसने यूक्रेन पर रूस के हमले की आज तक निंदा नहीं की है। इसके विपरीत उसने रूस के साथ 'बिना किसी सीमा की दोस्ती' की बात दोहराना जारी रखा है।

हाल में फ्रांस स्थित चीनी राजदूत लू शाये ने यह बयान देकर पश्चिमी राजधानियों में गहरी चिंता पैदा कर दी कि पूर्व सोवियत गणराज्यों का 'अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत कोई दर्जा नहीं है, क्योंकि उनकी संप्रभु हैसियत के बारे में कोई अंतरराष्ट्रीय समझौता मौजूद नहीं है।' इस बयान से मची हलचल के बीच चीन के विदेश मंत्रालय ने तुरंत यह स्पष्टीकरण दे दिया कि वह पूर्व सोवियत गणराज्यों का एक संप्रभु देश के रूप में सम्मान करता है। इससे माहौल थोड़ा ठंडा हुआ, लेकिन राजदूत लू शाये के बयान के पीछे के मकसद को लेकर अब भी कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ विश्लेषकों ने इसे रणनीतिक अस्पष्टता की सुविचारित नीति का हिस्सा बताया है।

इस बीच यूरोपियन यूनियन (ईयू) के लिए चीनी राजदूत फू कोंग ने कहा है कि जिस तरह रूस के साथ चीन का सहयोग असीमित है, उसी तरह यूरोप के साथ उसका सहयोग अनंत है। तुरंत बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेंस्की के साथ फोन पर लंबी बातचीत की। इसमें उन्होंने जेलेंस्की को आश्वासन दिया कि चीन 'आग में घी नहीं डालेगा' और उसकी राय में जारी टकराव को खत्म करने का एकमात्र तरीका बातचीत है।

ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम में प्रोफेसर स्टीफन वूल्फ ने एक टिप्पणी में लिखा है– 'इसमें कोई छिपी बात नहीं है कि यूक्रेन युद्ध का ईयू–चीन संबंध पर बहुत खराब असर पड़ा है। हाल में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ईयू की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन और जर्मन विदेश मंत्री एनालीना बेयरबॉक की चीन यात्रा के बाद इस बारे में कोई संदेह नहीं बचा है।

# एच1बी वीजा लॉटरी सिस्टम में हो रही धोखाधड़ी, इससे निपटने के लिए यूएससीआईसी लाएगी कानून

**वॉशिंगटन ।**
अमेरिका जाकर काम करने का सपना कई लोगों का होता है और इन लोगों का यह सपना पूरा करता है अमेरिका का एच1बी वीजा। एच1बी वीजा का एक लॉटरी सिस्टम भी होता है, जिसमें कंप्यूटर ड्रॉ के जरिए लोगों का चयन होता है। हालांकि अब यूएस सिटिजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विसेज ने माना है कि एच1बी वीजा के लॉटरी सिस्टम में धोखाधड़ी होती है। साथ ही इस धोखाधड़ी पर लगाम के लिए यूएससीआईएस जल्द ही कानून लागू करने की तैयारी कर रहा है।




### क्या कहा यूएससीआईसी ने

यूएस सिटिजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विसेज ने एक बयान जारी कर कहा कि हर साल एच1बी वीजा के लिए आवेदन में धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबूतों से पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2023 और वित्तीय वर्ष 2024 में अभी तक एच1बी वीजा के लॉटरी सिस्टम में धोखाधड़ी की जांच के लिए कई याचिकाएं दायर हुई हैं। यूएससीआईएस ने कहा कि एच1बी प्रोग्राम हमारे देश की इमीग्रेशन व्यवस्था, अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा है। ऐसे में यूएससीआईएस अमेरिका के श्रम बाजार की बदलती जरूरतों के हिसाब से इसमें कानून लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कैसे हो रही धोखाधड़ी

यूएससीआईसी ने कहा कि एच1बी वीजा लॉटरी सिस्टम के तहत हर साल आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस साल अभी तक लॉटरी सिस्टम में 7,80,884 आवेदन आ चुके हैं। वहीं बीते साल यह आंकड़ा 4,83,927 और उससे पिछले साल 3,01,447 था। आमतौर पर यह बढ़ोतरी एक ही आवेदक द्वारा कई रजिस्ट्रेशन कर देने के चलते हो रही है।

# क्लाइमेट चेंज से अफ्रीका में सूखे की आशंका 100प्रतिशत बढ़ी : तापमान बढ़ा, औसत से कम बारिश; सोमालिया में एक साल में 43 हजार मौतें

**वॉशिंगटन।**
क्लाइमेट चेंज की वजह से ईस्ट अफ्रीका में सूखा पड़ने की आशंका 100प्रतिशत बढ़ गई है। इसका खुलासा वर्ल्ड वेदर एट्रीब्यूशन की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिपोर्ट में कहा गया कि ढाई साल से अफ्रीका में एवरेज से कम बारिश हुई और ज्यादातर वक्त मौसम गर्म रहा। इस वजह से फसलें मुरझा गईं और जल गईं। कई जानवरों की मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया– जलवायु परिवर्तन ने दुनिया के सबसे गरीब इलाकों में से एक ईस्ट अफ्रीका (हॉर्न ऑफ अफ्रीका) को अकाल के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। हॉर्न ऑफ अफ्रीका रीजन में जिबूती, इरिट्रिया, इथियोपिया और सोमालिया जैसे देश बसे हैं। यहां हजारों लोग भुखमरी और पानी की कमी से जूझ रहे हैं।



### सोमालिया में सूखे की मार, पिछले साल 43 हजार से ज्यादा मौतें

सोमालिया में सिविल वॉर चल रहा है। वहां के हालात लड़ाई के कारण पहले से ही खराब थे, लेकिन सूखे ने हालात और बिगाड़ दिए। इससे देश में अस्थिरता बढ़ गई। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में 43 हजार से ज्यादा लोगों की मौत सूखा पड़ने के कारण हुई। इनमें ज्यादातर 5 साल से कम उम्र के बच्चे थे।

### हर साल 5प्रतिशत बढ़ सकती है गर्म मौसम की अवधि

रिपोर्ट में कहा गया कि ईस्ट अफ्रीका में पिछले ढाई साल में कम बारिश हुई, ऐसा 70 साल में पहली बार हुआ है कि इतने लंबे समय तक बारिश न के बराबर हुई हो और गर्मी हद से ज्यादा बढ़ी हो। स्टडी के मुताबिक, हर साल ये अवधि 5 प्रतिशत बढ़ सकती है। रिसर्चर्स की टीम की सदस्य और केन्या मौसम विभाग की मेट्रोलॉजिस्ट जॉयस किमुताई का कहना है कि इसका एक कारण ग्लोबल वॉर्मिंग भी है। तापमान तेजी से बढ़ रहा है इसके मुकाबले बारिश नहीं हो रही है। इसकी वजह से दुनिया के कई हिस्सों में आकाल पड़ सकता है।

18 वैज्ञानिकों की एक टीम ने क्लाइमेट चेंज पर रिसर्च की। इसमें बाढ़, हीटवेव जैसे एक्सट्रीम वेदर चेंज की वजह जानने पर फोकस किया गया। वैज्ञानिक जानते हैं कि ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से क्लाइमेट चेंज हो रहा है। लेकिन अलग–अलग मौसम के बिगड़ने के पीछे एक ही वजह– ग्लोबल वॉर्मिंग कैसे हो सकती है। इसका रोल क्या है, ये जानने के लिए रिसर्च हुई। आसान शब्दों में कहें तो ये बिलकुल स्मोकिंग और कैंसर की तरह है। सब जानते हैं कि स्मोकिंग की वजह से कैंसर होता है। लेकिन स्मोकिंग करने वाले हर शख्स को कैंसर नहीं होता और हर कैंसर मरीज स्मोकिंग करता हो, ये भी जरूरी नहीं।

## ईरान ने कुवैत से अमेरिका जा रहा जहाज सीज किया

# तेल टैंकर पर 24 भारतीय क्रू मेंबर, यूएस बोला- यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ

**तेहरान।**
ईरान ने अमेरिका की तरफ जा रहे एक तेल टैंकर को ओमान की खाड़ी में जब्त कर लिया था। टैंकर पर मार्शल आइलैंड का झंडा लगा हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस टैंकर में सवार 24 क्रू मेंबर्स भारतीय हैं। मरीन ट्रैफिक डॉट कॉम ने बताया कि ये टैंकर कुवैत से अमेरिका के ह्यूस्टन जा रहा था।

अमेरिकी नेवी ने टैंकर जब्त होने की जानकारी दी। वहीं ईरान की आर्मी ने कहा कि उन्होंने टैंकर को जब्त किया, क्योंकि टैंकर इंटरनेशनल वॉटर में एक ईरानी नाव से टकरा गया था। इसके बाद से नाव में सवार 2 ईरानी क्रू मेंबर्स लापता हैं वहीं कई लोग घायल हुए।




### जब्त होने से पहले जहाज ने दी थी इमरजेंसी की सूचना

अमेरिकी नौसेना ने बताया कि इस पोत का नाम एडवांटेज स्वीट है। जहाज ने इमरजेंसी की सूचना दी थी। यूएस नेवी के मुताबिक, तभी ईरान की आर्मी ने जहाज को जब्त किया था। इसके बाद अमेरिका ने पूरे मामले की निगरानी के लिए एक पोसीडियन समुद्री पैट्रोलिंग विमान भेजा, जिसने सूचना दी कि ईरानी नेवी ने टैंकर को पकड़ा है। अमेरिकी नौसेना ने कहा– ईरान की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ये कदम क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है। ईरान को तुरंत ही टैंकर को छोड़ देना चाहिए। नेवी ने बताया कि ईरान ने पिछले 2 सालों में ये 5वां कॉमर्शियल पोत जब्त किया है। उनकी तरफ से लगातार जहाजों को जब्त करना और नेविगेशनल अधिकारों में हस्तक्षेप करना समुद्री सुरक्षा और ग्लोबल इकोनॉमी के लिए खतरनाक है।

### कंपनी बोली- हमारी प्राथमिकता क्रू मेंबर्स की सुरक्षा है

एडवांटेज टैंकर का मैनेजमेंट तुर्किये की एक कंपनी करती है। हालांकि, चीन की एक कंपनी इस जहाज की ओनर है। तुर्किये की कंपनी ने एक बयान जारी कर जानकारी दी कि ईरानी नौसेना ने तेल टैंकर को एक अंतरराष्ट्रीय विवाद की वजह से ओमान की खाड़ी में जब्त किया। इसके बाद इसे एक बंदरगाह की तरफ ले जाया जा रहा है। इस पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्य भारतीय हैं। कंपनी ने कहा– हमारे क्रू मेंबर्स की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है, जिससे पता चलता है कि ऐसी परिस्थितियों में जहाज के चालक दल के सदस्यों को कोई खतरा नहीं होता है। हम जहाज और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकालने के लिए अधिकारियों के संपर्क में हैं।

### अमेरिका ने भी पकड़ा था तेल टैंकर स्वेज राजन

कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने मार्शल आइलैंड के एक तेल टैंकर स्वेज राजन को जब्त कर लिया था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, इस टैंकर की आखिरी लोकेशन अफ्रीका के साउथ में 22 अप्रैल को मिली थी, जिसके बाद से टैंकर लापता है। इससे पहले पिछले साल अप्रैल में भी अमेरिका ने रूसी झंडे वाले ईरान के एक तेल कार्गो को ग्रीस के पास पकड़ने की कोशिश की थी। ये देखते हुए ईरान ने मई में ग्रीस के 2 टैंकरों को जब्त कर लिया था। हालांकि, बाद में उन्होंने दोनों टैंकर छोड़ दिए थे।

### 2020 में अंतरराष्ट्रीय वॉटर में शुरू हुआ विवाद

अमेरिका ने 2020 में भी वेनेजुएला जा रहे विदेशी जहाजों पर से ईरानी ईंधन के 4 कार्गो को जब्त कर लिया था। इसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने कुछ फॉरेन पार्टनर्स की मदद से ईंधन को 2 जहाजों पर ट्रांसफर किया और इन्हें अमेरिका पहुंचाया गया था। इसी के बाद से अंतरराष्ट्रीय वॉटर में अमेरिका और ईरान की तरफ से लगातार कॉमर्शियल जहाजों पर कार्रवाई की जाती रही है।

# बेरोजगारी और कर्ज के मुद्दे पर विपक्ष की जानकारी अधूरी : मनोहर लाल

## एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मान्य होगा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कर्ज तथा बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेर रहे विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा है कि विपक्ष के लोग अधूरी जानकारी के आधार पर बोल रहे हैं लेकिन प्रदेश की जनता सच्चाई जान चुकी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार देर रात चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रदेश में बेरोजगारी और सरकार पर कर्ज के आंकड़ों पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का गणित बहुत कमजोर है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार जीएसडीपी के 25 प्रतिशत तक कर्ज ले सकती है और हम इस सीमा के अंदर ही हैं। कांग्रेस के समय राज्य की जीएसडीपी 3 लाख करोड़ थी, उसके हिसाब से उन्होंने ऋण लिया हुआ था। लेकिन



आज प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है और हमारे प्रयासों से आज जीएसडीपी 10 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। इस जीएसडीपी के अनुसार ही हम ऋण ले रहे हैं। हमारा ऋण सीमा के अंदर ही है। मनोहर लाल ने कहा कि बेरोजगारी के लिए विपक्ष एक प्राइवेट एजेंसी के आंकड़े दिखाता है, जिसके आंकड़े सही नहीं हैं। यह संस्था कभी 24, कभी 34 और कभी 37 प्रतिशत बेरोजगारी दर्शाती है। उसके आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र पर एक परिवार का डाटा है और इस डाटा में जो बेरोजगार हैं, उन लोगों ने स्वयं घोषित किया है। इसके अनुसार प्रदेश में लगभग 5 -6 प्रतिशत बेरोजगारी है। बेरोजगारी दर को कम करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार कम करने के लिए हमने व्यवस्था परिवर्तन के कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र बनाया है, जिससे जनता को सभी सुविधाएं घर बैठे मिल रही हैं। इसलिए पीपीपी की वास्तविक परिभाषा परमानेंट प्रोटेक्शन ऑफ पुअर पीपल है। पीपीपी के माध्यम से साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड दिसंबर के महीने में बनाए गए हैं। 2 लाख लोगों ने शिकायत की थी कि उनका गलत राशन कार्ड कट गया है। हमने सर्वे करवाया और लगभग सवा लाख राशन कार्ड दोबारा बना दिए हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्षी नेता कहते थे कि जब उनकी सरकार आएगी तो वह पोर्टल बंद कर देंगे, मेरिट खत्म कर देंगे। वास्तव में आमजन को हमारी सरकार की इन नीतियों से फायदा पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने ओल्ड पेंशन स्कीम को बंद किया था तो क्यों किया था और आज वे नारे लगा रहे हैं कि ओल्ड पेंशन को लागू करो। केंद्र सरकार ने नई पेंशन योजना को लेकर कमेटी बनाई है, जब कमेटी का निर्णय होगा आएगा तब आगे विचार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसवाईएल के कारण हरियाणा को अपने हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट हरियाणा के हक में फैसला कर चुका है। अभी भी सुप्रीम कोर्ट ने ही निर्णय लेना है कि एसवाईएल का निर्माण कैसे होगा और कौन बनाएगा।

## जैश-ए-मोहम्मद का मददगार गिरफ्तार

**कुपवाड़ा ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक मददगार को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमरग छोड़ तेरथपोरा निवासी खुर्शीद अहमद भट को गनई मोहल्ला पजलपोरा मागम हंदवाड़ा में नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया। हंदवाड़ा पुलिस और सेना (15 आरआर) की संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति को नियमित जांच के दौरान रोका। संदिग्ध दिखने वाले व्यक्ति ने सुरक्षा बलों से बचकर भागने का प्रयास किया लेकिन सतर्क जवानों ने उसे चतुराई से पक छोड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक हथगोला और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम कर रहा था। पुलिस ने कहा कि हंदवाड़ा पुलिस थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## आठवीं की टॉपर छात्राओं के लिए सीएम ने की नगद पुरस्कार की घोषणा



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आठवीं कक्षा में टॉप करने वाली तीनों छात्राओं को 51-51 हजार रुपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करने का ऐलान किया है। छात्राओं को पढ़ाने वाले टीचर भी सम्मानित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मान ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बीती शाम आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बुढ़लाडा के सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा लवप्रीत कौर और इसी स्कूल की छात्रा गुरअंकित कौर और लुधियाना के स्कूल की छात्रा समरप्रीत कौर ने टॉप किया है। लवप्रीत कौर 100 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान, गुरअंकित कौर भी 100 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान और समरप्रीत कौर 99.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला। पंजाब के मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि पंजाब सरकार विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में बेहतर माहौल देने के लिए वचनबद्ध है। विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में ही ऐसा माहौल प्रदान किया जाएगा कि वह यहां पढ़कर जीवन में तरक्की कर सकें।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले पायलट, कई मुद्दों पर की चर्चा

**जयपुर ( हिंस )।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी से मुलाकात करने उनके निवास पर पहुंचे। उन्होंने इस मुलाकात को अनौपचारिक बताया। विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और पायलट के बीच करीब एक घंटा चर्चा हुई, जिसके राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा के बाद पायलट ने पत्रकारों से बातचीत में अपनी बात कही और कर्नाटक में सोनिया गांधी को विषकन्या कहे जाने पर आपत्ति जताई। पायलट ने कहा कि सोनिया गांधी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कद्दावर नेता हैं, उनके लिए इस तरह की भाषा निंदनीय और शर्मनाक है। चुनाव को देखते हुए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। पायलट ने कहा कि देश में आज महंगाई, बेरोजगारी या पहलवानों के प्रदर्शन जैसे ज्वलंत मुद्दे हैं। हमारे पहलवान दिल्ली में धरने पर बैठे हैं और कोर्ट के इंटरवेंशन के बाद मुकदमा दर्ज होता है, जबकि एफआईआर दर्ज होना स्वभाविक सी बात है। जिन खिलाड़ियों ने हमारे लिए मेडल जीते, देश का नाम रोशन किया, वे आज आरोप लगा रहे हैं। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने इस पर कोई काम नहीं किया, जो दर्शाता है कि भाजपा अपने नेताओं को बचाना चाहती है। पायलट ने कहा कि आज देश में मुद्दों की राजनीति होनी चाहिए, महंगाई, बेरोजगारी पर बात होनी चाहिए।

## बृजभूषण व संदीप सिंह को तुरंत गिरफ्तार करवाए सरकार : बजरंग गर्ग

**हिसार ( हिंस )।** जिले के कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राजगढ़ रोड स्थित कांग्रेस भवन के आगे एकत्रित होकर भाजपा सांसद एवं कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का पुतला फूंका। कांग्रेस जनों ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बृजभूषण व हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह का बचाव करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन व पुतला फूंक कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ब्रजभूषण के खिलाफ दिल्ली में यौन शोषण के दो मामले दर्ज होना अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के संघर्ष की पहली जीत है। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी यौन शोषण




के मामले में लगभग साढ़े तीन माह से केंद्र सरकार से ब्रजभूषण के खिलाफ मामला दर्ज करके उनको संघ के अध्यक्ष पद से हटाने की मांग कर रहे हैं, मगर केंद्र सरकार उन्हें बचाने में लगी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह शर्म की बात है कि केंद्र सरकार ने ब्रजभूषण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जो कि देश की बहन-बेटियां का बहुत बड़ा अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रभावशाली सांसद ब्रजभूषण एक अपराधी सोच का व्यक्ति है, जिसके खिलाफ पहले ही हत्या के तीन, हत्या प्रयास के 17 व टाडा सहित 38 मामले दर्ज हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, कांग्रेसी नेता अनिल मान, धर्मवीर गोयत, वजीर सिंह पूनिया, हांसी नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन सुमन शर्मा, किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अब नर्सिंगकर्मियों ने एक मई से हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

**श्रीगंगानगर ( हिंस )।** पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, एलडीसी और मंत्रालयिक कर्मचारियों की हड़ताल के बीच अब स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, एलएचवी और बीएचएस ने भी एक मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे दी है। एलएचवी/एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की जिला शाखा श्रीगंगानगर की अध्यक्ष शीला कुमारी ने बताया कि हड़ताल को लेकर संगठन की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनमोहन गुप्ता, एडीएम प्रशासन डॉ. हरितिमा और एसपी परिस देशमुख को ज्ञापन के माध्यम से सूचना दे दी गई है। एक मई से एएनएम, एलएचवी और बीएचएस सभी बेमियादी हड़ताल पर रहेंगे। शीला कुमारी ने बताया कि एलएचवी का पदनाम सीनियर सर्किल हेल्थ नर्स ऑफिसर और एएनएम का पदनाम पब्लिक हेल्थ नर्स ऑफिसर किया जाए। एएनएम की ग्रेड पे 3600 और एलएचवी की 4200 रुपए करने सहित विभिन्न मांगें जब तक पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगी।

## मुख्यमंत्री ने बीकानेर में शहीदों की प्रतिमाओं का किया अनावरण

**बीकानेर/जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को बीकानेर में शहीदों की शहादत को नमन किया। उन्होंने श्रीडूंगरग छोड़ के धीरदेसर चोटियान में शहीद नायक राकेश चोटिया और सोनियासर शिवदान सिंह में शहीद हेतराम गोदारा की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने शहीदों के परिवारजनों से मुलाकात की और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिमा अनावरण समारोह में कहा कि राजस्थान के सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। यहां के घर-घर में राष्ट्रीयता और देश प्रेम का जज्बा है। ऐसे सपूतों के बलिदान के प्रति राष्ट्र कृतज्ञ रहेगा। गांव में शहीद की प्रतिमा स्थापित करना अनुकरणीय कार्य है। प्रतिमाओं से भावी फीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहीदों के आश्रितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए विशेष पैकेज बनाया गया है, जिसमें शहीद के बच्चों को




नौकरी देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही देश के विभिन्न राज्यों में शहीदों के आश्रितों को दिए जाने वाले पैकेज का अध्ययन किया जाएगा। राज्य सरकार का प्रयास रहेगा कि मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों के सम्मान में आश्रितों को सर्वश्रेष्ठ पैकेज मिलें। मुख्यमंत्री ने समारोह में धीरदेसर चोटियान के उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में और सोनियासर शिवदान सिंह के उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में क्रमोन्नत करने के लिए घोषणा की। इस घोषणा पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरंत प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन और सहायता मंत्री गोविंदराम मेघवाल, राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड अध्यक्ष रामेश्वर डूडी, केश कला बोर्ड अध्यक्ष महेंद्र गहलोत, माटी कला बोर्ड अध्यक्ष डूंगरराम गेदर, भूदान बोर्ड अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा, गुजरात राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल, पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री व विधायक गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा, डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन के महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल और अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित आमजन उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : लालपुरा



**तरनतारन ( हिंस )।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने प्रशासनिक अधिकारियों को प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत चल रही योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। अल्पसंख्यकों को लाभ पहुंचाने वाली केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के लिए लालपुरा ने शनिवार सुबह तरनतारन जिले के अधिकारियों की बैठक की। इस अवसर पर जगविंदर सिंह ग्रेवाल, अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास), अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार सरचंद सिंह ख्याला और जसविंदर सिंह ढिल्लों, भाजपा जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह मियांविंड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिक अधिकारी पल्लव श्रेष्ठ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर लालपुरा ने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए भारत सबसे सुरक्षित है। यहां अल्पसंख्यक आबादी बढ़ रही है। सरकारी योजनाओं से रोजगार के अवसर सृजित करने की आवश्यकता है, ताकि युवाओं को विदेशों में पलायन न करना पड़े। उन्होंने नशे पर चिंता जताते हुए कहा कि रोजगार देकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से तरक्की कर रहा है लेकिन दुर्भाग्य से पंजाब पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा भारत के छह राज्यों में आनंद मैरिज एक्ट लागू किया गया है लेकिन पंजाब में अभी भी यह एक्ट लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने को विशेष प्राथमिकता दे रहे हैं और भारत सरकार अल्पसंख्यक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबंधित है। बैठक के दौरान लालपुरा ने अधिकारियों को अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रचार-प्रसार व क्रियान्वयन में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए। बैठक के दौरान अध्यक्ष लालपुरा ने शिक्षा, रोजगार, आवास, कानून व्यवस्था सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर गुरमुख सिंह बरेर, अनूप सिंह भुल्लर, उपकार दीप प्रिंस, रामलाल जी, पवन कुंद्रा, कुलदीप सिंह बब्बू, अतुल जैन शिव कुमार सोनी, अमरपाल सिंह खैरा, गुरसाहिब सिंह साहिब सिंह सुगा, अशोक कुमार बंटी, बीबी अमनदीप कौर उपल भी मौजूद रहे।

## अंबाला में कब्जा लेने गई एनएचएआई टीम बैरंग लौटी

### किसानों ने कहा जब तक भुगतान नहीं, तब तक जमीन नहीं देंगे

**अंबाला ( हिंस )।** अंबाला में नया रिंग रोड बनाने के लिए जमीन का कब्जा लेने गई एनएचएआई की टीम को गांव वालों ने वापस खदेड़ दिया। शनिवार को किसानों ने कहा कि जब तक जमीन के रुपयों का भुगतान नहीं किया जाता तब तक वे जमीन पर कब्जा नहीं लेने देंगे। जमीन का कब्जा लेने की कार्रवाई के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी ग्रुप) से जुड़े किसान शामिल थे। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप के ब्लॉक टू के प्रधान बलजिंद्र ने कहा कि किसान की बात सुनी जाए और समस्या सुनी जाए। गांव में जब तक हर किसान का बकाया नहीं दिया जाता, तब तक कब्जा नहीं देंगे और किसी भी हालत में नहीं देंगे। यहां से किसान डीआरओ कार्यालय जाते हैं तो वहां पर बोला जाता है कि कब्जा न दो। किसानों ने



एनएचएआई के अधिकारियों को साफ कहा कि जब तक किसानों को मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी हालत में कब्जा नहीं देंगे। किसान नेता महासचिव संगठन राम सिंह, पूर्व सरपंच भाग सिंह, नए सरपंच निर्मल सिंह, पूर्व सरपंच गुरदेव सिंह, राजिंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें कब्जे से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन किसानों की बात सुनी जाए। गांव सपेड़ा में जब तक किसानों का एक-एक रुपया का भुगतान नहीं होगा, तब तक कब्जा नहीं लेने देंगे। जमीन लेने के बाद रुपए देने के मामले में किसानों को धक्के खाने पड़ते हैं। किसान अपनी फसल की तैयारी करेगा या इनकी वजह से धक्के खाता रहेगा। अधिकारियों ने किसानों को सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ दिया है। किसानों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि 3 दिन में सभी की पेमेंट जारी की जाए। किसान उसी दिन कब्जा दे देंगे। अंबाला जिले के छह गांवों से 40 किलोमीटर का रिंग रोड निकलेगा। इस रिंग रोड में गांव बाड़ा, बुहावा, धुराली, दुखेड़ी, कोट कछुआ खुर्द व मोहड़ा के 253 किसानों जमीन का अधिग्रहण किया गया है।इसमें पंजाब के 3 गांव समेत हरियाणा के 30 गांव की 657 एकड़ जमीन अधिग्रहीत होगी।

## पंजाबी गायकों को बंबीहा गैंग ने दी धमकी



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में गैंगस्टरवाद और पंजाबी कलाकारों के बीच का विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। गैंगस्टरों ने एक फिर से पंजाबी कलाकारों को धमकी दी है। शनिवार को बंबीहा गैंग से संबंधित जस्सा ग्रुप ने करण औजला व शैरी मान को धमकी दी है। जस्सा ग्रुप ने लिखा है कि करन औजला और शैरी मान जितनी मर्जी सफाई देते रहें, जितनी मर्जी लॉरेंस गैंग के साथ नाचो, लेकिन तुम्हारा हिसाब जरूर करेंगे। कैलिफोर्निया में आयोजित कार्यक्रम की वीडियो में गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई करण औजला के साथ स्टेज पर नजर आया था। इस दौरान साथ में सेल्फी लेता भी दिखा। इसके बाद से बंबीहा गैंग के गुर्गे सक्रिय हो गए हैं। जस्सा ग्रुप ने लिखा कि सिद्धू मूसेवाला की मौत के बाद कई लोगों ने परिवार का साथ देने बजाए उनका फायदा उठाया है। मीडिया ने लॉरेंस का इंटरव्यू करके उसे मशहूर किया है। लॉरेंस कभी सलमान खान को धमकी देता है तो कभी मूसेवाला के परिवार को धमका रहा है। गैंग ने लिखा कि लॉरेंस वह शख्स है जो दूसरे लोगों पर डिपेंड रहता है। खुद चूहे की तरह बिल में छिप कर वारदातों की जिम्मेदारियां लेता है। लॉरेंस और उसके भाई अनमोल ने चोरी छोड़ कर अब पंजाबी गायकों के साथ नाचना शुरू कर दिया, वह भी अमेरिका में। अब गोल्डी बरार रह गया, कल को वह भी इन्हीं के साथ नाचता दिख जाएगा।

## ब्राह्मण रत्न सम्मान समारोह आज

**जयपुर ( हिंस )।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा 30 अप्रैल सुबह ग्यारह बजे प्रदेशस्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन अवसर पर एमआई रोड स्थित चैम्बर भवन में ब्राह्मण रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा ने बताया है कि पिछले 32 वर्षों से सर्व ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण समाज की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को *ब्राह्मण रत्न* के अलंकरण से विभूषित कर रही है। इसमें पुलिस सेवा, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, विधि, कला, एवं समाज सेवा के क्षेत्रों की उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है। युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया है कि समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा करेगें।

## गीता से ठीक, गलत, शिष्टता और दुष्टता का होता है ज्ञान : विज

### मानव जाति को ठीक रास्ते पर चलने के लिए गीता के माध्यम से राह दिखाई गई

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के गृह मंत्री ने कहा कि गीता जी का उपदेश लोगों को बताता है कि *ठीक क्या है, गलत क्या है, ज्ञान क्या है, शिष्टता क्या है, दुष्टता क्या है, अच्छा क्या है, बुरा क्या है* इन सबका ज्ञान गीता में बताया गया है। उन्होंने कहा कि मानव जाति को ठीक रास्ते पर चलने के लिए गीता के माध्यम से राह दिखाई और बताई गई है ताकि उनके जीवन में उजाला हो सके। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के डार्लिंग हार्बर थियेटर में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत *गीता एन अपीटोम ऑफ पीस, फ्रेटरनिटी एंड हारमोनी* विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुरु शरणानंद महाराज, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। विज ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम की इस संगोष्ठी का आरंभ हमने दीप प्रज्ज्वलन करके किया है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा है कि हम अक्सर अपने कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलित करके



करते हैं क्योंकि दीपक अंधेरे को मिटा कर रोशनी का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि मानव जाति के जीवन में उजाला करने के लिए लगभग 5000 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन के माध्यम से लोगों के जीवन में उजाला करने के लिए गीता का उपदेश दिया जो जिंदगी के टेढ़े मेढ़े रास्तों में व्यक्ति को रोशनी दिखाने का काम करता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विज ने कहा कि धर्म पर बहुत चर्चा होती है सारे विश्व में धर्म पर चर्चा होती है लेकिन धर्म तीन अक्षरों का शब्द है यानी ऐसा रास्ता धारण करना, जो मुक्ति दिला दे, मंजिल दिला दे, मोक्ष दिला दे। उन्होंने कहा कि अगर इस फार्मूले पर गीता को परखा जाए तो इनमें सारे गुण हैं। यह जीवन में आपकी जो मंजिल है उस मंजिल को दिला सकता है और अगर आप मोक्ष प्राप्त करना चाहते हैं तो मोक्ष दिला सकता है। इसमें ज्ञान योग, भक्ति योग, संख्या योग, कर्म योग के अलावा सभी प्रकार के योगों का उल्लेख किया गया है। विज ने कहा कि हर आदमी के संस्कार, गुण, धर्म अलग-अलग होते हैं जिस रास्ते को वह अपनाना चाहे, वह रास्ता अपना सकता है लेकिन गीता में सभी रास्तों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। उन्होंने उदहारण देते हुए बताया कि जिस प्रकार से परीक्षा में सफल होने के लिए कुंजी आया करती थी, उसी प्रकार से जीवन में सफल होने के लिए गीता एक कुंजी है। उन्होंने कहा कि हमारा यह भी सौभाग्य है कि हमारे इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज दिन रात एक किए हुए हैं। वे गीता के ज्ञान को स्थान स्थान पर पहुंचाने, इस पर चर्चा करने, संगोष्ठी करने और उसकी व्याख्या करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।



# आईएमएफ की एमडी का दावा, एशियाई देश ने पैदा किए रोजगार के नए अवसर

**नई दिल्ली ।**
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अनुमान के मुताबिक, वित्तीय क्षेत्र में उथल-पुथल, महंगाई के दबाव, रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव और पिछले तीन वर्षों में कोविड-19 महामारी के जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगी। उच्च ब्याज दरों के कारण आर्थिक गतिविधियों में कमी से आईएमएफ ने अपने वैश्विक वृद्धि के अनुमान में सुधार किया है। इसने चेतावनी दी कि वित्तीय प्रणाली की उथल-पुथल में तेज वृद्धि से उत्पादन मंदी के स्तर के करीब पहुंच सकता है।

आईएमएफ के अनुसार, चालू वर्ष में भारत में महंगाई दर 4.9 फीसदी तक और अगले वित्त वर्ष में 4.4 फीसदी तक कम हो जाएगी। रिपोर्ट में वैश्विक विकास दर 2023 में 2.8 फीसदी के निचले स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, हालांकि यह 2024 में 3 फीसदी तक बढ़ सकता है।

**वैश्विक जीडीपी में फ्रांस-ब्रिटेन से ज्यादा होगा भारत का हिस्सा** - वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी 2028 तक फ्रांस और ब्रिटेन को पार करने की उम्मीद है। इससे भारत वैश्विक आर्थिक विकास को चलाने में एक प्रमुख देश बन जाएगा। वैश्विक विकास में 75 फीसदी योगदान देने वाले 20 देशों के साथ, चीन, अमेरिका और इंडोनेशिया के साथ भारत शीर्ष योगदानकर्ताओं में बना हुआ है, जिसने एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कोविड-19 से पैदा चुनौतियों से निपटने के लिए डिजिटलीकरण का लाभ उठाने में भारत के प्रयासों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, भारत न केवल तूफान से निपटने में सफल रहा है, बल्कि विकास और रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए हैं। 2023 में वैश्विक विकास में भारत का योगदान 15 फीसदी रहने की भी उम्मीद जताई गई है। जॉर्जीवा ने कहा, भारत ने बजट में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पूंजीगत खर्च में वृद्धि की है। इससे लंबे समय के विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार होगा और भारत को सतत विकास हासिल करने में मदद मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अल्ट्राटेक सीमेंट का रिजल्टः नेट प्रॉफिट 32प्रतिशत घटकर 1,665 करोड़ रहा, रेवेन्यू 18प्रतिशत बढ़ा; 38 डिविडेंड देगी कंपनी




**मुंबई।** अल्ट्राटेक सीमेंट ने चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के रिजल्ट्स अनाउंस कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 32.29प्रतिशत घटकर 1,665.95 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 2,460.51 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। कंपनी का रेवेन्यू 18.36प्रतिशत बढ़कर 18,662.38 करोड़ रुपए रहा। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में ये 15,767.28 करोड़ रुपए रहा था। अल्ट्राटेक सीमेंट ने कहा कि कंपनी ने एफवाय -23 में 10 करोड़ प्रोडक्शन, डिस्पैचेज और सेल्स दर्ज की है।

### बायजू के बेंगलुरु स्थित 3 ठिकानों पर ईडी का छापाः कंपनी को 2011 से अब तक 28 हजार करोड़ का एफडीआई मिला, ऑडिट नहीं कराया




**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय ने बायजूस के फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन के बेंगलुरु स्थित तीन ठिकानों की तलाशी ले रही है। ईडी फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के प्रावधानों के तहत ये कार्रवाई कर रही है। यह छापेमारी बायजू रवींद्रन और उनकी कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड के ठिकानों पर की गई है। अधिकारियों ने तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया है। जांच एजेंसी के अनुसार, कंपनी को 2011 और 2023 के बीच 28,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला है। इसके अलावा कंपनी ने भी एफडीआई के नाम पर पैसा अलग-अलग देशों में भेजा। ईडी के अनुसार, बायजू के नाम से ऐडटेक प्लेटफॉर्म चलाने वाली थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड ने विज्ञापन और मार्केटिंग खर्च के नाम पर करीब 944 करोड़ रुपए खर्च किए थे। वहीं कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से अपने फाइनेंशियल स्टेटमेंट तैयार नहीं किए और खातों का ऑडिट नहीं कराया। इसलिए इसकी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई निजी लोगों द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर की गई है। इसके अलावा रवींद्रन पर आरोप है कि उनके नाम पर कई समन जारी किए गए, लेकिन वह ईडी से बचते रहे और कभी पेश नहीं हुए। बायजूस ने फरवरी महीने में करीब 1,500 कर्मचारियों की छंटनी की थी। इससे पहले अक्तूबर में बायजूस ने करीब 2,500 कर्मचारियों की छंटनी की थी। ज्यादा लागत और ऑपरेशंस की आउटसोर्सिंग का हवाला देते हुए ये छंटनी की गई थी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.16 अरब डॉलर घटा




**नई दिल्ली ।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान 2.164 अरब डॉलर घटकर 584.248 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.657 अरब डॉलर बढ़कर 586.412 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। बता दें कि अक्तूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार अपने ऑल टाइम हाई 645 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। वैश्विक कारणों से रुपये को टूटने से बचाने के लिए आरबीआई की ओर से अपने मुद्रा भंडार का इस्तेमाल करने से इसमें गिरावट दर्ज की गई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़े बताते हैं कि 21 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा फॉरेन करेंसी असेट्स (विदेशी मुद्रा आस्तियां) 2.146 अरब डॉलर घटकर 514.489 अरब डॉलर रह गया। डॉलर में अभिव्यक्त किये की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आए उतार-चढ़ाव के प्रभावों को शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.4 करोड़ डॉलर घटकर 46.151 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.431 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.4 करोड़ डॉलर घटकर 5.176 अरब डॉलर रह गया।

दुबई में 83 हजार भारतीय कंपनियां

# पिछले साल 11 हजार रजिस्टर्ड हुईं, अमीरात के वेल्थ फंड्स ने भारत में 2.78 लाख करोड़ रुपए लगाए

**दुबई।**
दुबई में चहलपहल से दमकते मीनाबाजार के बीच खड़े होकर नहीं लगता कि आप मुंबई से सैकड़ों किलोमीटर दूर हैं। बाजार की गलियों में बिरयानी वाला एंड कंपनी, मिनी पंजाब रेस्तरां और तनिष्क ज्वेलरी जैसे नामों की भरमार है। हिंदी, मलयालम और अरबी भाषा में दुकानों के साइनबोर्ड नजर आते हैं। मीनाबाजार भारतीय बिजनेस के बढ़ते विशाल नेटवर्क की झलक दिखाता है। स्थानीय बिजनेस चैम्बर के अनुसार भारतीयों के स्वामित्व की 11 हजार कंपनियां 2022 में दर्ज हुई हैं। इन्हें मिलाकर कुल भारतीय कंपनियों की संख्या 83 हजार हो गई है।

**यूएई में 35 लाख भारतीय** - भारतीय कंपनियों के पीछे संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले 35 लाख भारतीय खड़े हैं। इन आप्रवासियों ने 2021 में 1.63 लाख करोड़ रुपए से अधिक भारत भेजे हैं। यूएई के लिए भारत फूड, जेम्स, ज्वेलरी, चमड़े की वस्तुएं, दवाइयों और निवेश के अवसरों का स्रोत है। भारत के लिए यूएई पूंजी का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। 1973 में ऐसी स्थिति अकल्पनीय थी जब भारतीय साड़ियों वाले एक स्टोर का नाम मीनाबाजार रखा गया था। अबू धाबी बहुत गरीब था। 1966 तक भारतीय रुपए का एक वर्जन यहां की करेंसी-एक्सटर्नल रुपी था। पूरा अंतरराष्ट्रीय कारोबार बंबई के जरिये होता था। पचास साल बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है।

**प्रमुख कंपनियों में 60प्रतिशत चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर भारतीय** - अमीराती शॉपिंग माल्स दुनियाभर के प्रोडक्ट्स से जगमगा रहे हैं। दुबई के 68 मंजिला अलमास टॉवर में भारतीय जैम ट्रेडर्स बड़ी संख्या में हैं। भारत और अमीरात के बीच कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय दूतावास के एक सर्वे में पाया गया कि प्रमुख कंपनियों में 60प्रतिशत चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर भारतीय हैं। फंड मैनेजर पंकज गुप्ता कहते हैं, अमीरात की इंडस्ट्रीज में भारतीय उच्च पदों पर हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार पिछले साल 16प्रतिशत बढ़ा है। यूएई के टैक्स सिस्टम के कारण निवेश अधिक हो रहा है। वहां कोई पर्सनल टैक्स नहीं है। 2020 की शुरुआत में जब मुकेश अंबानी ने यूएई के कई सोवरीन वेल्थ फंड्स से अरबों डॉलर जुटाए थे तब से उसे पूंजी का प्रमुख स्रोत माना जा रहा है। कंसल्टेंसी कंपनी बेन्स के अनुसार 2018 से 2022 के बीच अमीराती सोवरीन वेल्थ फंड्स और अन्य प्राइवेट इक्विटी कंपनियों ने भारत में 2.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक इन्वेस्ट किए हैं। भारत के प्रमुख बैंकों, मैन्युफैक्चरर्स और स्टार्टअप्स में पूंजी लगाई जा रही है। अनुमान लगाए जाते हैं कि यदि भारत के दूसरे सबसे अमीर गौतम अडाणी ने अपने कारोबार का विस्तार किया तो फाइनेंस का मुख्य स्रोत अबू धाबी होगा। अडाणी की कई कंपनियों में अबू धाबी सोवरीन वेल्थ फंड्स ने पैसा लगाया है। इससे कहा जा सकता है कि अमीरात भारत की फाइनेंशियल राजधानी के रूप में उभर रहा है। भारत के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी ने दुबई में अगस्त में लगभग 650 करोड़ रुपए में एक प्रॉपर्टी खरीदी थी। उन्होंने अक्टूबर में 1300 करोड़ रुपए में एक अन्य प्रॉपर्टी खरीदी है। पिछले साल भारतीयों ने दुबई में आवासीय प्रॉपर्टी की खरीद पर 35 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए हैं। कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की खरीद का ब्योरा पता लगाना मुश्किल है।



### सेबी ने केएसबीएल और उसके प्रवर्तक पर सात साल का प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली ।** बाजार नियामक सेबी ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड (केएसबीएल) और उसके प्रवर्तक कोमांदुर पार्थसारथी को प्रतिभूति बाजार में हिस्सा लेने से सात साल के लिए प्रतिबंधित करने के साथ उन पर 21 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जारी आदेश में कहा कि ग्राहकों की प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर जुटाई गई राशि को केएसबीएल ने अपने समूह की फर्मों- कार्वी रियल्टी इंडिया लिमिटेड और कार्वी कैपिटल लिमिटेड में भेज दिया था। कोष को दूसरी फर्मों के पास भेजने का दोषी पाए जाने पर सेबी ने केएसबीएल और पार्थसारथी पर सात साल का प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इसके अलावा शेयर ब्रोकिंग फर्म पर 13 करोड़ रुपए और उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक पर आठ करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। पार्थसारथी को सेबी ने किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में 10 वर्षों तक प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने के अयोग्य भी घोषित कर दिया है। वहीं घटना के समय केएसबीएल के निदेशक रहे भगवान दास नारंग और ज्योति प्रसाद को दो साल के लिए पद संभालने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा बाजार नियामक ने केएसबीएल की तरफ से भेजे गए 1,442.95 करोड़ रुपए लौटाने का निर्देश भी कार्वी रियल्टी और कार्वी कैपिटल को दिया है।

स्विगी से खाना ऑर्डर करने पर देना होगा 2

# ऑनलाइन डिलीवरी सेक्टर में मंदी और लागत कम करने के लिए फैसला लिया




**मुंबई।**
अब स्विगी से खाना ऑर्डर करने पर लोगों को 2 रुपए देना होगा। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अब हर ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म फीस लेना शुरू कर दिया है। फिलहाल, स्विगी के यूजर्स फूड ऑर्डर करने पर अभी डिलीवरी फीस और टैक्स चुकाते हैं।

कंपनी ने डिलीवरी कारोबार में मंदी के चलते अपनी इनकम बढ़ाने और लगातार बढ़ रही लागत को कम करने के लिए यह फैसला लिया है। इस फीस को पिछले हफ्ते लागू किया गया था। इसकी शुरुआत बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों से की गई थी। अब जल्द ही बाकी शहरों में भी लागू किया जाएगा है। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म फीस को फिलहाल फूड ऑर्डर पर लागू की गई है। इंस्टामार्ट के जरिए ग्रॉसरी के ऑर्डर पर अभी ये चार्ज नहीं लगेगा। लेकिन, स्विगी वन के कस्टमर को ये फीस देनी होगी। 2 रुपए भले ही काफी कम है, लेकिन इससे स्विगी की इनकम में काफी बढ़ सकती है। क्योंकि, प्लेटफॉर्म से हर दिन औसतन 15 लाख से भी अधिक ऑर्डर होते हैं। इससे पहले स्विगी ने जनवरी 2023 में 380 एम्प्लॉइज की छंटनी की थी। स्विगी के सीईओ श्रीहर्ष मजेटी ने कर्मचारियों को भेजे ई-मेल में कहा था कि यह सभी अवेलेबल ऑप्शंस को एक्सप्लोर करने के बाद लिया गया एक बहुत ही मुश्किल फैसला है। इससे गुजरने के लिए आप सभी से मैं माफी मांगता हूं। कंपनी ने अक्टूबर 2022 में अपने परफॉर्मेंस रिव्यू को पूरा किया था। जिसके बाद सभी एम्प्लॉइज को परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट प्लान के तहत रखा गया था। सूत्रों के मुताबिक, स्विगी के एम्प्लॉइज पर काम का भारी दबाव है, क्योंकि मैनेजमेंट नंबर्स हासिल करने के लिए टीमों में फेरबदल और आईपीओ लॉन्च करने से पहले पॉजिटिव यूनिट इकोनॉमिक्स को प्रभावित कर रहा है।

## डुकाटी मॉन्स्टर एसपी 2 मई को होगी लॉन्चः एबीएस ऑन कॉर्नरिंग और ट्रैक्शन कंट्रोल जैसे सेफ्टी फीचर, एक्सपेक्टेड प्राइस 15.95 लाख

**नई दिल्ली।**
सुपर और स्पोर्टी बाइक मेकर कंपनी डुकाटी 2 मई को भारत में डुकाटी मॉन्स्टर लॉन्च करने जा रही है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टीजर जारी कर लॉन्चिंग डेट अनाउंस की है।

डुकाटी ने साल की शुरुआत में मॉन्स्टर एसपी के साथ कई अन्य बाइक्स को इंडियन मार्केट में लॉन्च करने की घोषणा की थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी डुकाटी मॉन्स्टर एसपी को 15.95 लाख रुपए के एक्स शो-रूम (दिल्ली) कीमत में पेश कर सकती है। कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, डुकाटी मॉन्स्टर एसपी में प्रोजेक्टर-स्टाइल हेडलैंप, फ्यूल टैंक पर फ्रंट इंडिकेटर्स मिलेंगे। साथ ही बाइक में रेड कलर की एक स्टेप-अप सीट और साइड में एक ट्विन-पॉड एग्जॉस्ट माउंट किया गया है। बाइक में रेड और ब्लैक कलर का डुअल-टोन पेंट स्कीम दिया गया है। डुकाटी ने मॉन्स्टर एसपी में 973 का ट्विन-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया है, जो 9250 ह्पीएम पर 110 की पावर और 6500 पीएम पर 93 का पीक टॉर्क जनरेट करता है।



इंजन को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। बाइक में 17 इंच के अलॉय व्हील दिए गए हैं। इनमें पिरेली डियाब्लो रोसो टायर्स लगे हैं।

### डुकाटी मॉन्स्टर एसपी : फीचर्स

नई डुकाटी मॉन्स्टर एसपी में ऑल लाइटिंग, मल्टीमीडिया सिस्टम के साथ 4.3 इंच का डिस्प्ले, लॉन्च कंट्रोल, एबीएस कॉर्नरिंग, लिथियम-आयन बैटरी, 3 राइड मोड्स, ट्रैक्शन कंट्रोल, व्हील कंट्रोल और डुकाटी क्विक शिफ्ट अप/डाउन जैसे कई एडवांस फीचर्स मिलेंगे।

## लॉन्च से पहले मारुति जिम्नी की प्राइस हुई लीक: 9.99 लाख रुपए में मिलेगी एसयूवी, 7 कलर्स और 2 वैरिएंट्स में अवेलेबल

**मुंबई।**
मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड भारत में एसयूवी सेगमेंट में अपनी नई कार जिम्नी लॉन्च करने जा रही है। लॉन्च से पहले मारुति जिम्नी की कीमतें एक डीलर चालान के माध्यम से ऑनलाइन लीक हो गए हैं। ऑटो एक्सपो-2023 के दूसरे दिन (12 जनवरी) मारुति ने जिम्नी को पहली बार इंडियन मार्केट में 7 कलर्स और अल्फा-जीटा 2 वैरिएंट्स के साथ अनवील किया था। हालांकि, जिम्नी इंटरनेशनल मार्केट में काफी साल से मौजूद है। लॉन्चिंग के साथ ही इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी गई थी। ग्लोबल मार्केट में कार को थ्री-डोर वर्जन में बेचा जाता है। यहां हम कार की कीमत समेत पूरी डिटेल बता रहे हैं।



### मारुति जिम्नी 5-डोर की एक्सपेक्टेड प्राइस

लीक के मुताबिक मारुति सुजुकी जिम्नी की कीमत 9.99 लाख रुपए से शुरू होगी। यह इसके बेस वेरिएंट की कीमत है। वहीं, इस एसयूवी के टॉप-स्पेक वैरिएंट की कीमत 13.99 रुपए होगी। सभी कीमतें दिल्ली एक्स-शोरूम के हैं। 4 व्हील ड्राइव, 5 डोर वर्जन में मिलेगी जिम्नी भारत में जिम्नी का 4 व्हील ड्राइव और 5 डोर वर्जन लाया गया है। जिम्नी में 1.5-लीटर -सीरीज नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 6,000 पीएम पर 104 का पावर और 4,000 पीएम पर 134 का पीक टॉर्क जनरेट करता है। एसयूवी में नए मारुति व्हीकल्स में पाए जाने वाले बजाय पुराना 4 सिलिंडर इंजन मिलता है। जिम्नी में ऑलग्रिप सिस्टम के साथ 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 4-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन बेहतर ऑफ-रोड परफॉर्मेंस के लिए अवेलेबल है।

### जिम्नी में दिया गया है ऑटो हेडलैंप्स विद वॉशर

कार में 5-स्पीड मैनुअल और 4 स्पीड ऑटोमैटिक का ऑप्शन मिलेगा। इस एसयूवी में ऑटो हेडलैंप्स विद वॉशर दिया गया है। साथ ही इसमें स्टेट ऑफ द आर्ट एंटरटेनमेंट सिस्टम भी दिया गया है।

# रूस के सस्ते तेल से पाकिस्तान को राहत तो मिलेगी, पर कई चुनौतियां भी खड़ी होंगी

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान अब रूस से कच्चे तेल का आयात शुरू करने जा रहा है। इसकी पहली खेप मई में किसी समय पाकिस्तान पहुंच जाएगी। इससे विदेशी मुद्रा के घोर संकट से गुजर रहे पाकिस्तान को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक पाकिस्तान सरकार के इस फैसले से कई दूसरी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री मुसादिक मलिक के मुताबिक पाकिस्तान ने इस महीने के आरंभ में रूस को तेल खरीदारी का पहल ऑर्डर दिया। आयात हुए तेल को पाकिस्तान की रिफाइनरी में रिफाइन किया जाएगा। अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो पाकिस्तान रोजाना एक लाख बैरल तेल खरीद का आर्डर रूस को दे सकता है। इससे पाकिस्तान की कच्चे तेल की दो तिहाई जरूरत पूरी हो जाएगी। पाकिस्तान सरकार ने यह नहीं बताया है कि वह किस भाव पर रूस से तेल खरीद रही है। लेकिन उसने इस करार को पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी आर्थिक राहत जरूर बताया है। एक सरकारी अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि पाकिस्तान सरकार 50 डॉलर प्रति बैरल के भाव से तेल खरीदने की कोशिश में है। पाकिस्तान अब तक मुख्य रूप से सऊदी अरब से तेल खरीदता रहा है, जिसका भाव हाल में 84.75 डॉलर प्रति बैरल रहा है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के मुताबिक 2022 में पाकिस्तान ने हर प्रकार के पेट्रोलियम पदार्थ के आयात पर 18.75 बिलियन डॉलर खर्च किए। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता चला गया है। हालांकि रूस से सस्ता तेल मिलने से पाकिस्तान को आर्थिक राहत मिलेगी, लेकिन जानकारों की राय में इससे कई तरह के राजनीतिक और कूटनीतिक सवाल खड़े होंगे। इस पर अमेरिकी की उग्र प्रतिक्रिया हो सकती है- खासकर उस स्थिति में अगर पाकिस्तान 60 डॉलर प्रति बैरल के कम के भाव पर तेल खरीदता है। जी-7 देशों ने रूसी तेल खरीद की यह न्यूनतम कीमत तय कर रखी है। अमेरिकी थिंक टैंक रैंड कॉरपोरेशन में वरिष्ठ रक्षा विश्लेषक डेरेक ग्रॉसमैन ने कहा है कि पाकिस्तान के इस कदम पर अमेरिकी नीति निर्माता बेहद सख्त रुख अपनाएंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाए जाने की संभावना नहीं है। एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक विल्सन सेंटर में स्थित साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने कहा है- 'मुझे नहीं लगता कि प्रतिबंध लगाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान के साथ दिक्कत यह है कि उसे अमेरिका ने स्ट्रेटेजिक पार्टनर का दर्जा नहीं दे रखा है। भारत को यह दर्जा मिला हुआ है, जिस कारण अमेरिका उसके साथ अलग तरह का व्यवहार करता है।' पाकिस्तान के सामने दूसरी चुनौती यह है कि रूस उसे गैर रिफाइंड तेल बेचेगा। पाकिस्तान के पास उतनी बड़ी मात्रा में कच्चे तेल को रिफाइन करने की क्षमता है या नहीं, यह साफ नहीं है। इस्लामाबाद स्थित ऑयल एडवाइजर रूसी तेल को रिफाइन करने का खर्च दो से पांच डॉलर प्रति बैरल तक आएगा। इससे तेल उतना सस्ता नहीं रह जाएगा, जितना ऊपर से नजर आ रहा है। लेकिन पाकिस्तान के पूर्व पेट्रोलियम और प्राकृतिक संसाधन सचिव जीए साबरी ने राय जताई है कि पाकिस्तान सरकार ने रूस को ऑर्डर देने के पहले तेल रिफाइन करने की अपनी क्षमता का जरूर आकलन किया होगा।



### खाद्य कंपनियों के भ्रामक विज्ञापन के 32 मामले दर्ज

**नई दिल्ली ।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने कहा कि खाद्य व्यवसाय परिचालकों (एफबीओ) के भ्रामक विज्ञापनों एवं दावों में संलिप्त होने के 32 नए मामले सामने आए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक बयान में कहा कि गलत दावों और वैज्ञानिक रूप से सिद्ध न होने वाले दावों को वापस लेने के लिए लाइसेंस-प्रदाता संस्थाओं को संबंधित एफबीओ को नोटिस भेजने का निर्देश दिया गया है। भ्रामक विज्ञापन देने वाले एफबीओ में पौष्टिक तत्वों से भरे उत्पाद, रिफाइंड तेल, दाल, आटा, मोटे अनाज से बने उत्पाद और घी बनाने वाले एवं विपणनकर्ता शामिल हैं। बयान के मुताबिक एफएसएसएआई की विज्ञापन निगरानी समिति ने पहली नजर में एफबीओ के भ्रामक विज्ञापन एवं दावे से जुड़े होने के 32 मामले दर्ज किए हैं। इन पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन एवं दावा) नियमन, 2018 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप हैं। खाद्य नियामक ने आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित एफबीओ को नोटिस भेजने का निर्देश लाइसेंस प्रदाताओं को दिया है।

# हॉलीवुड में बिना ऑडिशन नहीं होता है सेलेक्शन, स्टारडम नहीं आता काम : प्रियंका चोपड़ा

## एक्शन पैक्ड स्पाई थ्रिलर हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आएंगी प्रियंका



**लॉस एंजेलिस (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जल्द ही एक्शन पैक्ड स्पाई थ्रिलर हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में रिचर्ड मैडेन के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी खूबसूरती के साथ दमदार एक्टिंग के लिए भी जानी जाती हैं। सीरीज में प्रियंका और रिचर्ड दोनों जासूस की भूमिका में दिखाई देंगे, जो एक ग्लोबल स्पाई एजेंसी सिटाडेल के लिए काम करते हैं। रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित इस वेब सीरीज के एपिसोड्स 28 अप्रैल को स्ट्रीम किये जाएंगे, जिसे दर्शक अंग्रेजी भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में भी देख सकते हैं। सिटाडेल के बारे में बातचीत करते हुए प्रियंका ने कई हॉलीवुड के बारे में बहुत सी बातें शेयर कीं। प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि हॉलीवुड में आपके एक्सपीरियंस को देखा जाएगा, लेकिन वहां आपके स्टारडम को नहीं देखा जाता। आपको काम इसीलिए मिलेगा कि आप अपने काम को अच्छे से करते हैं, इस बात में वहां के लोग बहुत क्लियर होते हैं। आपको ऑडिशन देना होता है, तब सेलेक्शन होता है। मैंने भी बहुत ऑडीशन दिए हैं। मुझे पहले से मालूम था कि मुझे अच्छे रोल प्ले करने हैं, वो स्टीरियोटाइप इंडियन रोल होते हैं न अमेरिकन एक्टर्स के साथ काम करने वाले, वह मुझे नहीं करने थे। मैं एक ऐसी जगह जाना चाहती थी जहां मैं अपने बलबूते और अपने मुकाम पर एक शो की जिम्मेदारी ले सकूं। इन सभी के लिए मुझे वक्त लगा, लोगों को यह चीज समझाने में कि मैं अपना काम जानती हूं, मेरे अपोजिट आप किसी को भी काम देंगे तो भी मुझे कोई परेशानी नहीं है। मुझे इसमें कोई समस्या इसीलिए नहीं थी, क्योंकि मैंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बहुत दिग्गज लोगों के साथ काम किया है। मैंने बॉलीवुड में बेस्ट एक्टर्स, बेस्ट फिल्ममेकर्स के साथ काम किया है, तो मुझे अपने काम में बहुत कॉन्फिडेंस था। यहां मुझे यह सभी चीजें प्रूफ करना पड़ीं। प्रियंका ने मीडिया को बताया कि ऐश्वर्या, दीपिका, इरफान खान बहुत कम एक्टर्स ऐसे हैं जो वहां जाकर झंडे गाड़ पाए। ये लोग बहुत उलझन में रहे कि हमें क्या दिखाना है क्या करना है। इसमें भी काफी समय लगा। बहुत से ऐसे इंडियन एक्टर हैं जो हॉलीवुड में काम कर रहे हैं। ऐसे एक्टर्स को देखकर मैं उम्मीद कर रही हूं कि हॉलीवुड अपने दरवाजे इंडियन टैलेंट के लिए और ज्यादा खोलेगा। अमेजन प्राइम के साथ मेरा एक फर्स्ट लुक डील है इसमें मैं जो भी प्रोड्यूस करती हूं सबसे पहले उनके पास जाता है। मेरी नजर हमेशा इंडियन टैलेंट पर रही है, मैं आशा करती हूं कि जल्द ही ये दरवाजे टूटेंगे और हम बहुत जल्द ही बहुत सारे इंडियन टैलेंट को हॉलीवुड में देखेंगे।

# किम जैसी दिखाने की चाहत में गई मॉडल क्रिस्टीना एश्टन की जान

## - प्लास्टिक सर्जरी बनी मॉडल की मौत का कारण




**वाशिंगटन (ईएमएस)।** हॉलीवुड की पॉपुलर अभिनेत्री किम कार्दशियन की खूबसूरती की दुनिया दिवानी है। किम जैसी खूबसूरती और फिगर पाने का नशा लड़कियों में इस कदर चढ़ गया है कि वह कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। किम की हमशक्ल ओनलीफैंस मॉडल क्रिस्टीना एश्टन गोरकानी का हाल ही निधन हो गया है, उन्होंने हूबहू किम जैसा दिखने के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराई यहीं उनकी मौत का कारण माना जा रहा है। 34 साल की मॉडल की मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट है। दो दिन पहले परिवार की तरफ से उनके निधन की जानकारी दी गई, जिसके बाद से लोगों को बेहद झटका लगा है। क्रिस्टीना को किम जैसा दिखने और बॉडी फिगर पाने की वजह से जाना जाता था और इसी के चलते वह काफी पॉपुलर हो गई थी। क्रिस्टीना को क्या पता था कि उनका ये क्रेज ही उनकी जान का दुश्मन बन जाएगा। परिवार ने साफ किया कि मैडिकल प्रक्रिया के दौरान एश्टन की ये हालत हुई और जो बद से बदतर होती चली गई। इसके बाद उनके निधन की जांच चल रही है। परिवार का कहना है कि मॉडल हमेशा ही लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश में रहती थी। फैंस अभिनेत्री को ट्रिब्यूट दे रहे हैं।

**प्लास्टिक सर्जरी से होने वाला नुकसान -** प्राकृतिक चीज अधिक खूबसूरत होती है, फिर चाहे वह आपकी नेचुरल ब्यूटी ही क्यों न हो।प्लास्टिक सर्जरी एक बाह्य चीज है, जिसमें आपके शरीर के उस हिस्से में कुछ ऐसी चीजें लगाईं जाती हैं जो त्वचा के जैसी दिखती तो है, लेकिन वो प्राकृतिक नहीं होती। ऐसे में प्लास्टिक सर्जरी करवाने से नेचुरल निखार खो जाता है। ज्यादातर प्लास्टिक सर्जरी चेहरे के अंगों के पास की जाती है। इससे चेहरे के आसपास के अंग की मांसपेशियां खराब हो जाती हैं। दवा रिएक्शन करने से इंसानी शरीर पर प्रभाव पड़ता है।

सर्जरी के बाद कई बार इसके शरीर पर निशान रह जाते हैं। जब आपके शरीर में बाहर से कोई चीज डाली जाएगी, तो इससे त्वचा को नुकसान होता है। कई बार शरीर में हार्मोनल चेंजेज भी होने लगती हैं जो की इंसान के स्वास्थ और त्वचा में बुरा असर डालते हैं। अक्सर प्लास्टिक सर्जरी के बाद जलन, खुजली और रैशेज की समस्या होने लगती है। कभी-कभी इस सर्जरी को कराने से जैसा परिणाम हम चाहते हैं, वह नहीं मिल पाता है। सर्जरी असर तो करता है, पूरी तरह अंग में बदलाव कभी-कभी नहीं कर पाता।

# मजाक-मजाक में चली गई एक्टर संपत जे राम की जान

## -प्रेग्नेंट पत्नी को डराने के लिए लगा रहे थे फांसी



**मुंबई (ईएमएस)।** एक कन्नड़ एक्टर संपत जे राम का बीती 22 अप्रैल को निधन हो गया। बताया जा रहा है एक्टर अपनी पत्नी को डराने के लिए एक्टिंग कर रहा था। एक्टर का शव नेलमांगला स्थित उनके घर में फांसी से लटकता पाया गया। उनकी मौत को लेकर खुलासा हुआ कि संपत जे राम अपनी प्रेग्नेंट पत्नी को डराने के लिए फांसी का प्रैंक कर रहे थे, लेकिन इस घटना में उनकी मौत हो गई। संपत के दोस्त राजेश ध्रुव ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह बता रहे हैं कि संपत की अपनी पत्नी के साथ रात को मामूली कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह पत्नी को डराने के लिए फांसी लगाने का प्रैंक कर रहे थे। लेकिन दुर्भाग्य से उनकी जान चली गई।संपत के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके दोस्त राजेश ध्रुव ने सोशल मीडिया पर लिखा, आपसे जुदाई सहने की ताकत हमारे अंदर नहीं है। अभी कितनी लड़ाइयां बाकी हैं। आपके सपनों को पूरा होने में अभी काफी समय था, अभी तो हमें आपको बड़े मंच पर देखना था। कृपया वापस आ जाइये।काम की बात करें तो कन्नड़ स्टार संपत जे राम ने पॉपुलर टीवी सीरियल अग्निसाक्षी में नजर आ चुके थे। इसके अलावा वो फिल्म श्री बालाजी फोटो स्टूडियो में भी नजर आए थे। बता दें कि संपत के मौत के खुलासे के बाद हर कोई हैरान है। संपत जे राम का 35 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अपनी 5 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी को इस दुनिया में छोड़कर चले गए हैं।

# उर्फी एक बार फिर से लाइमलाइट में

**- नहीं मिली रेस्तरां में एंट्री तो उठाया ये कदम**



मुंबई (ईएमएस)। पहनावे को लेकर विवादों में रहने वाली उर्फी जावेवद को एक रेस्तरां ने एंट्री देने से इंकार कर दिया, जिसके बाद एक्ट्रेस ने जो किया वो देखने लायक है। शन आइकन उर्फी जावेद अपनी बोल्डनेस और अतरंगी आउटफिट से फैंस के होश उड़ा देती हैं। दरअसल मुंबई के एक रेस्तरां ने एक्ट्रेस को एंट्री देने से मना कर दिया, जिसके कारण एक्ट्रेस का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए रेस्तरां को खरी-खोटी सुनाई।उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, क्या है ये सब? क्या यह सच में 21वीं सदी वाली मुंबई है। मुझे आज एक रेस्तरां में एंट्री देने से मना कर दिया गया। कोई बात नहीं अगर आप मेरी फैशन च्वाइस से सहमत नहीं हैं। लेकिन इसके कारण मेरे साथ अलग तरह का व्यवहार मत करिए और अगर आप यह बात मान रहें हैं तो इसे स्वीकार करिए। कोई फालतू का बहाना मत बनाइये, गुस्से में हूं। जोमैटो इंडिया कृपया इस मामले का संज्ञान लीजिए। उर्फी जावेद के इस पोस्ट पर लोग खूब कमेंट कर रहें हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहें हैं।

एक्ट्रेस को अक्सर भला-बुरा सुनाते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि उर्फी जावेद को जान से मारने की धमकी भी मिल चुकी है, लेकिन एक्ट्रेस ऐसे लोगों को जवाब देना भी अच्छी करह से जानती हैं। इसके चलते वह पुलिस स्टेश में एफआ-ईआर दर्ज करवा चुकी हैं। बता दें कि अपने पहनावे को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाली उर्फी एक बार फिर से लाइमलाइट में आ गईं हैं।

# मीरा के कथित एक्स बॉयफ्रेंड ने रचाई शादी


## -गर्लफ्रेंड संग शादी की तस्वीरे आई सामने





**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर एक्टर शाहिद कपूर की वाइफ मीरा राजपूत के कथित एक्स बॉयफ्रेंड की वजह से खबरों में हैं। मीरा के एक्स बीएफ आदित्य लाल ने अपनी गर्लफ्रेंड नव्या चनाना के साथ शादी रचा ली है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इसके साथ ही आदित्य ने अपने अतीत को लेकर खुलकर बात की है।आदित्य लाल ने 18 मार्च को अपनी मंगेतर नव्या चनाना के साथ शादी रचाई थी और 18 अप्रैल को उनरी शादी को एक महीना पूरा हो गया। ऐसे में उन्होंने अपनी शादी और अतीत को लेकर खुलकर बात की है। आदित्य लाल ने बताया कि जीवन में खास फीलिंग वह है जब आप अपने सबसे अच्छे दोस्त के बगल में सोए और सुबह उठे उनके साथ ही उठें।अब जब वह आपकी वाइफ बन जाए तो ये वाकई स्टोरी टेलिंग आइडिया है। प्यार के सामने अंहकार टिक नहीं पाता क्योंकि प्यार सबसे बड़ा है। साल 2022 में मैंने नव्या से सगाई की थी। नव्या को पहली नजर में देखकर ही मैंने शादी का विचार कर लिया था। वहीं, अपने अतीत को लेकर आदित्य ने बताया कि- हम कभी शायद ये भूल जाते हैं कि हमारे आस-पास कुछ लोग ऐसे होते हैं जो हमारे पार्टनर को अतीत के बारे में याद दिलाते हैं। जिन यादों को हम एक कोने में छुपा के रखते हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ईमानदार होना बेहद जरूरी है और खासतौर बात करना भी बेहद जरूरी है। बता दें, शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत अपने एक्स बॉयफ्रेंड आदित्य लाल संग डेटिंग की खबरों को लेकर काफी चर्चा में रही थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो मीरा राजपूत और आदित्य लाल सीरियस रिलेशनशिप में थे।

# सलमान की मूवी में बेटी पलक के अभियन को देखकर खुश हैं श्वेता तिवारी



**मुंबई (ईएमएस)।** टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी आजकल सातवें आसमान पर हैं। वह अपनी बेटी पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म किसी का भाई किसी की जान की सफलता को लेकर काफी खुश हैं। बता दें कि सलमान खान स्टारर ये फिल्म ईद के मौके पर शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। फिल्म में पलक की परफॉर्मेंस देख हर कोई अभिनय की तारीफ कर रहा है। बेटी पलक की परफॉर्मेंस देखने के बाद श्वेता तिवारी ने इंटरव्यू में कहा कि वह अपनी बेटी के लिए काफी खुश हैं। वह अपनी बेटी पर काफी गर्व महसूस कर रही हैं। वह पलक के बोलने और रहने के तरीके से काफी खुश हैं। रिपोर्ट के अनुसार, श्वेता ने कहा, मैं उम्मीद करती हूं कि सभी मेरी बेटी को उसके फ्यूचर के लिए शुभकामनाएं दे। मैंने हाल ही में थिएटर में फिल्म देखी और मुझे उम्मीद है कि आप भी देखने वाले है। मैं उस पर हमेशा गर्व महसूस करती हूं, चाहे वह मूवी करे या कुछ और। वह एक प्यारी बच्ची है। जब भी मैं उसे बात करते हुए या बिहेवियर या फिर घर पर रहने के तरीके को देखती हूं, मुझे उस पर प्राउड फील होता है। बता दें कि हाल ही में पलक ने कहा था कि वह इंडस्ट्री में अपने दम पर जगह बनाने की कोशिश करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा था, मैं न तो स्टार किड हूं और न आम इंसान। मुझे बस इतना फायदा मिला है कि लोग मुझे आसानी से पहचान लेते हैं। इसका मतलब ये नहीं है कि इसकी वजह से मुझे काफी काम मिलने लगा हो। मैं फिर भी खुद को खुशकिस्मत समझती हूं। ये मेरे लिए नया है, लोग मुझे इससे पहले भी पहचानते थे लेकिन मेरी मां की उपलब्धियों की वजह से। बता दें कि ह्यकिसी का भाई किसी की जान से पहले पलक फिल्म रोजीः द सैफ्रॉन चैप्टर से अपने करियर की शुरूआत करने वाली थीं। इस सलमान खान के भाई अरबाज खान बना रहे थे। लेकिन अभी भी ठंडे बस्ते में है।

# अपराजिता के 200 एपिसोड पूरे कर खुश है श्वेता



अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने शो मैं हूं अपराजिता में काम करते हुए 200 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। अपराजिता के रूप में अपने सफर को याद करते हुए श्वेता तिवारी ने अपने सह-अभिनेता मानव गोहिल और पारिवारिक नाटक के पूरे कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। यह शो श्वेता के चरित्र अपराजिता के इर्द-गिर्द घूमता है, जो तीन बेटियों की मां है, जिसे अनुष्का र्मक डे, ध्वनि गोरी और श्रुति चौधरी ने निभाया है और पति के लिए पत्नी होने का उनका संघर्ष, पति का किरदार मानव गोहिल द्वारा निभाया गया है, जो एक अन्य महिला के प्यार में है, जिसे श्वेता गुलाटी ने निभाया है। अपना आभार व्यक्त करते हुए, श्वेता ने कहा कि वास्तव में, जबकि हम सभी 200 एपिसोड पूरे करके खुश हैं, हमें यह भी लगता है कि अभी कई अध्याय लिखे जाने बाकी हैं। अपराजिता की भूमिका निभाना मेरे लिए एक अविश्वसनीय अवसर रहा है और मैं आभारी हूं मुझे ऐसी प्रतिभाशाली और सहायक टीम के साथ काम करने का मौका मिला, जिसने मुझे इस जटिल चरित्र को जीवंत करने में मदद की है।

# भरपूर एक्शन दिखाई गई है सास बहू और फ्लेमिंगो में

## - प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करने ट्रेलर जारी




**मुंबई (ईएमएस)।** निमार्ताओं ने सास बहू और फ्लेमिंगो के लुभावने टीजर के साथ प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करने के बाद ट्रेलर को जारी कर दिया। सीरीज का प्रीमियर 5 मई को डिज्नी + हॉट स्टार पर होगा। ट्रेलर दर्शकों को उन महिलाओं की दुनिया में ले जाता है जो बदमाश, लचीली और अपनी पसंद से डरने वाली नहीं हैं। होमी अदजानिया की सास, बहू और फ्लेमिंगो में इस नई सास, बहू और बेटी के अपने अधिकारों की रक्षा के लिए शुरू की गई एक्शन से भरपूर लड़ाई को दिखाया गया है। ड्रामा से भरपूर श्रृंखला में डिंपल कपाडिय़ा, राधिका मदान, अंगिरा धर, और ईशा तलवार सहित कलाकारों की टुकड़ी प्रमुख भूमिकाओं में है। सास बहू और फ्लेमिंगो एक इंटेंस ड्रामा है और ट्रेलर को देखकर लगता है कि यह कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है। जैसा कि आप इस सास-बहू के घर में डूबते हैं, कई कंकाल कोठरी से बाहर निकलते हैं और तबाही मच जाती है जब ये अद्वितीय चरित्र सत्ता के लिए लड़ते हैं और जो उनका अधिकार है उसकी रक्षा करते हैं। पितृसत्ता की टोपी उतारकर और सत्ता को अपने हाथों में लेते हुए, शो में महिलाएं स्पार्टन हैं। आगामी श्रृंखला चार अनोखी महिलाओं, मातृ प्रधान सावित्री, उनकी बहुओं, बिजली और काजल, और उनकी बेटी शांता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हस्तीपुर में रहती हैं - जो उत्तर पश्चिम में एक भूला हुआ गाँव है। सावित्री रानी कोऑपरेटिव नाम से एक कंपनी चलाती हैं, जो जड़ी-बूटी बाम से लेकर टैक्सटाइल तक के उत्पादों का कारोबार करती है। लेकिन यहाँ सब कुछ वैसा नहीं है जैसा दिखता है। पता चला है कि यह कुटीर व्यवसाय दक्षिण एशिया में चलाए जा रहे सबसे बड़े ड्रग कार्टेल के लिए सिर्फ एक मोर्चा है। बता दें कि डिंपल कपाडिय़ा, जिन्होंने शाहरुख खान के साथ अपनी पिछली फिल्म पठान से प्रशंसकों को चौंका दिया था।आगामी सीरीज में सावित्री की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मैं मानती हूँ कि सावित्री का परिवार सबसे अच्छे रूप में बेकार है क्योंकि वे एक दूसरे पर एक होने के लिए खंजर खींचते हैं। लेकिन अगर बाहर से कोई उनके अस्तित्व को खतरे में डालता है, तो यह उस व्यक्ति की आखिरी गलती हो सकती है। मैंने एक्शन दृश्यों का आनंद लिया - जबकि मैंने अपनी कुछ फिल्मों में एक्शन किया है, यह अप्राप्य और कच्चा था! दर्शकों के लिए क्रूरता और ड्रामा बहुत आकर्षक होगा।

## सूडोकु नवताल- 6416

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6415 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्दजाल - 7163

*शब्द जाल में स्मिता पाटिल की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

हादसा, मंडी, चक्र, आक्रोश, निशांत, गमन, नमक हराम, चरणदास चोर, शक्ति, अर्थ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हा | द | सा | ला | प | र | तू | ग | झ | क | नि |
| ग | ल | च | ह | रिं | मं | डी | दि | शा | को | शां |
| इ | पु | म | र | दा | ल | ग | र | ला | ल | त |
| कु | दा | रु | धा | ण | क | प | म | श | र | म |
| आ | श | न्न | ष | क | दा | री | ग | न | ता | द |
| रं | क्रो | प | व | गा | र्त | स | ती | प | ह | ती |
| गा | ल | श | अं | प | म | प | चो | ला | व | क |
| बा | अ | र्थ | ला | क | छ | श | न | र | जू | क |
| स | थो | तें | व | च | ज | द | क्ति | जू | नी | द |
| र | ल | प | ति | रं | क्र | ऐ | बें | न | रु | थे |
| ड | स | न | म | क | ह | रा | म | प | क | र |

### शब्दजाल - 7162 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | न | मे | रि | का | पा | तू | फा | रू | ही | क |
| न | ख | क | ह | इं | डो | ने | त | या | ड़ | क |
| अ | दा | जा | ला | ल | ग | स | जु | ह | प | का |
| आ | ग | ल | पा | ब | औ | स | र्बा | ह | लि | ल |
| वा | ना | ह | न | य | ज | र | कि | या | प | का |
| रा | इ | इ | थ | व | प | वा | बं | ह | यु | बां |
| जिं | जी | ल | ह | क | प | रि | न | दू | प | ग |
| द | रि | भा | र | त | ड़ी | स | रा | ल | क | ला |
| गी | या | स | ज | मी | न | आ | स | मा | न | दे |
| प | बे | प | ना | ह | सिं | ब | स | अ | प | श |
| या | स | ए | क | ही | भू | ल | त्ता | प | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6116

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | | 4 | 1 | | 3 |
| | 35 | 3 | 31 | | 27 | |
| 4 | | 7 | | | 5 | 2 |
| | 31 | 6 | 40 | | 30 | |
| 2 | 3 | | | 4 | 1 | 6 |
| | 27 | 4 | 37 | | 35 | |
| | 5 | 1 | | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6115 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 1 | 24 | 4 | 29 | 6 | 34 | 2 |
| 5 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 33 | 6 | 38 | 7 | 28 | 3 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 |
| 7 | 38 | 5 | 36 | 5 | 28 | 4 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में चिराग-सात्विक ने दोहराया इतिहास: मेंस डबल्स कैटेगरी में 52 साल बाद भारत का मेडल पक्का, इंडोनेशियाई जोड़ी को हराया

**दुबई।**
चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी की जोड़ी ने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में 52 साल पुराना इतिहास दोहराया है। इस जोड़ी ने 1971 के बाद भारत के लिए इस टूर्नामेंट में मेंस डबल कैटेगरी का मेडल पक्का किया है। इससे पहले 1971 में दीपू घोष और रमन घोष ने जकार्ता में टूर्नामेंट की मेंस डबल्स कैटेगरी का ब्रॉन्ज जीता था।

### इंडोनेशियाई जोड़ी को सीधे सेटों में हराया

दुबई में चल रही प्रतियोगिता में भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को सीधे गेम में 21-11, 21-12 में हराया। दोनों भारतीय स्टार ने सेमीफाइनल में प्रवेश करते हुए मेडल पक्का कर लिया। ओलिंपिक के अलावा बैडमिंटन के तमाम टूर्नामेंट में सेमीफाइनलिस्ट को हर कैटेगरी ब्रॉन्ज मैडल दिया जाता है। ऐसे में अगर हमारे शटलर्स सेमीफाइनल हार जाते हैं तो भी उन्हें ब्रॉन्ज मेडल मिल जाएगा।

सिंगल्स कैटेगरी में पीवी सिंधु और एचएस प्रणौय क्वार्टर फाइनल मुकाबले हार गए। साथ ही मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी भी हार कर बाहर हो गए हैं।

### पीवी सिंधु 3 सेट में हारी

सिंधू ने पहले गेम में 21-18 से बाजी मारी लेकिन अगले दो गेम में वह पूरी तरह से आउट ऑफ फॉर्म दिखी। वह 5-21 9-21 से लगातार दो सेट में हार गई और यंग को सेमीफाइनल में जगह दिलाई।

### एचएस प्रणौय चोटिल

वर्ल्ड रैंकिंग में 8वें नंबर पर एचएस प्रणय मेंस सिंगल के क्वार्टर फाइनल में जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने मैच को बीच में ही छोड़ कर बाहर हो गए। प्रणय 11-21 9-13 से पिछड़ रहे थे, जब वह चोट के कारण रिटायर हो गए।


### रोहन-सिक्की रोमांचक मुकाबलें में हारे

मेंस डबल्स में भारत के रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी ने इंडोनेशिया के देजन फर्डिनस्याह और ग्लोरिया इमानुएल विदजाजा के खिलाफ कड़ा संघर्ष दिखाया, लेकिन तीन गेम के क्लोज कॉन्टेस्ट के बाद भी वे हार गए। क्वार्टरफाइनल में उन्हें 18-21, 21-19 और 15-21 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।


## न्यूज ब्रीफ

### टीम में अभी बदलाव के पक्ष मे नहीं कोच फ्लेमिंग

**जयपुर ।** चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है की एक दो परिणाम अनुकुल नहीं आने से ही वह बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं करेंगे। उनका मानना है कि है क्योंकि जो चीजें सही चल रही हैं उनसे बेवजह दखल देना ठीक नहीं । सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में टीम लक्ष्य का पीछा नहीं कर पायी थी। जब फ्लेमिंग से पूछा गया कि क्या टीम को कुछ 'बिग हिटर को ऊपरी क्रम में भेजने की जरूरत है, तब उन्होंने कहा,'' तय भूमिका अहम होती है। अभी अजिंक्य रहाणे हमारे लिए तीसरे नंबर पर बहुत अच्छी बल्लेबाज कर रहे हैं। ऐसे में क्रम में बदलाव करन ठीक नहीं रहेगा। साथ ही कहा कि जो ठी चल रहा है उसमें हस्तक्षेप करना सही नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, ''रॉयल्स के खिलाफ हम पहले छह ओवर में आवश्यक लय हासिल नहीं कर पाए। डेवोन कॉनवे शानदार फॉर्म में हैं पर वह इस मैच में लय नहीं पकड़ पाए। हमारी पारी धीमी गति से आगे बढ़ी और जब हमने तेजी से रन बनाने की कोशिश की तो कुछ गलतियों के कारण विकेट गिरने लगे। फ्लेमिंग ने माना कि उनकी टीम ने मैच पावर प्ले में ही खो दिया था। साथ ही कहा कि विरोधी टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ही पहले छह ओवर में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे मैच में अंतर आया और उन्हें हावी होने का अवसर मिल गया।




### गोवा में आईपीएल पर सट्टा रैकेट का पर्दाफाश, 14 गिरफ्तार



**पणजी।** गोवा पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया और 14 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने ये जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (अपराध शाखा) निधिन वलसन ने बताया कि सभी 14 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया और उन्हें उत्तरी गोवा के पोरवोरिम से गिरफ्तार किया गया। वलसन ने कहा, सभी आरोपियों को राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया और उनके पास से 38,000 रुपये नकद, 47 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, तीन एलईडी टीवी जब्त किए गए। साथ ही तीन नेट राउटर, तीन सेट-टॉप बॉक्स, एक राउटर मॉडम और अन्य गेमिंग इलेक्ट्रिकल उपकरण, जिनकी कीमत 25,38,000 रुपये है, भी जब्त किए गए। आरोपियों की पहचान छत्तीसगढ़ के रंजीत गेदाम, प्रवीण राजपूत, अंकित चौधरी, नंदा किशन, ज्योतिप्रकाश, केशम कुमार, अयाज खान, जगदीश वर्मा, कवल सिंह, पंकज चौरे, मंजीत सिंह, नीतीश पांडे, बिहार के मोहित कुमार और उत्तर प्रदेश के राजन दुबे के रूप में की गई है। गोवा, दमन और दीव सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### गावस्कर ने इंपैक्ट प्लेयर वाले नियम पर उठाये सवाल

**जयपुर ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने खेल में इंपैक्ट प्लेयर को लेकर सवाल उठाये हैं। गावस्कर ने कहा कि केवल बल्लेबाजी के लिए इंपैक्ट खिलाड़ी को रखने का जो नियम इस आईपीएल में शुरु हुआ है वह सही नहीं है। गावस्कर के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच को ही लें। इस मैच में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में आए अंबाती रायुडू 2 गेंदों में एक भी रन बनाये बिना पेवेलियन लौट गये। जिससे सीएसके को कोई फायदा नहीं हुआ। ऐसे में गावस्कर ने रायुडू के साथ ही इम्पैक्ट खिलाड़ी वाले नियम पर भी नाराजगी जतायी है। गावस्कर ने रायडू के आउट होने पर कहा, आप मैदान में फील्डिंग करने नहीं आए। ऐसे में फिर आप केवल बल्लेबाजी करने के लिए कैसे आ सकते। आप ऐसा नहीं कर सकते। हमने दिल्ली कैपिटल्स के पृथ्वी शॉ के को भी इस रुप में देखा है। वह सफलता के बिना इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर बल्लेबाजी करने के लिए आ रहा है जबकि कोई फील्डिंग नहीं। कोई स्कोरिंग नहीं। गावस्कर ने कहा कि इम्पैक्ट खिलाड़ी वाला नियम सही नहीं है, इसपर फिर विचार होना चाहिये।



## लखनऊ ने आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

# इतिहास में 6 बार 240+ रन बने, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-चेन्नई सुपर किंग्स टॉप पर

**नई दिल्ली ।**
इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स ने टूर्नामेंट इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। टीम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मोहाली में 5 विकेट पर 257 रन बनाए। आईपीएल में उनसे ज्यादा स्कोर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ही बना सकी है। टीम ने 10 साल पहले पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ यह कारनामा किया था। फटाफट क्रिकेट फॉर्मेट के इस फ्रेंचाइजी लीग टूर्नामेंट में 950 से ज्यादा मैचों के बाद भी अब तक 6 ही बार 240 से ज्यादा के स्कोर बन सके हैं। लेकिन इस सीजन के 38वें मैच में ही 20 बार 200 से ज्यादा रन बन चुके हैं। आगे स्टोरी में हम आईपीएल इतिहास के टॉप-6 स्कोर जानेंगे। उन मैचों के टॉप प्लेयर्स, विपक्षी टीम का स्कोर, स्टेडियम और प्लेयर ऑफ द मैच के प्रदर्शन पर भी नजर डालेंगे।

**1. चेन्नई सुपर किंग्स- 240/5**

आईपीएल के पहले सीजन का पहला ही मैच धमाकेदार रहा था। कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटर ब्रेंडन मैक्कुलम ने 73 गेंदों पर 158 रन की नॉटआउट पारी खेल कर टीम का स्कोर 222 तक पहुंचाया था। उसी सीजन महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में पहली बार 240 का स्कोर बनाया। 19 अप्रैल 2008 को मोहाली के आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट पर 240 रन बना दिए। नंबर-3 पर उतरे माइकल हसी ने 54 गेंद पर 116 रन की नॉटआउट पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 9 छक्के लगाए। हसी के अलावा मैथ्यू हेडन ने 17 गेंद पर 25, सुरेश रैना ने 13 गेंद पर 32 और सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने 14 गेंद पर 31 रन की तेज पारियां खेली थीं। पंजाब ने 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिनमें से 6 ने 10 रन प्रति ओवर से भी ज्यादा की इकोनॉमी से रन दिए थे। जेम्स होप्स ने तो 4 ओवर में 53 रन दे दिए। ब्रेट ली ही एकमात्र ऐसे बॉलर रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 10 से कम के इकोनॉमी रेट से 35 रन देकर एक विकेट भी लिया था। जवाब में




पंजाब ने भी 20 ओवर में 4 विकेट पर 207 रन बना दिए, लेकिन वे टारगेट से 33 रन पीछे रह गए थे।

**2. कोलकाता नाइट राइडर्स- 245/6**

2018 के आईपीएल में तीसरे नंबर पर रही कोलकाता नाइट राइडर्स ने पूरे सीजन में ऑफ स्पिनर और पिंच हिटर सुनील नरेन से ओपनिंग कराई थी। उन्होंने 12 मई 2018 को पंजाब किंग्स के खिलाफ इंदौर के होलकर स्टेडियम में 36 गेंद पर 75 रन की विस्फोटक पारी खेलकर अपनी टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। इस पारी में उन्होंने 9 चौके और 4 छक्के लगाए। नरेन की पारी के बाद केकेआर के बाकी बैटर्स ने भी इंदौर की बैटिंग पिच पर तेजी से रन बनाए और टीम का स्कोर 20 ओवर में 6 विकेट पर 245 रन तक पहुंचा दिया, जो उस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। टीम से कप्तान दिनेश कार्तिक ने 23 गेंद पर 50 और आंद्रे रसेल ने 14 गेंद पर 31 रन बनाए थे। पंजाब ने 6 बॉलर्स का इस्तेमाल किया, लेकिन सभी ने 10 से ज्यादा के इकोनॉमी रेट से रन दिए। लेफ्ट आर्म पेसर बरिंदर सरन को तो 3 ओवर में 48 और स्पिनर अक्षर पटेल को 4 ओवर में 52 रन पड़े थे। पेसर एंड्र्यू टाई ने पारी में 4 विकेट लिए थे। 246 रन के जवाब में पंजाब ने भी 8 विकेट पर 214 रन बना दिए, लेकिन टारगेट से 31 रन पीछे रह गए। केएल राहुल ने महज 29 गेंद पर 66 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके।

**3. चेन्नई सुपर किंग्स- 246/5**

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 26 बार 200 से ज्यादा रन बनाए हैं। टीम ने 2010 के सीजन में ही 250 रन को लगभग छू दिया था, लेकिन वे इस स्कोर से 4 रन पीछे रह गई। 3 अप्रैल को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई ने ओपनर मुरली विजय के शतक के सहारे 20 ओवर में 5 विकेट पर 246 रन बना दिए। विजय ने 56 गेंदों पर 127 रन की पारी में 8 चौके और 11 छक्के लगाए थे। टीम के बाकी बैटर्स ने कुल 6 छक्के लगाए, इनमें एल्बी मॉर्केल की 34 गेंदों पर 62 रन की पारी भी अहम रही। उन्होंने 5 छक्के लगाए थे। ओपनर मैथ्य हेडन ने भी 21 गेंद पर 34 रन की पारी खेली थी।

**4. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु- 248/3**

चेन्नई के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम ही टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 24 बार 200 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। टीम में एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल, विराट कोहली और अब ग्लेन मैक्सवेल जैसे बैटर्स ने इतने बड़े स्कोर बनाने में अच्छा खासा योगदान दिया। बेंगलुरु ने 2016 के सीजन में गुजरात लायंस के खिलाफ 3 ही विकेट खोकर 248 रन बना दिए थे। 14 मई को होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही, क्रिस गेल पावरप्ले में ही 13 गेंद पर 6 रन बनाकर बोल्ड हो गए। नंबर-3 पर उतरे एबी डिविलियर्स ने कप्तान विराट कोहली के साथ पारी संभाली और सेट होने के बाद बड़े-बड़े शॉट्स लगाने शुरू कर दिए। दोनों ने महज 97 बॉल पर 229 रन की पार्टनरशिप कर डाली। कोहली 55 गेंद पर 109 रन बनाकर आउट हुए, जबकि एबी ने 52 गेंद पर 129 रन की नॉटआउट पारी खेली। विराट ने 8 और डिविलियर्स ने मैच में 12 छक्के लगाए। गुजरात ने 7 गेंदबाज आजमाए, जिनमें से 6 ने 10 से ज्यादा के इकोनॉमी से रन लुटाए। चाइनामैन बॉलर शिविल कौशिक के तो 3 ही ओवर में 50 रन बन गए, जबकि ड्वेन ब्रावो ने 3 ओवर में 46 रन दिए थे।

# मैड्रिड ओपन के पहले दौर में हारने के बाद एंडी मरे ने कहा : मैं फ्रेंच ओपन में खेलना चाहता हूं



**मैड्रिड।**
**मैड्रिड ओपन के पहले दौर में हारने के बाद ब्रिटेन के एंडी मरे ने कहा है कि वह 2017 के बाद से पहली बार फ्रेंच ओपन में खेलने उतर सकते हैं। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी को इटली के आंद्रिया ववासोरी से पहले राउंड में 6-3, 7-6(7) से हार का सामना करना पड़ा। वह इससे पहले मोंटे कार्लो में क्ले पर पहले राउंड में एलेक्स डी मिनौर से हार गए थे।**

इस सत्र में क्ले कोर्ट पर अपनी पहली जीत की तलाश कर रहे ब्रिटिश खिलाड़ी रोम में उतर सकते हैं जहां वह 2017 से नहीं खेले हैं। वह 2017 में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। यह फ्रेंच ओपन में उनकी दूसरी उपस्थिति होगी।

रौलां गैरो पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए मरे ने कहा कि वह इस वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम में खेलने की उम्मीद कर रहे हैं।

मरे ने कहा, मेरी टीम में कई विकल्प हैं कि मुझे क्या करना चाहिए। मैं खेलना चाहता हूं क्योंकि मैं नहीं जानता कि मुझे दोबारा खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। मैं फिट और बेहतर महसूस कर रहा हूं और मैं कोर्ट में उतरना चाहता हूं।

क्ले कोर्ट मेजर के अलावा मरे ग्रास कोर्ट के ग्रैंड स्लैम विम्बलडन में भी उतरना चाहता हूं जहां उन्हें काफी सफलता मिली है। उन्होंने अपने तीन ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो खिताब 2013 और 2016 में विम्बलडन में जीते हैं।

# रोहित शर्मा की पार्टी में नजर आए मुंबई इंडियंस के सितारे, रितिका ने खूबसूरत ड्रेस से लूटी महफिल

**नई दिल्ली ।**
मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले अपने साथी खिलाड़ियों को बीते दिनों मुंबई में एक पार्टी दी रोहित शर्मा ने बीते दिनों मुंबई की एक होटल में पार्टी दी। इस पार्टी में मुंबई इंडियंस की स्क्वाड के लगभग सभी खिलाड़ी नजर आए। रोहित शर्मा ने पत्नी रितिका के साथ सभी मेहमानों का स्वागत किया। रितिका ग्रीन एंड ब्लैक वन पीस में बेहद ही खूबसूरत नजर आईं। इस पार्टी में लगभग सभी खिलाड़ी बेहद ही कम्फर्ट स्टाइल के साथ पहुंचे। किसी ने कैजुअल शर्ट पहन रखा था तो किसी ने साधारण राउंड नेक टी-शर्ट के साथ पार्टी में एंट्री की। बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड भी इस पार्टी में रंग जमाते नजर आए। वह हाफ शर्ट पहने हुए थे। जोफ्रा आर्चर व्हाइट राउंड नेक टी-शर्ट में नजर आए। आईपीएल के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए कप्तानी करने वाले हरभजन सिंह भी इस पार्टी में नजर आए । उन्होंने ब्लैक ओवरसाइज टी-शर्ट पहन रखी थी। इस पार्टी में मुंबई इंडियंस का पूरा कोचिंग स्टाफ मौजूद था। पूर्व तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी भी यहां दिखाई दिए। मस्टर 360 सूर्यकुमार यादव ने फूल ब्लैक ड्रेस के साथ पार्टी में शिरकत की । अन्य भारतीय खिलाड़ियों का भी स्टाइल दिलचस्प नजर आया मुंबई इंडियंस के विदेशी खिलाड़ियों का अटायर भी लुभावना रहा कोई प्लेन शर्ट और टी-शर्ट में नजर आया तो किसी ने कलरफूल शर्ट पहन रखी थी।

### यशस्वी भविष्य में देश का नाम रौशन करेंगे : रैना

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। रैना ने यशस्वी को इस सत्र के आईपीएल टूर्नामेंट का सुपरस्टार बताया। साथ ही कहा कि वह भविष्य में देश का नाम रौशन करेंगे। यशस्वी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 43 गेंदों पर ही 77 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। इसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे। इससे देखकर रैना उत्साहित हैं। रैना ने कहा, यशस्वी शरीर के करीब खेलता है और जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है वह यह है कि जब भी वह गेंद को ड्राइव करता है तो वह अच्छे स्टाइल में रहता है। वह एक अच्छे गेंदबाज का सम्मान करता है और अपने को शॉट खेलने का समय देता है। वह जानता है कि पहले छह ओवरों से परे खेल कैसे बनाया जाए। एक सलामी बल्लेबाज की सबसे बड़ी पहचान यह है कि आप ओवरों को देखते हुए आक्रमण करते हैं। एक से से छह और सात से ग्यारह ओवरों से आप मजबूत होते हैं। वह आईपीएल का सुपरस्टार है और भविष्य में देश को गौरवान्वित करेगा। रैना ने यह भी कहा किकैसे राजस्थान की गेंद के साथ शानदार शुरुआत ने चेन्नई को मैच से दूर कर दिया।

# आतिशी ने कहा- खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को बताया अनुशासनहीन, भाजपा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली।**
भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ स्टार भारतीय पहलवानों के विरोध प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर पर दिल्ली की मंत्री आतिशी के उस दावे पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को अनुशासनहीन बताया है। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आप नेता ने निराशा से झूठ बोला है। आतिशी पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए जंतर-मंतर पर उनके विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विरोध करने वाले पहलवानों को अनुशासनहीन करार दिया है। ऐसे खेल मंत्री को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। आतिशी पर पलटवार करते हुए भाजपा



सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आतिशी झूठ बोल रही हैं। भाजपा सांसद ने उन्हें केंद्रीय मंत्री के खिलाफ अपने दावे का समर्थन करने के लिए सबूत पेश करने की चुनौती दी और कहा कि अगर वह ऐसा करने में विफल रहती हैं, तो उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। मनोज तिवारी ने कहा, झूठ बोलने की भी एक सीमा होती है। मुझे आश्चर्य नहीं है कि आप का कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है और यह बयान स्पष्ट रूप से आप की हताशा से पैदा हुआ है। आतिशी को स्पष्ट करना चाहिए कि अनुराग ठाकुर ने यह बयान कब दिया। किस साक्षात्कार में उन्होंने किस चैनल को यह कहा था इस बीच, जंतर-मंतर पर देश के शीर्ष पहलवानों के लगातार छह दिनों के विरोध के बाद, दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और शोषण के आरोपों पर दो प्राथमिकी दर्ज कीं। दिल्ली डीसीपी प्रणव तायल ने एएनआई को बताया कि महिला पहलवानों की शिकायत के आधार पर दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। डीसीपी ने कहा, डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों की शिकायत पर कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पहली प्राथमिकी एक नाबालिग पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है, जो पॉक्सो अधिनियम के तहत आईपीसी की संबंधित धाराओं के साथ दर्ज की गई है। दूसरी प्राथमिकी अन्य, वयस्क शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायतों की व्यापक जांच करने के लिए शील भंग से संबंधित संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की गई है। दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया था कि वह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करेगी।

## पहलवानों से मिली प्रियंका गांधी

# पीएम पर निशाना साधा, पूछा- सरकार बृजभूषण को क्यों बचा रही

**नई दिल्ली ।**
**कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों का धरना लगातार बड़ा रूप लेता जा रहा है। दिन कांग्रेस प्रियंका गांधी भी इस धरने में शामिल हुईं। उन्होंने पहलवानों के साथ लगभग एक घंटे बिताए। इस दौरान उनकी परेशानी सुनी, उन्हें सांत्वना दी और सरकार से सवाल भी किए। उन्होंने पूछा की सरकार बृजभूषण सिंह को क्यों बचा रही है। इसके साथ ही प्रियंका ने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा।**






पहलवानों के धरने में सातवें दिन सुबह 7.45 बजे प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। यहां वह लगभघ 50 मिनट तक महिला पहलवानों से बात करती रहीं। उन्होंने विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया से भी बात की। बातचीत के दौरान विनेश भावुक हो गईं तो प्रियंका ने उन्हें सांत्वना भी दी।

**पहलवानों से मिलने के बाद क्या बोलीं प्रियंका** - पहलवानों से मिलकने के बाद प्रियंका गांधी ने कई सवाल किए। उन्होंने पूछा कि जो एफआईआर दर्ज की गई, उसमें क्या है। इसे सभी के सामने क्यों नहीं लाया जा रहा है। जब ये पहलवान पदक जीतते हैं तो हम सभी ट्वीट करते हैं। गर्व महसूस करते हैं। आज ये सड़क पर बैठे हैं। इन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। ये सभी महिला पहलवान इस मुकाम तक आने के लिए काफी संघर्ष करती हैं और मैं यह नहीं समझ पा रही हूं कि सरकार बृजभूषण को क्यों बचा रही है। बृजभूषण पर इतने गंभीर आरोप हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सरकार उसे पद से हटाए। उससे इस्तीफा लेना चाहिए।

**पीएम मोदी पर साधा निशाना** - प्रियंका ने पहलवानों से मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मुझे पीएम से कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि अगर उन्हें उनकी (पहलवानों) की चिंता है, तो उन्होंने अभी तक उनसे बात क्यों नहीं की देश उनके (खिलाड़ियों) साथ खड़ा है। मुझे गर्व है कि पहलवान ऐसी चीज के लिए खड़े हैं और आवाज उठा रहे हैं।

**बृजभूषण बोले मैं इस्तीफा नहीं दूंगा** - अपने ऊपर एफआईआर दर्ज होने के बाद बृजभूषण सिंह ने अपनी बात रखी। उन्होंने पहलवानों के धरने और उनकी मांग पर सवाल खड़े किए। साथ ही धरने के पीछे कांग्रेस का हाथ बताया। उनका कहना है कि अगर उनके इस्तीफा देने से पहलवान घर लौट जाएंगे तो वह इसके लिए तैयार हैं। उनका कार्यकाल खत्म हो चुका है और 40-45 दिन में चुनाव होने हैं। ऐसे में वह खुद ही कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हट जाएंगे, लेकिन वह एक अपराधी के रूप में इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और सुप्रीम कोर्ट पर उन्हें पूरा भरोसा है और वह निर्दोष हैं।



## कब लगती है लू?

गर्मी में सबसे बड़ी समस्या होती है लू लगना। अंग्रेजी भाषा में इसे हीट स्ट्रोक (Heat Stroke) और सनस्ट्रोक (Sun Stroke) भी कहते हैं। गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों से संपर्क में आने पर लू (Loo) लगने का डर अधिक होता है। गर्मी में शरीर के द्रव (Body Fluids) सूखने लगते हैं। शरीर से पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। लू लगने पर शरीर में गर्मी, खुश्की और थकावट महसूस होती है। इसमें गर्मी के कारण होने वाली और कई मामूली बीमारियां भी शामिल होती हैं जैसे कि हीट एडेमा (शरीर का सूजना), हीट रैश, हीट क्रैम्प्स (शरीर में अकड़न) और हीट साइनकॉप (बेहोशी) आदि। चिकित्सक शरीर के तापमान को 105 डिग्री फारेनहाइट से अधिक रहने पर और शरीर के सेंट्रल नर्वस सिस्टम में जटिलताओं के पेश आने पर लू लगना (Heat Stroke) कहते हैं। गर्मी में अधिक शारीरिक गतिविधि करने पर, मोटे कपड़े पहनने पर, ज्यादा शराब पीने पर और कम पानी पीने पर लू लगने का खतरा सबसे ज्यादा मंडराता है।

## अकेलेपन से हो सकती हैं दिल की बीमारियां



हम में से कई लोग कई बार अकेलापन महसूस करते हैं। लेकिन लंबे समय तक अकेलापन और सामाजिक रूप से अलग-थलग रहने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं के एक दल ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अकेलापन और सामाजिक रूप से अलग-थलग रहने से दिल की बीमारी का खतरा 29 फीसदी और स्ट्रोक का खतरा 32 फीसदी बढ़ जाता है।

# अच्छी सेहत के लिए ऐसे खाएं फल



**आपने** अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि फल खाने से सेहत दुरस्त रहती है और चेहरे पर रंगत बनी रहती है। लेकिन क्या आपको पता है कि फलों को एक खास तरीके से खाना चाहिए। आइए जानें क्या है वह खास तरीका।

### जूस नहीं खाएं पूरा फल

अक्सर देखा जाता है कि लोग फलों को खाने की बजाए उनका जूस पीकर अपनी सेहत सुधारना चाहते हैं। अगर आप भी ऐसा ही करते हैं तो यकीन मानिए कि ऐसा करने से आप अपना बड़ा नुकसान कर रहे हैं। फलों को दांत से खाकर आपके जबड़े की एक्सरसाइज होती है। फलों के गूदे में मौजूद फाइबर से आपका पाचन तंत्र ज्यादा बेहतर तरीके से काम करता है। उन फलों को चुनें जिनमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा हो। मसलन केले, बेर, आडू, खुबानी, खरबूजे, तरबूज और संतरे में पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है।

### सजाएं फलों की टोकरी

आपको यह सुनने में भले ही अजीब लग सकता है लेकिन आपको अपनी डाईनिंग टेबल या फ्रिज में फलों की एक टोकरी रखनी चाहिए। इससे आप दिन में कई बार फलों का सेवन कर पाएंगे। क्योंकि फलों को पैक करके रखने से आप फल खाने के लिए विशेष मौके का इंतजार करेंगे। लेकिन बार-बार नजरों के सामने आते हुए टोकरी में रखे हुए फल आप आसानी से खा पाएंगे।

### खाने में कैसे शामिल करें फल

सुबह के नाश्ते में आप केले और आडु शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा पेनकेक्स में ब्लूबैरी को मिला सकते हैं। इसके अलावा सलाद में अन्नास मिला सकते हैं। सलाद में मेंडेरिन संतरे और अंगूरों को भी शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा नाश्ते में आप ड्राई फ्रूट्स भी ट्राई कर सकते हैं।





# नींबू, सेहत व सौंदर्य के लिए

**चाहे** कोई भी मौसम हो, नींबू एक ऐसा फल है जो हर घर में हर समय मिलता है। यह केवल खाने का स्वाद ही नहीं बढाता बल्कि इसमें कई औषध गुण भी मौजूद हैं तो कई सुंदर साधन भी है। विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है और पोटेशियम घुलनशील, जिसके चलते ज्यादा मात्रा में इसका सेवन भी नुकसानदायक नहीं होता। विटामिन सी से भरपूर नींबू शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने का अहसास होने लगता है। नींबू के कुछ ब्यूटी टिप्स और कुछ औषधी गुण आपकी जानकारी के लिए प्रस्तुत है।

### हैल्थ टिप्स

- बदहजमी होने पर नींबू काटकर उसकी फांक या छोटे टुकड़े में काला नमक लगाकर चूसने से आराम आता है।
- अक्सर चक्कर आ रहे हों या उल्टी आ रही हों तो नींबू के टुकड़े पर काला नमक, काली मिर्च लगाकर खाने से चक्कर आने बंद हो जाते हैं और उल्टी भी बंद हो जाती है।
- जिनको भूख कम लगती है और पेट दर्द की शिकायत रहती है उनको नींबू की फांक में काला या सेंधा नमक लगाकर उसको तवे पर गर्म करके चूसने से ना केवल दर्द में आराम मिलता है बल्कि भूख भी खुलकर लगती है।
- बरतन साफ करने से हाथों की दरारें मैली हो जाती हैं। नींबू के छिलकों को रगड-रगड कर साफ करने से आपके हाथ ही नहीं नाखून तक साफ हो जाएंगे। इन छिलको से कुहनियों का कालापन भी दूर हो जाता है।
- चेहरा जल जाने पर यदि चेहरे पर काले दाग पड़ गए हों तो एक टमाटर के गूदे में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर सुबह-शाम लगाएं और थोड़ी देर बाद धो लें।



- नारियल के तेल में नींबू का रस मिलाकर रात में सिर में हल्के हाथ से लगाएं, हफ्ते में कम से कम 2-3 दिन तक मालिश करें। बालों की खुश्की दूर हो जाती है।
- यदि मालिश ना भी करें तो सिर धोने के पानी में दो नींबू निचोड़कर एक हफ्ता लगातार प्रयोग करने से बाल मुलायम होते हैं, उनका झड़ना कम होता है और खुश्की या रूसी भी कम होती है।
- सुबह स्नान करने से पहले नींबू के छिलकों को चेहरे पर धीरे-धीरे मलकर 2-3 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इसे 10 -15 दिन लगाता करने से चेहरे का रंग साफ हो जाता है। यह बाजार में मिलने वाले किसी ब्लीचिंग क्रीम या ब्यूटी पालर में कराए जाने वाले ब्लीच का काम करेगा।
- नींबू का रस और गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं, कुछ दिनों के लगातार प्रयोग से चेहरा बेदाग और स्किन कोमल व स्वच्छ हो जाती है।
- नींब और तुलसी की पत्तियों का रस समान मात्रा में मिलाकर किसी कांच के बर्तन में रख लें और दिन में कम से कम दो बार हल्के हाथ से चेहरे पर लगाएं। कुछ दिन के लगाकर इस्तेमाल से चेहरे पर झाइयां या किसी भी प्रकार के निशान मिट जाते हैं।
- चेहरा जल जाने पर यदि चेहरे पर काले दाग पड़ गए हों तो एक टमाटर के गूदे में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर सुबह-शाम लगाएं और थोड़ी देर बाद धो लें।

# जानिए कितनी लाभकारी है फिटकरी?

**कई** सालो से हमारे घरों में फिटकरी का प्रयोग होता आ रहा है। गलत ना होगा कि फिटकरी कई सारे औषधीय गुंणों की खदान हैं। यह एंटीबैक्टीरियल होती है, जिसे हर घर में प्रयोग किया जाता है। फिटकरी दो प्रकार की होती है लाल व सफेद। अमूमन घरों में हमेशा सफेद फिटकरी का प्रयोग किया जाता है।



- फिटकरी को चोट या घाव लगने पर प्रयोग करें। फिटकरी का पानी लगाने से घाव से खून बहना बंद हो जाएगा। आपके इसका चूर्ण बना कर भी प्रयोग कर सकते हैं।
- एंटीबैक्टीरियल और एस्ट्रिजेंट तत्व होने की वजह से यह दंत रोग को दूर कर सकती है। यह माउथवॉश की तरह भी प्रयोग की जा सकती है।
- फिटकरी को नहाने के पानी में घोल कर प्रयोग करने से खुजली और शरीर से बदबू आना बंद होती है।
- चेहरे से झुर्रियों को मिटाने के लिए चेहरे को धो लें। फिर फिटकरी को ठंडे पानी से गीला कर के चेहरे के आस पास हल्के रगड़ें। अब इसे सूख जाने दें और फिर इसे हाथों से छुड़ा कर साफ कर लें। कुछ महीनों के प्रयोग के बाद आपका चेहरा चमकदार और यंग बन जाएगा।
- दमा और खांसी है तो, आधा ग्राम फिटकरी को पीस कर शहद के साथ मिक्स कर के चाट लें, आपको तुरंत लाभ होगा।
- यूरीन इंफेक्शन हो जाने पर भी फिटकरी का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद होता है। प्रतिदिन फिटकरी के पानी से प्राइवेट पार्ट की सफाई करने से इंफेक्शन का खतरा दूर हो जाता है। इसके अलावा पानी में घुलनशील अशुद्धि को दूर करने के लिए भी फिटकरी का इस्तेमाल किया जाता है।

# कटहल खाने से ठीक हो जाती है ये बीमारियां



**फल** और सब्जियों के हमारे शरीर को बहुत सारे फायदे होते हैं। इनसे हमें बहुत सारे पोषक तत्व मिलते हैं। कटहल के भी बहुत सारे फायदे होते हैं। इसकी मसालेदार सब्जी किसी के मुंह में भी पानी भर देती है। कटहल का इस्तेमाल केवल सब्जी बनाने में ही नहीं बल्कि अचार, पकौड़े और कोफ्ता बनाने में भी किया जाता है।

कटहल में ढ़ेरों ऐसे तत्व होते हैं जो शरीर की कई आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, थायमीन, पोटैशियम, कैल्शियम, आयरन और जिंक प्रचुर मात्रा में होता है। इन सबके अलावा इसमें भरपूर फाइबर होता है। अच्छी बात ये है कि इसमें कैलोरी नहीं होती है। ऐसे में ये हार्ट से जुड़ी कई बीमारियों में भी फायदेमंद है।





- कटहल में पाया जाने वाला पोटैशियम हार्ट से जुड़ी बीमारियों से सुरक्षित रखता है। उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए ये बहुत ही फायदेमंद है।
- कटहल में आयरन की भरपूर मात्रा होती है जिसकी वजह से एनीमिया से बचाव होता है। इसके साथ ब्लड सर्कुलेशन भी नियंत्रित रहता है।
- अस्थमा के इलाज में भी ये एक कारगर औषधि की तरह काम करता है। कच्चे कटहल को पानी में उबालकर छान लें। जब ये पानी ठंडा हो जाए तो इसे पी लें। नियमित रूप से ऐसा करने से अस्थमा की समस्या में फायदा होता है।
- इसमें पाए जाने वाले कई खनिज हार्मोन्स को भी नियंत्रित करते हैं।
- कटहल में मैग्नीशियम भी भरपूर होता है, जिसकी वजह से हड्डियां भी स्वस्थ और मजबूत रहती हैं।
- कटहल में पाए जाने वाले विटामिन सी की वजह से रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी बनी रहती है।
- कटहल का सबसे बड़ा फायदा ये है कि इसमें भरपूर रेशे होते हैं जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाए रखते हैं।

### एप के जरिए रख पाएंगे आदतों पर नजर

# मधुमेह से लड़ने में मदद करेगा मोबाइल एप

**शो**धकर्ताओं ने ऐसी मोबाइल एप तैयार की है जो मधुमेह से लड़ने में मदद करेगी। इस एप के जरिए लोग अपने खाने-पीने की आदतों और कसरत आदि पर नजर रख पाएंगे। इस एप में मधुमेह से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि आधुनिक जीवनशैली के कारण मौजूदा समय में मधुमेह का खतरा बढ़ता जा रहा है, ऐसे में यह एप इस बीमारी से बचाव में काफी मददगार साबित हो सकती है।



### हाथों पर भी पड़ता है बीमारियों का असर

कहते हैं कि हथेली देखकर भविष्य जाना जा सकता है, पर हालिया शोध में पाया गया है कि हथेली से किसी की सेहत का हाल भी जाना जा सकता है, क्योंकि कई तरह की बीमारियों का असर हाथ पर भी पड़ता है। हथेली से 8 रोगों के लक्षणों के बारे में जाना जा सकता है। अगर हथेलियां गहरे लाल रंग की हो जाए तो उसे चिकित्सकीय भाषा में पाल्मर इर्थीमिया कहा जाता है। यह लिवर की बीमारी का एक संकेत है। इससे फैटी लिवर या जिगर की सिसोसिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं को इससे डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह रक्त प्रवाह की वजह से होता है। मधुमेह होने पर नसें और रक्त नलियां कमजोर हो जाती हैं। इससे आंतरिक रक्तस्राव और हैमरेज हो जाता है, जिससे हाथों पर लाल रंग के चकत्ते दिखने लगते हैं।

### रक्त संक्रमण या दिल की बीमारी के संकेत

भूरी या नीले रंग की उंगलियां खराब रक्तप्रवाह की निशानी है। इस बीमारी के कारण उंगली सुन्न भी हो सकती है। अगर उंगलियां मोटी होकर गोल रूप ले लें और बाहर की ओर मुड़ जाएं तो इस हालत को फेफड़ों या दिल की बीमारियों का संकेत समझा जा सकता है। नाखूनों के नीचे की त्वचा लाल हो जाए तो इसे स्पिलिंटर हैमरेज कहते हैं।

# दुनिया के खूबसूरत स्विमिंग पूल

**पूल** में नहाने के शौकीन हैं और अभी तक दुनिया के सबसे खूबसूरत स्विमिंग पूल के बारे में नहीं जानते। तो जानिए कौन से हैं वो पूल।

### मरीना बे सिंगापुर

सैंड्स होटल, सिंगापुर की इमारत 57 मंजिला है। इतनी ऊंची इमारत में 500 फीट बड़ा ये स्विमिंग पूल अपने आप में एक आश्चर्य है। यहां से सिंगापुर का विहंगम दृश्य देखने को मिलता है।

### कतिकीज होटल

सैंटोरिनी, ग्रीस में मौजूद ठंडे पानी के इस पूल का आनंद वहीं जानता है जिसने इसे महसूस किया है। यहां सन बाथ और खुली हवा में स्पा भी लिया जा सकता है। इस पूल से दिखने वाला दृश्य जादुई है।

### होटल करुसो

रैवेल्लो, इटली में अल्फामी तट की चोटी पर बने इस होटल में मौजूद स्विमिंग पूल गजब का सुंदर है। यह गर्म पानी का पूल है, जहां से इटली का नजारा देखते ही बनता है। इसमें तैराकी का एहसास ऐसा है कि आप आसामान और समुद्र के बीच में मौजूद हों।

### कैम्बिरियन स्विटजरलैंड

ऐडलबोडेन, स्विटजरलैंड में बर्फीली पहाड़ियों के बीच मौजूद इस पूल में गर्म पानी है। तैराकी करते वक्त यहां से दिखने वाले नजारे की कोई तुलना नहीं की जा सकती। सर्दियां हो या गर्मियां यहां मौजूद पहाड़ियों पर हमेशा बर्फ की चादर लिपटी रहती है। एक बार इसका आनंद लेने के बाद आपको बाहर आने का मन नहीं करेगा।

### यूबुड हैंगिंग गार्डन

बाली के बरसाती जंगल से घिरी चोटी पर बने इस पूल की कई खासियतें हैं। एक ये दो मंजिला है, दूसरा इसकी दीवारें ज्वालामुखी से निकली राख से बनी हैं। खूबसूरत नजारे और शांत माहौल के मामले में इस शानदार स्विमिंग पूल का जवाब नहीं।



### रीठी राह, मालदीव

**मालदीव में मौजूद ये खूबसूरत पूल वहां मौजूद 100 फीट गहरी झील में बना है। यहां के शांत पानी और माहौल में लोग आराम कर सकते हैं। यह अपने आप में करिश्मा है।**



### जेड माउंटेन

सेंट लूसिया में मौजूद हर 29 विलाओं में स्विमिंग पूल मौजूद हैं। यूनेस्को ने इसे हैरिटेज घोषित किया हुआ है। इन सभी स्विमिंग पूल को खास तरह की टाइल्स से बनाया गया है जो सभी को एक दूसरे से अलग बनती है।

## रेसिपी

### दही के चावल



#### सामग्री

चावल 1 कप, ताजा दही 2 कप मथ लीजिए, घी या तेल 1-2 टेबल स्पून, हरा धनिया 2-3 टेबल स्पून, हींग 1 चुटकी, जीरा आधा छोटी चम्मच, राई या काली सरसों, उरद की दाल आधा छोटी चम्मच, करी पत्ता 10-12, हरी मिर्च 2 बारीक कटी हुई, नमक स्वादानुसार

#### विधि

चावल साफ करके पहले से आधा घंटा पानी में भिगो दीजिए, कुकर में भीगे हुए चावल डालिए और 2.5 कप पानी डाल दीजिए, कुकर को बन्द कर दीजिए और 1 सीटी आने तक चावल को पकने दीजिए, गैस बन्द कर दीजिए, कुकर का प्रेशर खत्म होने के बाद कुकर खोलिए, चावल को किसी बड़े प्याले में निकाल लीजिए, पैन में घी डालकर गरम कीजिए, घी में राई, जीरा और उरद की दाल डाल दीजिए और लगातार चलाते हुए, उरद की दाल को ब्राउन होने तक सिकने दीजिए, करी पत्ता, हरी मिर्च और हींग डालिए, चावल में डालने के लिए तड़का तैयार है, चावल हल्के ठंडे हो जाने पर चावल में दही, नमक और हरा धनिया डालकर मिक्स कर दीजिए, तैयार तड़का डालिए और चावल में अच्छी तरह मिक्स होने तक मिक्स कर दीजिए।

### आम की आइसक्रीम



#### सामग्री

आम 2
दूध आधा लीटर
क्रीम 200 ग्राम
चीनी 100 ग्राम
कार्न फ्लोर 2 टेबल स्पून।

#### विधि

दूध को किसी भारी तले के बर्तन में डाल कर गरम करने रखिए, चौथाई कप दूध ठंडा ही प्याले में बचा लीजिए, दूध में उबाल आता है तब तक आम काट कर तैयार कर लीजिए, आम धोइए, छीलिए और सारा पल्प निकाल लीजिए, दो फांके अलग रख दीजिए, थोड़े छोटे छोटे टुकड़े काट कर अलग रख लीजिए, बची आम की फांके और चीनी को पीस कर प्यूरी बना लीजिए, ठंडे दूध में कार्न फ्लोर डालकर चिकना घोल बना लीजिए, दूध में उबाल आने के बाद, कार्न फ्लोर घुला दूध उबलते हुए दूध में मिलाइए और दूध को लगातार चलाते हुए 5-6 मिनट तक पकाइए, आइसक्रीम के लिए दूध तैयार है, गैस बन्द कर दीजिए, दूध को एकदम ठंडा कीजिए, आम की प्यूरी और क्रीम को मिला कर फेट लीजिए, कार्न फ्लोर मिक्स ठंडा दूध भी प्यूरी में डालिए और एक बार अच्छी तरह फेट लीजिए, आम के छोटे टुकड़े भी मिश्रण में मिक्स कर दीजिए, मिश्रण को किसी एयरटाइट कन्टेनर में डालिए, कन्टेनर का ढक्कन लगाकर 6-7 घंटे के लिए फ्रीजर में रख दीजिए, ध्यान रखिए कि कन्टेनर एयरटाइट ही हो, आम की आइसक्रीम तैयार है, जब भी खानी हो, आइसक्रीम कन्टेनर को फ्रीजर से 5 मिनट पहले निकाल कर बाहर रख लीजिए।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**